भोपाल
मंगलवार, 9 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष-05
वर्ष : 12, अंक : 249
पृष्ठ : 16+8=24 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सातवें दिन भी इंडिगो का परिचालन संकट बरकरार, इंडिगो की 500 उड़ानें रद्द

# 827 करोड़ रिफंड, 4500 बैग भी लौटाए, राज्यसभा में विमानन मंत्री नायडू बोले- हम सख्त एक्शन लेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

परिचालन संकट से जूझ रही एयरलाइन इंडिगो ने सोमवार को 500 उड़ानें रद्द कर दीं और दिन भर में कुल 1802 उड़ानों के संचालन कर रही है। यह जानकारी नागर विमानन मंत्रालय ने दी है। मंत्रालय के बयान के अनुसार, मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को इंडिगो 138 घरेलू-विदेशी गंतव्यों के लिए 1802 उड़ानें संचालित कर रही है, जिनमें से 500 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

साथ ही 9000 बैगों में से 4 500 बैग यात्रियों को सौंपे जा चुके हैं और बाकी बैग भी अगले 36 घंटों में सौंपने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्रालय ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

**इंडिगो संकट पर तुरंत दखल देने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार**

**दिल्ली एयरपोर्ट प्रबंधन ने कहा कि घर से निकलने से पहले फ्लाइट का स्टेटस चेक जरूर करें**


एयरपोर्ट पर यात्रियों का सामान

### सीजेआई ने कहा- सरकार को ही ये मामला संभालने दें

सुप्रीम कोर्ट ने इंडिगो फ्लाइट से जुड़े संकट मामले में तुरंत दखल देने से इनकार कर दिया है। याचिका में इस मुद्दे को तुरंत सूचीबद्ध करने की मांग की गई थी। सीजेआई ने कहा कि हम समझते हैं कि लाखों लोग इस समस्या का सामना कर रहे हैं, लेकिन सरकार मामले को देख रही है, उन्हें ही इसे संभालने दें।

### एयर इंडिया कर रहा पायलटों की भर्ती

इधर, एयर इंडिया पायलटों की भर्ती कर रहा है। उसने एक हायरिंग विज्ञापन निकाला है, जिसमें कहा है कि आसमान की कोई सीमा नहीं है, यह तो बस शुरुआत है। कंपनी ने पायलटों को अप्लाई करने की अपील की है। टाटा ग्रुप ने अक्टूबर 2021 में यह एयरलाइन खरीदी थी।

खजुराहो में मोहन सरकार

# समीक्षा के दौरान सीएम ने मंत्रियों से दो साल का रिपोर्ट कार्ड मांगा


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने पिछले दो वर्ष में एमएसएमई की 31 प्रतिशत ग्रोथ पर दी बधाई

**मेट्रोपॉलिटन सिटी के दृष्टिगत विकसित औद्योगिक क्षेत्रों को उद्योग जगत के बीच करें प्रचारित**

**ग्वालियर में लगभग 2 लाख करोड़ निवेश वाली इकाइयों का इस माह के अंत तक होगा भूमिपूजन और शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुंदेलखंड के 6 जिले प्रदेश के बाकी जिलों की अपेक्षा कम सुविधाओं वाले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संभवतः इसी के मद्देनजर खजुराहो में दो दिनों तक विभागीय समीक्षा के साथ ही कैबिनेट में मंथन कर रहे हैं। सोमवार को पहले दिन 6 विभागों की समीक्षा की। इसके जरिए उन्होंने प्रदेश के विकास का खाका तैयार किए, साथ में जिन विभागों में प्रगति अपेक्षित नहीं दिखी उन पर नाराजगी जताई। उन्होंने कुछ मंत्रियों से सवाल-जवाब भी किया। उन्होंने पूछा कि दो वर्ष का समय ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आपकी हमसफर
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### हाई वोल्टेज लाइन से टकराया ट्रेनर विमान



**सिवनी।** सुकतरा में सोमवार देर शाम रेड बर्ड एविएशन का एक ट्रेनर एयरक्राफ्ट उड़ान अभ्यास के दौरान आमगांव से पुतलाई के बीच 33 केवी हाई वोल्टेज बिजली लाइन से टकरा गया। इसके बाद तेज धमाके के साथ विद्युत प्रवाह अवरुद्ध हो गया। प्रशिक्षु पायलट सहित एक अन्य घायल है।

### सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम की जमानत बरकरार रखी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से रेप मामले में आसाराम को मिली जमानत को बरकरार रखने का फैसला दिया है। यानी राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा दी गई छह महीने की जमानत जारी रहेगी। अदालत ने कहा कि वह इस जमानत को रद्द करने की मांग पर दखल नहीं देगी।

### दो बाइकों की भिड़ंत में चार युवकों की मौत



**सागर।** सागर से कानपुर जाने वाले हाईवे पर सोमवार रात ग्राम रुरावन के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भीषण टक्कर में चार बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लोकसभा में 'वंदे मातरम' पर बहस पर हुई तीखी बहस


# पीएम मोदी ने जिन्ना-नेहरू का नाम लिया कहा- कांग्रेस ने वंदे मातरम के टुकड़े किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे के भाषण में कहा, वंदे मातरम अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था।

पीएम ने कहा, उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी। पीएम मोदी ने एक घंटे में वंदे मातरम 121 बार, देश 50, भारत 35, अंग्रेज 34, बंगाल 17, कांग्रेस का 13 बार जिक्र किया। उन्होंने वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का नाम 10 बार, नेहरू 7 बार, महात्मा गांधी 6 बार, मुस्लिम लीग 5 बार, जिन्ना 3 ▶▶ शेष पेज 6 पर

पीएम मोदी ने अपने एक घंटे के भाषण में 13 बार कांग्रेस का नाम लिया, जबकि 3 बार जिन्ना का


नरेंद्र मोदी


प्रियंका गांधी

प्रियंका गांधी ने दिया जवाब कहा-जितने साल से मोदी पीएम हैं उतने साल नेहरु ने जेल में बिताए

### नेहरू ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेके

जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाब देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी। नेहरू ने 5 दिन बाद नेताजी को चिट्ठी लिखी। उसमें जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए लिखा कि वंदे मातरम की आनंदमठ वाली पृष्ठभूमि से मुसलमानों को चोट पहुंच सकती है। वे लिखते हैं- ये जो बैकग्राउंड है, इससे मुस्लिम भड़केंगे। कांग्रेस का बयान आया कि 26 अक्टूबर को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें वंदे मातरम के उपयोग की समीक्षा होगी। इस प्रस्ताव के खिलाफ लोगों ने देश भर में प्रभात ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी के भाषण की खास बातें

**▶▶ वंदे मातरम का स्मरण इस सदन का सौभाग्य**
जिस मंत्र ने, जिस जयघोष ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य है। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

**▶▶ सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका**
जब वंदे मातरम के 50 वर्ष पूरे हुए थे, तब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जब इसके 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल के अंधेरे में था। आज जब इसके 150 वर्ष हो रहे हैं, तो भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है औरआगे बढ़ रहा है।

**▶▶ 1906 का एक किस्सा सुनाया**
वंदे मातरम से जुड़ा किस्सा सुनाते हुए कहा- 20 मई 1906 को बारीसाल (अब बांग्लादेश में है) में वंदे मातरम जुलूस निकाला, जिसमें 10 हजार से ज यादा लोग सड़कों पर उतरे थे। इसमें हिंदू और मुस्लिम समेत सभी धर्म और जातियों के लोगों ने वंदे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### प्रियंका बोलीं-मोदी जी अब वह पीएम नहीं रहे जो पहले थे

लोकसभा में सोमवार को वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर जारी चर्चा में प्रियंका गांधी ने सवाल पूछा कि ये गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है। 75 सालों से लोगों के दिल में बसा है। फिर आज इस पर बहस क्यों हो रही है? मैं बताती हूं- क्योंकि बंगाल का चुनाव आ रहा। मोदी जी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### संसद में वंदे मातरम पर चर्चा की मूल वजह

- ▶▶ राष्ट्रीय भावना और एकता का संदेश देने की कोशिश
- ▶▶ बंगाल चुनाव से जुड़ा राजनीतिक संकेत भी
- ▶▶ 1937 में वंदे मातरम के हिस्से को हटाने की बहस को सामने रखना

पन्ना नेशनल पार्क में नई वीविंग कैंटर बसें हुई शुरू

# मुख्यमंत्री ने 10 कैंटर नई बसों को दिखाई हरी झंडी

अब एक साथ 19 पर्यटक ले सकेंगे जंगल सफारी का आनंद


मुख्यमंत्री बसों को हरी झंडी दिखाते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार सुबह पन्ना नेशनल पार्क के मडला गेट से 10 नई वीविंग कैंटर बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अब इन बसों के जरिए पर्यटक जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव और अधिक सुविधाजनक तरीके से ले सकेंगे। इस कैंटर बसों में एक साथ 19 पर्यटक जंगल सफारी का आनंद ले सकेंगे। मप्र पर्यटन विकास निगम ने पर्यटकों को एक और सौगात देते हुए प्रदेश के विभिन्न राष्ट्रीय उद्यानों में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की दिशा में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ऑनलाइन बुकिंग न होने पर पर्यटकों को मिलेगी पार्क राउंड की सुविधा

10 नई वीविंग कैंटर बसों के संचालन से उन पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। ऑनलाइन बुकिंग न होने पर भी जंगल सफारी के आनंद और अनुभव से वंचित नहीं होंगे। ऑनलाइन स्लॉट जल्दी भर जाने से पर्यटकों को नेशनल पार्क पहुंचकर भी सफारी से वंचित होने जैसी असुविधा अब नहीं होगी।
▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

### कैबिनेट की बैठक आज, लाड़ली बहनों के खाते में राशि होगा ट्रांसफर

मुख्यमंत्री मंगलवार को छतरपुर जिले के राजनगर में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल होंगे। इसमें प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में दिसंबर महीने की 1500-1500 रुपए की राशि ट्रांसफर करेंगे। इससे पहले खजुराहो में कैबिनेट की बैठक में जनता के जुड़े अनेकों मुद्दों को मंजूरी देंगे। बैठक में भोपाल से विदिशा रोड को फोरलेन बनाने समेत अन्य कार्यों को मंजूरी दी जाएगी। उधर, सीएम ने सोमवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, वाणिज्यिक कर, पशुपालन, नगरीय विकास, औद्योगिक नीति, एमएसएमई जैसे विभागों की समीक्षा की।

महिदपुर कन्या छात्रावास में हड़कंप

### 15 छात्राओं की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन


■ धुएं और गैस से आंखों में जलन बढ़ी तकलीफ

महिदपुर के कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास में रविवार रात अचानक हड़कंप मच गया। छात्रावास के कमरों में रह रही छात्राओं ने बताया कि बाहर दशहरा मैदान की ओर से किसी वाहन से धुएं जैसी तेज गैस फैलने लगी, जो कुछ ही मिनटों में हॉस्टल के कमरों तक पहुंच गई। इस धुए के संपर्क में आने के बाद कई छात्राओं की आंखों में जलन और ▶▶ शेष पेज 6 पर

टीकमगढ़ में किसान की मौत

### खाद के आगे हारी जिंदगी मृतक 3 दिन से था परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़


■ शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में कॉर्डियक अटैक के संकेत

जिले में खाद के लिए लाइन में खड़े एक किसान की मौत का मामला सामने आया है। कारी बजरुआ गांव निवासी 50 वर्षीय जमुना कुशवाहा सोमवार सुबह टीकमगढ़ तहसील स्थित बडौरा घाट वितरण केंद्र पर यूरिया खाद लेने गए थे, जहां उन्हें चक्कर और उल्टियां आने लगीं। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

आयशर ट्रक-बाइक की भिड़ंत

### हादसे में मां-बेटे की मौत पत्नी गंभीर, भोपाल रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बेगमगंज


■ जनाजे में शामिल होने बाइक से जा रहे थे

जिले के बेगमगंज में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक आयशर ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार मां बेटे और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सिविल अस्पताल बेगमगंज पहुंचाया गया। यहां बेटे ने दम तोड़ दिया, वहीं जिला अस्पताल लाते समय मां की भी मौत हो गई। पत्नी गंभीर रूप से ▶▶ शेष पेज 6 पर

मंडला में आखिरी मॉर्निंग वॉक का वीडियो

# अफसर को कार ने उड़ाया कैमरे में कैद खतरनाक मंजर

आधे घंटे तक सड़क के किनारे तड़पते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला


सीसीटीवी फुटेज

जिले के बड़ी खैरी ग्राम में मॉर्निंग वॉक पर निकले 'जन अभियान परिषद' के अफसर अनिल मेहरा को एक तेज रफ्तार कार ने हवा में उछाल दिया। सड़क पर फैले कोहरे और कुछ ही सेकंड में घटा यह हादसा न सिर्फ कैमरे में कैद हो गया, बल्कि एक परिवार की दुनिया भी उजाड़ गया। हादसा 5 दिसंबर की सुबह करीब 7 बजे डिंडौरी रोड स्थित योगिराज अस्पताल के पास हुआ। घटना का ▶▶ शेष पेज 6 पर

पटना में हिट एंड रन केस

### बेकाबू कार ने 6 लोगों को रौंदा घटना में एक बुजुर्ग की मौत


तेज रफ्तार कार

**पटना।** पटना में एक बेकाबू कार ने 6 लोगों को रौंद दिया। इस घटना के दौरान एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर घायल हैं। मृतक की पहचान चांसी राय के नाम से हुई है। उसकी उम्र 60 साल बताई जा रही है। यह घटना ▶▶ शेष पेज 6 पर

12 दिसंबर तक शीतलहर-कोल्ड-डे, फिर राहत के बादल छाएंगे

# पांच जिलों में रात का पारा 4 से 6 डिग्री के बीच, बर्फीली हवाओं में घुली गलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कई जिलों में दिसंबर में लगातार तीसरे दिन सोमवार को कोल्ड वेव का प्रभाव रहा। नरसिंहपुर, खरगौन और खंडवा में कोल्ड डे जैस हालात रहे। यहां दिन का पारा सामान्य से औसतन 4 डिग्री डिग्री तक कम रहा है।

भोपाल में दिन के पारे में 1.4 डिग्री की बढ़त रही। पारा 27 डिग्री रहा। रात का तापमान दशमलव दो डिग्री बढ़कर 7.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5 डिग्री कम ▶▶ शेष पेज 6 पर

अभी पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान के आसपास सक्रिय


कोहरे की आगोश में पचमढ़ी, इनसेट में विदिशा में घास पर जमीं ओस की बूंदें

### अभी पाकिस्तान के पास सिस्टम

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी डब्ल्यूडी साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में उत्तरी पाकिस्तान के पास है। पूर्वी भारत में 12 किमी की ऊंचाई पर जेट स्ट्रीम भी है, जिसकी ▶▶ शेष पेज 6 पर

प्राइवेट पार्ट पकड़ना रेप नहीं... कहने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को खारिज किया

# सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से कहा- ऐसी भाषा न बोलें जो पीड़िता को डरा दे, नई गाइडलाइन बनाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस विवादित फैसले पर बेहद सख्त टिप्पणी की, जिसमें कहा गया था कि 'पायजामा का नाड़ा तोड़ना और स्तनों को पकड़ना रेप के प्रयास के आरोप के लिए पर्याप्त नहीं है।

सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने रेप और यौन अपराध के मामलों में दिए जा रहे विवादित और महिला-विरोधी आदेशों पर गंभीर चिंता जताई। ऐसी टिप्पणियां पीड़ित पर चीलिंग इफेक्ट यानी भयावह प्रभाव डालती हैं। कई बार शिकायत वापस लेने जैसा दबाव भी पैदा करती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित आदेश पर रोक जारी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस विवादित आदेश पर लगी रोक को जारी रखा है, जिसमें कहा गया था कि एक नाबालिग का सीना पकड़ने और पायजामे का नाड़ा तोड़ने जैसी हरकत को 'रेप की कोशिश' मानने के लिए पर्याप्त तथ्य नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर पहले ही स्वतः संज्ञान ले चुका है और अब सभी ऐसे विवादित आदेशों का रिकॉर्ड भी मांग लिया है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील शोभा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक अन्य मामले में यह ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जनवरी 2022 का मामला

यूपी के कासगंज की एक महिला ने 2022 को कोर्ट में एक शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था लगाया कि वह अपनी बेटी के साथ कासगंज के पटियाली में देवरानी के घर गई थी। शाम को लौटते समय तीन लोगों ने अपनी बाइक पर बैठाकर घर छोड़ने की बात कही। मां ने उस पर भरोसा करते हुए बाइक पर बैठा दिया, रास्ते में पवन और आकाश ने लड़की के प्राइवेट पार्ट को पकड़ लिया। जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, तो अदालत का रुख किया।

### परिवार में है पिता, मां और एक छोटा भाई, पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट

तलैया थाना क्षेत्र स्थित खटीकपुरा की घटना

# सातवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र स्थित खटीकपुरा में सोमवार दोपहर सातवीं के छात्र ने घर में फांसी ली। सोमवार दोपहर को वह मां से कपड़े बदलने का बोलकर छत पर गया था, देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो मां ने ऊपर जाकर देखा। वहां छात्र फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। तलैया पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।



पुलिस के अनुसार 15 वर्षीय अयान पुत्र अरमान सातवीं कक्षा का छात्र था। परिवार में उसके पिता, मां और एक छोटा भाई है, पिता मजदूरी करते हैं। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सोमवार वह स्कूल नहीं गया था। उसे परिवार के साथ किसी कार्यक्रम में जाना था। दोपहर करीब 12 बजे वह मां से कपड़े बदलने का बोलकर दूसरे फ्लोर पर चला गया। काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा, मां ने उसे नीचे आवाजे दी, कोई प्रतिक्रिया न आने पर वह ऊपर देखने पहुंची। मां ने देखा की अयान फंदे पर लटका हुआ था, मां के शोर मचाने पर स्वजन और पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है न ही परिजन के बयान दर्ज हो सके हैं।

सोमवार को स्कूल में था पेपर, इससे पहले ही लगा ली फांसी

## मिसरोद के दीपड़ी गांव में आठवीं कक्षा की छात्रा ने लगाई फांसी

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित गांव दीपड़ी में चौदह साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार पूजा लोधी पिता नारायण लोधी (14) गांव दीपड़ी, मिसरोद में रहती थी और आठवीं कक्षा में पढ़ती थीं। उसके परिवार में तीन भाई बहन और माता-पिता हैं। पिता की गांव में खेती है और वह किसानी करते हैं। पूजा की मां रिश्तेदारी में गंजबासौदा गई हुई है। सोमवार सुबह पिता और परिवार के सदस्य खेत पर काम करने चले गए। पूजा की छमाही परीक्षा थी। उसे स्कूल जाना था, लेकिन वह स्कूल नहीं गई। सुबह करीब साढ़े 9 बजे खेत से घर लौटे पिता ने उसे फांसी के फंदे पर लटके देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस और एफएसएल की टीम ने पूजा की तलाशी ली, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि परिजन अभी शोकाकुल है कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। प्राथमिक पूछताछ में भी वह आत्महत्या की वजह नहीं बता सके हैं। अनुमान है कि परीक्षा के दबाव में उसने यह कदम उठाया है।

## रात में खाना खाकर सोया युवक, सुबह फांसी के फंदे पर लटकी मिली लाश

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित इंडस टाउन फेस फाइव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि रात में दुकान से लौटकर उसने खाना खाया और अपने कमरे में सोने के लिए चला गया था। सुबह उसकी लाश परिजन ने फांसी के फंदे पर लटकी देखी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया था। पुलिस को कमरे और मृतक की तलाशी में सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार अनुज कुमार मिश्रा पिता देवेंद्र कुमार मिश्रा (31) इंडस टाउन फेस-5 में मकान नंबर यूजी 25 में रहता था। उसके परिवार में माता-पिता और एक अन्य भाई है। भाई इंदौर में रहकर जॉब करता है। एक महीने पहले ही अनुज कुमार ने गर्म कपड़ों का व्यवसाय शुरू किया था। वह आसिमा मॉल के सामने कपड़े की दुकान लगाता था। परिजन ने बताया कि रविवार रात वह दुकान से घर लौटा था। उसने खाना खाया और अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह 11 बज गए, लेकिन वह सोकर नहीं उठा।

कमरे के बाहर पहुंचकर मां ने उसे आवाज दी, लेकिन अंदर से भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद खिड़की से झांककर देखा गया। इस दौरान अनुज फांसी के फंदे पर लटका नजर आया।

## उज्जैन व नीमच में 18 लाख के नकली नोट बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन एवं नीमच पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 18 लाख रुपए के नकली नोट जब्त करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना चिमनगंज मंडी एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने कार्रवाई कर दो आरोपियों हिमांशु उर्फ चीनू गौसर निवासी गौघाट रेलवे कॉलोनी उज्जैन तथा दीपेश चौहान निवासी शिवगंगा सिटी, उज्जैन को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 17 लाख 50 हजार रुपए के नकली 500 के नोट बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम ने राजरायल कॉलोनी और पांड्याखेड़ी ब्रिज क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा।

### 10 लाख रुपए नकली नोट के बदले 1 लाख रुपए के असली नोटों का सौदा

आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे इंदौर में अरविन्दो अस्पताल के सामने स्थित श्री गंगा विहार कॉलोनी के एक फ्लैट में अपने साथी राजेश पिता टेकचंद बरबटे के साथ मिलकर नकली नोटों की छपाई करते थे। वह 10 लाख रुपए नकली नोट के बदले 1 लाख रुपए असली नोट का सौदा किया करते थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने इंदौर स्थित फ्लैट पर दबिश दी। तलाशी में नोट प्रिंटिंग मशीन, हाई-सिक्योरिटी पेपर, सुरक्षा धागा, प्रिंटिंग केमिकल, कटर मशीन तथा बड़ी मात्रा में अधपकी एवं तैयार नकली नोट शीटें बरामद की गईं। फ्लैट को पूरी तरह एक मिनी प्रिंटिंग यूनिट के रूप में तैयार किया गया था।



जब्त नकली नोट।

### नीमच पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक नीमच अंकित जायसवाल के निर्देशन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पासिंह चौहान के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में 500 रुपए के नोटों के 50 हजार रुपए मूल्य के नकली नोट जब्त कर आरोपी ईश्वर पिता वर्दीचंद खारोल निवासी ग्राम सरजना को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी सुनिल पिता श्यामदास बैरागी निवासी ग्राम सरजना के साथ मिलकर नकली नोट छापे थे।

## लाइब्रेरी के बंद इंटरनेट को महापौर ने अपने ही सामने करवाया चालू

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने सोमवार को राजधानी के शिवाजी नगर स्थित पं. शीतल प्रसाद तिवारी पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें तकनीकी खराबी के कारण इंटरनेट बंद मिला। इसकी जानकारी मौजूद जिम्मेदारों से ली और मौके पर ही अपने सामने इंटरनेट चालू करवाया। उन्होंने पाठकों की सुविधा के लिए उपलब्ध पुस्तकों, कंप्यूटर्स, इंटरनेट वाईफाई आदि के संबंध के जानकारी ली और पाठकों से चर्चा की। उन्होंने लाइब्रेरी की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश दिए।

**महापौर राय ने पं. शीतल प्रसाद तिवारी पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण**

लाइब्रेरी में मौजूद पाठक व विद्यार्थियों से भी चर्चा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने लाइब्रेरी प्रबंधन को हिदायत दी कि इंटरनेट में खराबी आने पर उसे तुरंत सुधरवाया जाए। इस काम में लापरवाही नहीं करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। उन्होंने पाठकों और विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान कहा कि लाइब्रेरी में उन्हें कभी और जरूरत हो तो जरूर लाइब्रेरी प्रबंधन को सुझाव दें। उन्होंने अपनी ओर से आश्वास्त किया कि वे लाइब्रेरी को ओर बेहतर बनाने के लिए जो कदम होंगे उठाए जाएंगे।

## बासिया गांव में खेत पर बने टपरे में चौकीदार की हत्या

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित गांव बासिया में सोमवार सुबह खेत में बने टपरे में 55 साल के चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शरीर पर मिले चोट के निशान से अनुमान है कि किसी ने चौकीदार की हत्या की है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस हत्यारे की तलाश में जुटी है।

थाना प्रभारी उमेश चौहान ने बताया कि लीला गिरी (55) गांव बासिया में रहते थे और शाहिद अली के खेत पर बने टपरे में रहकर चौकीदारी करते थे। सोमवार सुबह करीब छह से सात बजे के आसपास उनकी लाश टपरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ी मिली। गांव अमझरा के पूर्व सरपंच की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। एफएसएल से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया था। पुलिस का कहना है कि शरीर पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। मृतक के पेट और छाती में धारदार हथियार से कट के निशान मिले हैं। चोट के निशान से प्रथम दृष्टया मामला हत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस खेत मालिक, परिजन और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। अभी आरोपी का सुराग नहीं लग सका है।

### पुलिस को पार्टी के बाद हत्या करने का अनुमान

पुलिस को टपरे से शराब की खाली बोतल और खाने पीने का सामान मिला है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि रात में टपरे में किसी ने पार्टी की थी और इसी दौरान हुए विवाद के बाद चौकीदार की हत्या कर दी गई। पुलिस ने गांव के तीन-चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

### अंततः सामान्य हुई इंडिगो एयरवेज़ की उड़ान सेवा, मात्र एक दिल्ली उड़ान कैंसिल

**संत नगर।** इंडिगो पर आए संकट लगभग समाप्ति की ओर है आज राजाभोज एयरपोर्ट पर इस संकट का कोई ख़ास असर नहीं दिखा। इंडिगो एयरवेज़ की मात्र एक मॉर्निंग दिल्ली उड़ान ही कैंसिल रही। एक उड़ान को छोड़कर शेष लगभग सभी उड़ानें सामान्य दिनों की तरह आवाज़ाही करती रही। भोपाल एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन धीरे-धीरे नॉर्मल हो रहा है। ज़्यादातर फ्लाइट्स दिन भर टाइम पर चल रही हैं। मालूम हो कि पिछले सात दिन से इंडिगो एयरलाइंस पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। कल रविवार को भी तीन उड़ानें भोपाल नहीं आ सकी थी। अब सोमवार से लगभग विमानों की आवाजाही सामान्य हो गई है, जिससे यात्रियों को काफ़ी राहत मिली है। अब यात्रियों को आसानी से उड़ानें मिलेगी।

◀ छोला मंदिर स्थित सबरी नगर, भानपुर में दो बदमाशों ने की वारदात, दोनों भाइयों को सिर और हाथ में लगा चाकू, मां का हाथ टूटा

## घर के सामने अलाव ताप रहे युवक पर चाकू से हमला, बीच-बचाव में मां और भाई से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सबरी नगर भानपुर में एक बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर मां और बेटों से मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार उमेदी गुर्जर पति हरि सिंह गुर्जर (45) सबरी नगर, भानपुर में रहती है। वह गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे वह अपने बेटे गोविंद के साथ घर के बाहर बैठकर अलाव ताप रही थी। इसी बीच वहां से मोहल्ले में रहने वाला रोहित उर्फ घोड़ा अपनी कार से निकला। कार से गोविंद को साइड से हल्की टक्कर लग गई। इस पर गोविंद और उमेदी गुर्जर ने उसे ठीक से कार चलाने का कहा तो मामूली बहस हुई। बहस के बाद रोहित अपने घर चला गया। उसने मोबाइल पर अपने दोस्त को विवाद की जानकारी देते हुए बुला लिया। कुछ ही देर बाद रोहित घर से चाकू लेकर उमेदी गुर्जर के घर के सामने पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। इसी बीच उसका साथी भी आ गया। दोनों ने गोविंद के साथ मारपीट शुरू कर दी। उमेदी गुर्जर बेटे का बीच बचाव करने लगी। शोर सुनकर अंदर से उमेदी बाई का दूसरा बेटा विजेंद्र भी पहुंच गया। तीनों मां बेटों ने रोहित उर्फ घोड़ा और उसके साथी का विरोध किया। इस पर आरोपियों ने डंडे और चाकू से मां बेटों के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में उमेदी बाई का हाथ टूटा है, जबकि जितेंद्र को हाथ में चाकू लगा है। चाकू लगने के कारण गोविंद को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उमेदी गुर्जर की शिकायत पर आरोपी रोहित उर्फ घोड़ा और उसके साथी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खुद खजुराहो में प्रेस कान्फ्रेंस में दी जानकारी, केंद्रीय मंत्री खट्टर करेंगे हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण

**प्रायोरिटी कॉरिडोर के स्टेशनों पर तेजी से पूरे किए जा रहे कार्य**

# भोपाल मेट्रो: इंतजार खत्म, 21 दिसंबर को होगा लोकार्पण

**मेट्रो प्रशासन तारीख बताने से दिन भर बचता रहा, देर शाम सीएम ने किया ऐलान**


*सीएमआरएस से मप्र मेट्रो को एनओसी मिलने के बाद से लगाए जा रहे थे कयास*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के लोगों को लंबे इंतजार के बाद मेट्रो के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। 21 दिसंबर को मेट्रो का लोकार्पण होगा। इसका ऐलान खुद मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को खजुराहो में पत्रकारों से बातचीत के दौरान किया। हालांकि मप्र मेट्रो प्रशासन दिनभर तारीख बताने से बचता रहा। मेट्रो प्रशासन सीएमआरएस से एनओसी मिलने के बाद से ही तैयारियों में जुट गया था। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भोपाल मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण करेंगे।

एमपी मेट्रो प्रबंधन ने शासन को लोकार्पण के लिए 13 दिसंबर की तारीख प्रस्तावित की थी। जिसके आधार पर प्रायोरिटी कारिडोर पर तैयारियां तेज कर दी गईं थीं। वर्तमान में 7.5 किलोमीटर लंबे प्रायोरिटी कारिडोर के आठों मेट्रो स्टेशनों पर अंतिम चरण के कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। स्टेशनों के नीचे, एस्केलेटर, सीढ़ियां और अन्य यात्री सुविधाओं वाले क्षेत्रों में लगातार लाइटों की टेस्टिंग की जा रही है। मेट्रो अधिकारी और मैदानी अमला दिनभर इन कामों की निगरानी में जुटा हुआ है।

### दिनभर निगरानी में लगा रहा मेट्रो का मैदानी अमला



मेट्रो अधिकारी और मैदानी अमला दिनभर मेट्रो के कामों की निगरानी में जुटा रहा। चित्र बोर्ड ऑफिस चौराहे पर बने स्टेशन का।

*सोमवार को मेट्रो प्रशासन दिनभर अपनी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त करने में जुटा रहा। अधिकांश मेट्रो स्टेशनों के एंट्री-एग्जिट तैयार कर लिए गए हैं। एमपी नगर मेट्रो स्टेशन के पास सुरक्षा कर्मियों ने भी विजिट की। केवी स्टेशन के नीचे रोड का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। यहां एकलेन बनकर तैयार हो चुकी है। इसी तरह सुभाष नगर में भी रोड निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। सभी स्टेशनों पर प्रवेश करने और बाहर निकलने के रास्ते तैयार हो गए हैं। प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए एस्केलेटर-लिफ्ट की टेस्टिंग अंतिम दौर में है।*

### स्टेशनों पर लगाए बोर्ड, स्टाफ किया तैनात

मेट्रो प्रशासन 10 दिसंबर तक सभी यात्री सुविधाओं को अंतिम रूप देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्टेशनों पर सुरक्षा एवं सावधानी से जुड़ी हिदायतों वाले बोर्ड लगाए जा रहे हैं और आवश्यक स्टाफ भी तैनात कर दिया गया है। अब तारीख तय होने के साथ ही अधूरे काम तेजी से पूरे किए जाएंगे।

### सीएमआरएस ने नवंबर में किया था तीन दिवसीय निरीक्षण

सीएमआरएस की टीम ने 13, 14 और 15 नवंबर को सुभाष नगर डिपो से लेकर ट्रैक और ट्रेन तक निरीक्षण किया था। कमिश्नर नीलाभ सेनगुप्ता के साथ टीम ने मेट्रो स्टेशनों के ट्रैक, नट-बोल्ट आदि चैक किए थे। यात्री सुविधाओं की भी जांच-परख की गई थी। टीम के वापस दिल्ली लौटने के बाद भोपाल में मेट्रो के संचालन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था।

### *एम्स के पास एक हेक्टेयर भूमि पर बनेगी पार्किंग, दो-तीन लोकेशन पर ही होगी व्यवस्था*

पार्किंग की व्यवस्था को मजबूत बनाने में भी मेट्रो प्रशासन जुट गया है। मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर में दो या तीन लोकेशन पर पार्किंग की व्यवस्था होगी। एम्स, आरकेएमपी और सुभाष नगर में पार्किंग की व्यवस्था होगी, जबकि एमपी नगर में जरूरत पड़ने पर डीबी माल के पास खाली भूमि का उपयोग करने का विकल्प रिजर्व रखा गया है। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि सभी स्टेशनों पर पार्किंग की जरूरत नहीं है। जिस तरह से दिल्ली में मेट्रो का संचालन हो रहा है उसी तर्ज पर भोपाल में भी होगा। हर स्टेशन पर पार्किंग की जरूरत नहीं है, लेकिन इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि जरूरत पड़े तो जरूरी कदम उठाए जा सकें।



बीते कुछ दिनों से मेट्रो के ट्रायल रन में तेजी आ गई है। चित्र सुभाष नगर स्टेशन के पास का।

### निगम के नए मुख्यालय का भी करेंगे लोकार्पण

मेट्रो के लोकार्पण के साथ ही केंद्रीय मंत्री मंत्री श्री खट्टर 44 करोड़ रुपए की लागत से तुलसी नगर सेकंड स्टाप पर बने भोपाल नगर निगम के नए मुख्यालय भवन सहित कई अन्य विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे।

## *भोपाल मेट्रो: 2009 में देखा सपना, अब होगा साकार*

## *एम्स से सुभाष नगर तक जाना होगा आसान*

राजधानी के लोग जिस सपने के साकार होने का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे । वह सपना 21 दिसंबर को पूरा होने जा रहा है। करीब 16 साल पहले वर्ष 2009 में राजधानी में मेट्रो को चलाने की कल्पना की गई थी। इसके बाद परियोजना की घोषणा हुई। लंबी प्लानिंग के बाद 2016 में डीपीआर बनी और वर्ष 2018 में पहला वर्क आर्डर हुआ और कई उतार-चढ़ाव के बाद भोपाल मेट्रो के चलने का आखिरकार सपना साकार हो रहा है। भोपाल मेट्रो का 21 दिसंबर 2025 को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने एक्स हैंडल पर भोपाल मेट्रो के लोकार्पण की घोषणा कर दी है। ऑरेंज लाइन के एम्स से सुभाष नगर प्रायोरिटी कारिडोर का लोकार्पण किया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम संभवत सुभाष नगर मेट्रो डिपो में आयोजित होगा।

### कोविड 19 समेत कई उतार-चढ़ाव से होकर निकली भोपाल मेट्रो

#### प्रायोरिटी कॉरिडोर के मेट्रो स्टेशन

- एम्स अस्पताल
- अलकापुरी
- डीआरएम आफिस
- रानी कमला पति रेलवे स्टेशन
- एमपी नगर
- बोर्ड आफिस चौराहा
- केंद्रीय विद्यालय
- सुभाष नगर

#### जानें अपनी मेट्रो के बारे में

- ऑरेंज लाइन
- 30.95 किलोमीटर कुल लंबाई
- 30 मेट्रो स्टेशन
- प्रायोरिटी कारिडोर - एम्स से सुभाष नगर
- 7.5 किलोमीटर का प्रायोरिटी कारिडोर
- 08 मेट्रो स्टेशन

#### ट्रेन सेट की संख्या (रोलिंग स्टाक)

- ऑरेंज लाइन - 14
- ब्लू लाइन - 13
- तीन कार ट्रेन सेट के साथ प्रारंभिक संचालन
- भविष्य में छह कार ट्रेन सेट संचालित किए जाएंगे

#### सीएमआरएस की 3 बार की जांच

कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम ने भोपाल मेट्रो के प्राथमिकता कारिडोर (सुभाष नगर से एम्स) का तीन बार जांच की। जिसमें नवंबर 2025 में 12 से 15 तारीख तक अंतिम निरीक्षण किया। जिसमें डिपो, ट्रैक, सिग्नलिंग, ट्रेन और सभी स्टेशनों की बारीकी से जांच की गई और इसके बाद कमर्शियल संचालन के लिए ओके टू रन रिपोर्ट ( ग्रीन सिग्नल ) दे दी है।

#### यह खूबियां हैं हमारी मेट्रो में

- 07 लाख प्रतिदिन परिवहन क्षमता
- 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार
- दो स्तरीय स्टेशन -कानकोर्स और प्लेटफार्म स्तर
- यात्रियों के लिए सीढ़ी, लिफ्ट, एस्केलेटर
- विश्वस्तरीय संचालन ग्रेड 4
- भविष्य में हर पांच मिनट के अंतराल पर ट्रेन चलाने की क्षमता
- एआइ सीसीटीवी
- कोच 22 मीटर लंबा और 2.9 मीटर चौड़ा
- वजन लगभग 42 टन
- सभी कोच वातानुकूलित
- बिजली के तारों के जाल से शहर को मुक्ति
- अत्याधुनिक अग्निशमन प्रणाली
- कोच में स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम
- नेशनल कामन मोबिलिटी कार्ड पर स्वचलित टिकटिंग
- दिव्यांग व्यक्तियों के लिए स्वचलित दरवाजे
- स्टेशन पर शौचालय आदि की सुविधा
- स्टेशन पर कस्टमर केयर सेंटर

#### *2023 में हुआ था भोपाल मेट्रो का पहली बार ट्रायल रन*

आरेंज लाइन के पहले चरण में एम्स से सुभाष नगर कहे जाने वाले प्रायोरिटी कारिडोर का अक्टूबर 2023 में पहला ट्रायल रन हुआ था। इसके बाद दूसरा ट्रायल रन 18 सितंबर 2024 को हुआ। 2025 में कई ट्रायल रन हुए, जिसमें सितंबर 2024 का ट्रायल रन सबसे महत्वपूर्ण था।

#### कोविड 19 से मेट्रो के काम पर लगा था ब्रेक, 2021 से शुरुआत

कोविड-19 (कोरोना) के कारण भोपाल मेट्रो के काम पर ब्रेक लगा था। जिससे परियोजना में देरी हुई। वर्ष 2021 से प्रोजेक्ट के काम में तेजी लाई गई, लेकिन तय समय सीमा 2023 में प्रोजेक्ट का काम पूरा नहीं हुआ।

# भोपाल में एसआईआर का काम पूरा, छह लाख मतदाताओं की दोबारा से चैकिंग

## 14 लाख 89 हजार 421 का मिला लिंक, 2 लाख 28 हजार 387 वोटर्स की सर्चिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले की सात विधानसभाओं में 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं पर किए गए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में 17 लाख 17 हजार 808 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है, जबकि 4 लाख 8 हजार 106 मतदाता एबसेंट, शिफ्टेड, डबल और मृतक केटगरी में दर्ज किए गए हैं। अब इन मतदाताओं के नाम काट दिए जाएंगे।

जिन 2 लाख 28 हजार 387 वोटर्स, उनके माता-पिता और दादा-दादी के नाम वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नहीं मिले हैं, उनको नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगे जाएंगे। जिसके लिए 50 दिन का समय दिया गया है।

*माता-पिता, दादा-दादी का लिंक तलाश रहे बीएलओ, आईटी एक्सपर्ट की टीम*

*जिले की सातों विस में 17 लाख 17 हजार 808 वोटर्स का डिजिटाइजेशन हुआ पूरा*

### गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा क्षेत्र में कटेंगे सबसे ज्यादा नाम



वल्लभ भवन परिसर में एसआईआर का कार्य करती महिला बीएलओ।

एसआईआर के काम में सबसे ज्यादा नाम गोविंदपुरा विधानसभा में काटे जाएंगे। यहां पर मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन में ही 99 हजार 239 नाम काट दिए जाएंगे। इसके साथ 47 हजार 264 को नोटिस देकर दस्तावेज देना पड़ेंगे। इधर जिले में हुजूर विस सबसे ज्यादा मतदाताओं वाली विधानसभा बन जाएगी। यहां 73 हजार 568 मतदाताओं के नाम काटे जाएंगे। जबकि 34 हजार 647 मतदाताओं की यहां मैपिंग नहीं होने से नोटिस भेजे जाने हैं।

### दस दिसंबर तक पोलिंग बूथों पर बैठेंगे बीएलओ

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम के दौरान दस दिसंबर तक सभी बीएलओ अपने-अपने पोलिंग बूथों पर बैठकर मृत, शिफ्टेड, डबल एंट्री और एबसेंट वाले मतदाताओं की जानकारी लेंगे। इसके लिए राजनैतिक दलों के बीएलए से भी मदद ली जाएगी। जिसके बाद 11 दिसंबर को गणना पत्रक जमा करने का काम बंद कर दिया जाएगा। सोलह दिसंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट रोल जारी करने के साथ नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस भेजने का काम शुरु कर दिया जाएगा। जिसके लिए 50 दिन का समय दिया गया है। अकेले राजधानी में ही ऐसे 2 लाख से अधिक मतदाताओं को नोटिस किए जाने हैं। जबकि चार लाख से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाएंगे।

### सबसे ज्यादा नो मेपिंग नरेला विधानसभा में

सबसे ज्यादा नो मेपिंग नरेला विधानसभा से है। यहां पर 55 हजार 384 यानी, 15.61 प्रतिशत वोटर्स को इस दायरे में रखा गया है। सबसे कम बैरसिया में सिर्फ 3 हजार 419 वोटर्स हैं, जो 1.35 प्रतिशत है। उत्तर में 26 हजार 965, भोपाल दक्षिण-पश्चिम में 32 हजार 818, भोपाल मध्य में 27 हजार 890, गोविंदपुरा में 47 हजार 264 और हुजूर विधानसभा में 34 हजार 647 वोटर्स है। इस तरह 2 लाख 28 हजार 387 वोटर्स नो मेपिंग में शामिल हैं।

### दस्तावेज देने मिलेंगे 50 दिन, अफसर करेंगे मदद

जिन वोटर्स के फार्म नो मेपिंग के दायरे में हैं, उन्हें 50 दिन मिलेंगे। वे इस अवधि में अपने दस्तावेज जमा करवा सकते हैं। इसलिए वास्तविक मतदाताओं को डरने की जरूरत नहीं है। अधिकारी भी उनकी मदद करेंगे। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं की दोबारा से री चैकिंग कराई जा रही है, जिससे कम से कम लोगों को नोटिस दिए जाएं।

### एक पते पर 108 वोटर्स, मौके पर 4 मिले



*केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर राजधानी में किए गए एसआईआर अभियान के दौरान गंभीर गड़बड़ियों की शिकायत उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्रमाण के साथ की गई है। नरेला विधानसभा क्षेत्र में एक ही एड्रेस पर 108 वोटर के नाम जुड़े होने एवं मौके पर बूथ लेवल अधिकारी के पहुंचने पर सिर्फ चार मतदाताओं के मिलने जैसे प्रकरण में भी सभी मतदाताओं का वेरिफिकेशन कंप्लीट दिखाया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला द्वारा दी गई सूची का अध्ययन करने के बाद कहा कि इसमें संशोधन करवा कर ही फाइनल रिपोर्ट तैयार होगी।*

**16 से लिए जाएंगे फॉर्म 6 के जरिए नए आवेदन**

*ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी 2026 को अठारह साल पूरी हो रही है। वह फार्म-6 भरकर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ऐसे मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं था, वह भी आवेदन कर सकेंगे। पता परिवर्तन और नाम संशोधन वाले मतदाता भी 16 दिसंबर से आवेदन कर सकेंगे।*

**डिस्ट्रिक्ट जीआईएस प्रोजेक्ट की बैठक**

## सरकारी इमारतों की होगी जियो टैगिंग आंगनबाड़ी और स्कूल होंगे दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में आंगनबाड़ी, स्कूल, अस्पताल, पंचायत भवन सहित अन्य सरकारी इमारतों की जियो टैगिंग की जाएगी। जिसके तहत जीआईएस प्रोजेक्ट के तहत इन इमारतों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज होगी। ऐसे में अफसरों को ऑनलाइन पता चल सकेगा कि सरकारी दफ्तर कहां-कहां हैं। सोमवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने डिस्ट्रिक्ट जीआईएस पोर्टल को लेकर बैठक रखी गई।

बैठक के दौरान परख पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी, संयुक्त आयुक्त विनोद यादव, सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर एमपीएसईडीसी राकेश दुबे सहित संभागीय अधिकारी मौजूद थे।






**निगम के फायर सेक्शन को नहीं मिली सूचना**

## सतपुड़ा भवन के जंगल क्षेत्र में बांस में लगी आग का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के सतपुडा भवन के पास जंगल क्षेत्र में सोमवार को बांस में आग लगने का वीडियो वायरल हुआ। इसमें बडी संख्या में बांस के पेड़ों में आग लगी नजर आ रही है, लेकिन इस तरह की कोई सूचना नगर निगम के फायर सेक्शन को नहीं मिली।

निगम के फायरकर्मियों ने बताया कि भानपुर और अन्ना नगर इलाके



में झाडियों में आग लगने की सूचना निगम के फायर स्टेशन को जरूर मिली थी और मौके पर तुरंत दमकलें भेजी गईं। इसके बाद आग पर काबू पा लिया गया।

**मेट्रो रूट के 9 वार्डों में भी रिवाइज होंगे प्रॉपर्टी के रेट**

## कान्हासैया, जाटखेड़ी, लांबाखेड़ा-बैरसिया रोड, नीलबड़ पर तीन गुना रेट में बिकी प्रॉपर्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी की प्रॉपर्टी के पिछली बार रिकार्ड तोड़ दाम बढ़ाने के बाद पंजीयन विभाग एक अप्रैल से लागू होने वाली नई कलेक्टर गाइडलाइन को लेकर नया प्रस्ताव तैयार कर रहा है। जिसके लिए आर्टिफिशल इंटेलीजेंस से रिकार्ड जुटाया जा रहा है। अप्रैल से नवंबर माह तक निकाले गए डेटा से पता चला है कि कांहासैया, नीलबड़, जाटखेड़ी, कजलीखेड़ा, लांबाखेड़ा-बैरसिया रोड की तरफ की गई पड़ताल के बाद कुछ लोकेशन पर तीन गुना दर पर भी रजिस्ट्री होना सामने आया है। यहां दो दर्जन से ज्यादा कॉलोनी पिछले कुछ माह में काटी गईं हैं, जिनमें रजिस्ट्री हो रही हैं। ऐसे में यहां की लोकेशनों को भी नई गाइडलाइन के प्रस्ताव में शामिल किया जाएगा।

### नई गाइड लाइन के लिए नए सिरे से होगा सर्वे



एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन में इस बार जमीनों के रेट बढ़ाने के प्रस्ताव में मेट्रो के रूट का खास ध्यान रखा जा रहा है। सर्वे करने से पहले नौ वार्डों में फैले मेट्रो के एम्स से करोंद तक के रूट पर प्रॉपर्टी रेट बढ़ाने के लिए नए सिरे से सर्वे होगा। जिससे यहां नए निर्माणों के आधार पर रेट तय किए जा सकें। नए साल में मेट्रो रूट का काम और तेज गति से होगा, पुल बोगदा से आगे लगी आरा मशीनों को यहां से शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद ये रूट करोंद तक जाएगा। एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी रूट पर काम चल रहा है।


**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# महिलाओं ने वेद मंत्रों के साथ संपन्न किए यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार


शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का दृश्य।

## शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन

भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ तीन दिवसीय महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी के दशहरा मैदान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अयोध्या बायपास में महिला मंडल गायत्री प्रज्ञापीठ ट्रस्ट बरखेड़ा की ओर से शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय महायज्ञ की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई तथा दूसरे दिन महायज्ञ एवं संध्याकालीन नारी जागरण संगीतमय दीप महायज्ञ शांतिकुंज प्रतिनिधि केपी दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। दीप महायज्ञ में देव कन्याओं द्वारा अनोखी नव जागरण संदेश देती मशाल यात्रा की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर मधु शर्मा द्वारा बाल संस्कारशाला एवं प्रोफेसर संध्या पांडे द्वारा नारी जागरण विषय पर जनसमूह को प्रभावशाली संदेश दिया गया। महिला जागरण उद्देश्य से महिला पुरोहित द्वारा विभिन्न संस्कार जैसे विद्यारंभ दीक्षा जनेऊ एवं पुंसवन संस्कार संपन्न कराए गए। इस आयोजन की सभी जिम्मेदारियां महिलाओं द्वारा निभाई गई। महिलाओं ने 50 तुलसी के पौधों का वितरण किया। इन तीन दिवसीय महायज्ञ के समापन पर विश्व शांति की कामना के साथ आहुतियां डाली गई। इस दौरान आयोजन समिति की राखी राजपूत ने बताया कि व्यक्ति निर्माण समाज निर्माण राष्ट्र निर्माण की संकल्प के साथ आयोजन किया गया। इसके साथ ही गायत्री परिवार की ओर से चलाए जा रहे सप्त आंदोलन के तहत जागृति लाने के लिए यह आयोजन किया गया है। संकल्प रूप में यज्ञ की कमान सुनीता राजपूत, विमला शर्मा एवं अयोध्या बाईपास की सभी महिला मंडल द्वारा निभाई गई। महिला पुरोहित में रुचि श्रीवास्तव प्रियंका मालवीय, प्रियंका शर्मा एवं तबला वादक काव्यांशी रही।


शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ हुआ कीर्तन।

मंदिरों में केसरी नंदन को चढ़ाया जाएगा चोला

## सर्वार्थसिद्धि योग में 12 को मनाई जाएगी हनुमान अष्टमी

**भोपाल।** भगवान श्री राम भक्त श्री हनुमान की अष्टमी पौष माह के कष्ण पक्ष सर्वार्थसिद्धि योग में 12 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस दौरान राजधानी के हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना, सिंदूर से अभिषेक और हनुमान चालीसा-सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन के अनुसार इस दिन श्री हनुमान की आराधना करने का विशेष महत्व है। अष्टमी को हनुमान जयंती जैसा भाव उत्पन्न होता है। शास्त्रों में इस दिन के बारे में कहा गया है कि यह दिन हनुमानजी का विजय उत्सव मनाने का दिन है। इस दिन भगवान राम और रावण के बीच युद्ध के समय जब अहिरावण ने श्रीराम और लक्ष्मण को कैद करके पाताल लोक में दोनों की बलि देने की कोशिश की थी, तब बजरंगबली ने अहिरावण से युद्ध किया था और उसका वध किया था।

### शीतला माता मंदिर टीलाजमालपुरा मंदिर में होगी विशेष पूजा

इस मौके पर राजधानी के खेड़पति हनुमान मंदिर,1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर, शीतला माता मंदिर टीलाजमालपुरा सहित अन्य मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जी का सिंदूर से अभिषक किया जाएगा, चोला चढ़ाया जाएगा।

हनुमान अष्टमी का यह रहेगा शुभ मुहूर्त

11 दिसंबर गुरुवार रात्रि 09:10 बजे से तिथि का प्रारंभ होगा। 12 दिसंबर तिथि समाप्त होगा।

### खबर संक्षेप

#### महापौर ने दिया स्वच्छता का संदेश, किया श्रमदान



**भोपाल।** शहर के ई-2 अरेरा कॉलोनी क्षेत्र में सोमवार को महापौर, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों ने स्वच्छता में सहभागिता की और लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। महापौर मालती राय के साथ रहवासियों ने श्रमदान किया और कचरा उठाकर कचरा वाहन में डाला। महापौर ने रहवासियों को स्वच्छता की गतिविधियों में और अधिक सक्रिय रूप से सहयोग करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद शिखा गोहल व ई-2 अरेरा कॉलोनी हाउस ऑनर्स एसोसिएशन की सदस्य मौजूद थे।

#### चरलापल्ली से निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन हुई बंद



**भोपाल।** रेलवे ने कम यात्री भार के कारण वाया भोपाल संचालित साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 07021/22 चरलापल्ली-हजरत निजामुद्दीन-चरलापल्ली को आगामी आदेश तक निरस्त करने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन चरलापल्ली से 8 दिसंबर और हजरत निजामुद्दीन से 10 दिसंबर से आगे सूचना मिलने तक बंद रहेगी। यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल और बीना स्टेशनों से होकर गुजरती थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रेन के संचालन पुनः शुरू होने पर यात्रियों को समय-समय पर सूचित किया जाएगा। साथ ही, यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि यात्रा योजना बनाते समय इस बदलाव को ध्यान में रखें। अन्य वैकल्पिक ट्रेनों की जानकारी के लिए भारतीय रेल की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल एप का उपयोग करें।

सीएम ने की तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास व रोजगार विभाग की समीक्षा

## इंडस्ट्री की जरूरत के अनुसार आधुनिक ट्रेड्स में युवाओं को दिया जाए प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के साथ प्लेसमेंट भी सुनिश्चित करें, प्रदेश का हर युवा कुशल बने, ग्रामीण युवाओं को बनाए आत्मनिर्भर: डॉ. यादव


विभागीय समीक्षा करते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को उद्योग की जरूरत से सीधे जोड़कर युवाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि युवाओं को उन्हीं ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया जाए, जिनकी इंडस्ट्री में मांग है और प्रशिक्षण के दौरान मिलने वाला मानदेय सीधे उनके बैंक खातों में पारदर्शी तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी संस्थागत व्यवस्था विकसित की जाए जो युवाओं को प्रशिक्षण के साथ ही प्लेसमेंट भी सुनिश्चित कराए। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजुराहो में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों की मांग के अनुरूप समीपस्थ आईटीआई में आवश्यक ट्रेड्स प्रारंभ हों, जिससे युवा अपने ही क्षेत्र में कुशल बनकर रोजगार प्राप्त कर सकें। कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों के ट्रेड्स जैसे कृषि यंत्र मरम्मत, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी तथा मत्स्य पालन को भी आईटीआई में प्राथमिकता से प्रारंभ कर ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया जाए। पीएम सूर्य घर योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जाए।

### आगामी कार्ययोजना

शिक्षण गुणवत्ता सुधार के तहत एआईसीटीई मानकों के अनुरूप अधोसंरचना विकास, विशेषज्ञ व्याख्यान, उद्योग–संवाद कार्यक्रम तथा रोजगार क्षमता प्रशिक्षण को और अधिक बढ़ावा दिया जाएगा। आने वाले तीन वर्षों में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में रिक्त पदों की प्राथमिकता से पूर्ति, नए टेक आधारित कार्यक्रम, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने और 40% कार्यक्रमों को एनबीए मान्यता दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है।

### उपलब्धियों की जानकारी

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार प्रमुख मनीष सिंह ने दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईटीआई में अब तक का सर्वाधिक प्रवेश दर्ज हुआ है। शासकीय आईटीआई में 94.55% (49,402) और प्राइवेट आईटीआई में 74.65% (45,559) युवाओं ने प्रवेश लिया है। प्रदेश के 10 प्रशिक्षणार्थी राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित हुए। विश्व कौशल प्रतियोगिता 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर 1 गोल्ड, 2 सिल्वर, 4 ब्रॉन्ज और 11 मेडेलियन ऑफ एक्सीलेंस तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर (फ्रांस) पर 1 मेडेलियन ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त हुआ। तीन प्रशिक्षण अधिकारियों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिला।

## बीयू: परीक्षा होने के तीन दिन में गोपनीय शाखा को भेजें प्रेक्टिकल की वीडियो रिकार्डिंग

*सभी प्रायोगिक परीक्षाओं की वीडियो रिकार्डिंग पेन ड्राइव, सीडी के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करें*

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने सोमवार को संबद्ध कॉलेजों में होने वाले प्रेक्टीकल एग्जाम को लेकर आदेश जारी किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार बीयू से संबद्ध सभी महाविद्यालयों को सूचित किया गया है कि वे सभी प्रायोगिक परीक्षाओं की वीडियो रिकार्डिंग पेन ड्राइव, सीडी के माध्यम से परीक्षा संपन्न होने के तीन दिन के अंदर विश्वविद्यालय की गोपनीय शाखा में जमा करने की व्यवस्था करें। वीडियोग्राफी के साथ ही प्रायोगिक अंक स्वीकार किए जाएंगे।

### लंबे समय से आ रही शिकायत

कई संबद्ध कॉलेजों में प्रेक्टीकल के अंक सहित अन्य आवश्यक सामग्री के समय पर विवि प्रशासन को कॉलेजों द्वारा उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत लंबे समय से आ रही है। इससे कई बार परीक्षा परिणाम भी प्रभावित रहे हैं। इस लिए सोमवार को बीयू परीक्षा नियंत्रक में अधिसूचना जारी कर सभी संबद्ध कॉलेजों को ताकीद कर दिया है।

कुशवाहा समाज ने लिया दृढ़ संकल्प

## दहेज प्रथा व अन्य कुप्रथाओं के खिलाफ चलाएंगे अभियान


कुशवाहा समाज की बैठक का दृश्य।

कुशवाहा समाज मप्र की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रांतीय कुशवाहा समाज मप्र की नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकारिणी की पहली बैठक सोमवार को अंजलि कॉम्प्लेक्स स्थित कुशवाहा भवन में संपन्न हुई। बैठक में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

इस दौरान सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। प्रांतीय कुशवाहा समाज मप्र के संरक्षक नारायण सिंह कुशवाहा मौजूद रहे। प्रदेश मीडिया प्रभारी गजराज सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष समेत प्रदेश पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ है। कुशवाहा समाज ने एक बार फिर एकता का प्रदर्शन किया है। बैठक का शुभारंभ कुशवाहा समाज के आराध्य लवकुश भगवान की तस्वीर पर माल्यार्पण और पूजन से किया गया। प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश में संगठन के विस्तार के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के प्रत्येक गांव और शहरी क्षेत्र में ये संदेश भी प्रसारित किया जाएगा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों मसलन दहेज प्रथा और नशाखोरी का पूरी तरह बहिष्कार किया जाए। इसके लिए जागरुकता अभियान की शुरुआत की जाएगी।

## बाबा साहेब के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि का आयोजन



मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में आंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भोपाल मंडल में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस समारोह कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों तथा रेलवे कर्मियों ने भी बाबा साहेब को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## डेढ़ सौ से अधिक स्कूलों का प्रपोजल अटका, सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** भोपाल जिले में लगभग 150 से अधिक निजी स्कूल आरटीई फीस भुगतान नहीं होने से परेशान है। निजी स्कूल संचालकों के अनुसार, जिला परियोजना समन्वयक डीपीसी स्तर पर स्कूलों का प्रपोजल अटका हुआ है। जबकि कलेक्टर द्वारा संबंधित स्कूलों की फाइलों पर हस्ताक्षर कर भुगतान के लिए भेजा जा चुका है। मामले में जिला परियोजना समन्वयक को ज्ञापन सौंपा गया है। निराकरण नहीं होने की स्थिति प्रदर्शन की बात कही है।

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि निजी स्कूलों के यह प्रपोजल शिक्षा सत्र 2023-24 के हैं। पूरे प्रदेश की फीस प्रतिपुर्ति सिंगल क्लिक में अक्टूबर माह में हो चुकी है। परंतु भोपाल जिले में लापरवाही के चलते के 150 से अधिक विद्यालयों की प्रतिपूर्ति आज दिनांक तक नहीं हो पाई। जिले के लगभग 10 विद्यालय ऐसे हैं जहां आज दिनांक तक नोडल पहुंचा ही नहीं। मिशन के अध्यक्ष यानी भोपाल कलेक्टर इन फाइलों पर 3 अक्टूबर को 114 प्रपोजल पर और 12 नवंबर को 28 प्रपोजल पर हस्ताक्षर कर भुगतान के लिए अनुमोदित कर चुके हैं, परंतु जिला शिक्षा केंद्र द्वारा इसका निराकरण नहीं किया गया है।

लाइसेंस, पंजीयन, परमिट, फिटनेस जैसे कार्यों में आ रही दिक्कत

## राजधानी में आरटीओ का सर्वर धीमा होने के कारण लोग हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

आरटीओ संबंधी कार्य बार-बार अटक रहे हैं। एनआइसी का पोर्टल सर्वर धीमा होने के कारण लाइसेंस सहित अन्य कामों को लेकर आवेदकों को परेशान होना पड़ा। उल्लेखनीय है कि बीते पांच दिनों से निरंतर यह समस्या बनी हुई है। आरटीओ में हर दिन एक हजार से अधिक लोग परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने, वाहनों के पंजीयन, परमिट, फिटनेस, वाहनों के स्थानांतरण सहित अन्य कार्य नहीं होते हैं। सबसे अधिक समस्या सोमवार को आती है, जब शनिवार व रविवार को अवकाश होने के बाद एक साथ कई लोग आरटीओ लोग पहुंच जाते हैं। इससे आरटीओ संबंधी कार्य नहीं हो पाते हैं। दरअसल शुक्रवार को भी सर्वर डाउन होने से कई आवेदकों के काम नहीं हो सकें थे। इसके बाद शनिवार व रविवार को अवकाश होने के चलते सोमवार को बड़ी संख्या में आवेदक पहुंचे थे।


फाइल फोटो

### एक दिन में इतने काम

- 150-200 तक लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस।
- 250-300 परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस।
- 300-350 वाहनों के पंजीयन कार्ड।
- 75-100 वाहनों के स्थानांतरण।
- 100-125 तक वाहनों के परमिट संबंधी कार्य।

एनएसयूआई ने सीएम को पत्र भेज कर की मांग

## वीआईटी: बिना रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

वीआईटी विश्वविद्यालय परिसर में हाल ही में हुई तोडफ़ोड़ और आगजनी की घटना के बाद स्थिति अब तक सामान्य नहीं हुई हैं। अब परिसर में बिना किसी वैध अनुमति के संचालित हो रहे क्लिनिक को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, वीआईटी में बिना रजिस्ट्रेशन के क्लिनिक संचालित हो रहा था।

उसमें इलाज की पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं थीं और ना ही मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के पुख्ता इंतजाम थे। इसी रिपोर्ट का हवाला देते हुए अब भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने इसे छात्रों व स्टाफ की सुरक्षा से सीधा खिलवाड़ बताया है।

इस संबंध में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव सहित स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों को शिकायत कर तत्काल एफआईआर दर्ज करने, क्लिनिक को सील करने और जिम्मेदारों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। परमार के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अवर सचिव वीरन सिंह भलावी के पत्र में स्पष्ट स्वीकार किया गया कि वीआईटी विश्वविद्यालय ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीहोर से कोई अनुमति नहीं ली गई।

### छुट्टियां भी 20 तक बढ़ाईं

बताया गया है कि विवि ने छुट्टियां 20 दिसंबर तक बढ़ा दी गई हैं। पहले 8 दिसंबर से दोबारा एकेडमिक सेशन शुरू होने थे, लेकिन 26 नवंबर को हुई घटना के बाद अब तक वीआईटी की स्थिति स्थिर नहीं हो सकी है। इससे अवकाश 20 दिसंबर तक बढ़ा दिए गए हैं।

युवक ने अपनी समस्या बताकर मंत्री सारंग से मांगी थी मदद

## शुभम गोस्वामी से अमन खान बने युवक की हुई घर वापसी कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग की मौजूदगी में हुआ शुद्धिकरण

मुंडन, कंठी-तुलसी धारण, तिलक व अन्य संस्कार किए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

जहांगीराबाद में रहने वाले शुभम गोस्वामी ने सोमवार को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पुनः हिंदू धर्म में वापसी कर ली। उन्होंने कुछ समय पहले एक मुस्लिम युवती के प्यार में धर्म बदल लिया था, लेकिन कथित धोखे और दबाव के बाद उन्होंने वापस सनातन धर्म अपनाने का निर्णय लिया। सोमवार को मंत्री विश्वास सारंग की मौजूदगी में गुफा मंदिर में हवन, उपनयन संस्कार, गुरुदीक्षा, मुंडन, गोपूजन और गंगाजल से शुद्धिकरण की विधि कराई गई। गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास महाराज ने बताया अगर कोई व्यक्ति किसी कारणवश सनातन धर्म से दूर चला जाए तो पुनः लौटने की सामान्य प्रक्रिया है। मुंडन, कंठी-तुलसी धारण, तिलक, गोपूजन, हवन आदि संस्कार किए जाते हैं।


मंत्री सारंग के साथ शुभम।


शुद्धिकरण करता शुभम।

### जबरन धर्मांतरण के विरुद्ध कार्रवाई के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित: सारंग

सारंग ने कहा सरकार लव जिहाद जैसे अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर पूरी तरह दृढ़ संकल्पित है। सरकार द्वारा मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के माध्यम से किसी भी प्रकार के धर्मांतरण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही हगै।

### युवक ने दबाव में अपनाया था मुस्लिम धर्म

शुभम गोस्वामी ने बताया कि 29 नवंबर को मंत्री सारंग से मिलकर अपनी समस्या को बताते हुए मदद मांगी थी। विश्वास सारंग के अनुसार युवक ने आरोप लगाया कि दबाव डालकर मुस्लिम धर्म अपनाने को कहा गया, प्रेम-जाल में फंसाया गया, गोमांस खिलाया गया और जमात में भेजा गया। मंत्री ने कहा कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और तीन आरोपी जेल भेजा गया। शुभम का कहा है कि वह नॉन-वेज खाता था, नमाज पढ़ता था, मस्जिदों में रहता था, लेकिन जब हालात बिगड़ने लगे तो उसने मदद मांगी। कार्रवाई के बाद उसने हिंदू धर्म वापस अपनाया।

# आपसी समन्वय से करें 'अर्बन-रूरल क्लस्टर की अवधारणा पर कामः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नगरीय निकायों की जिम्मेदारी है कि वे अधोसंरचना विकास के प्रत्येक कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें। केवल काम की संख्या नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता और स्थायित्व से अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने नगरीय विकास और ग्रामीण विकास विभाग को आपसी समन्वय से 'अर्बन–रूरल क्लस्टर' की अवधारणा पर काम करने के निर्देश दिए।

डॉ. यादव सोमवार को खजुराहो स्थित कन्वेंशन सेंटर में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- नगरीय विकास के प्रत्येक कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ करें पूरा
- मुख्यमंत्री ने की नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा



नगरीय विकास एवं आवास विभाग की बैठक में निर्देश देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव। साथ में उपस्थित मंत्री विजयवर्गीय।

### वर्ष 2028 तक पूरे होंगे भोपाल-इंदौर मेट्रो के कार्य

बैठक में आगामी तीन साल की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए तय किया गया कि इंदौर मेट्रो का 6 किमी कॉरिडोर मई 2025 से और भोपाल मेट्रो का 7 किमी कॉरिडोर दिसंबर 2025 से चलेगा। पूरे रूट क्रमशः 2028 तक पूर्ण होंगे और दोनों शहरों में बड़ी राजस्व संभावनाएं बनेंगी।

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग 38 शहरों के जीआईएस मास्टर प्लान तैयार करेगा, टीडीआर पोर्टल विस्तार, टीओडी नीति लागू होगी और सिंहस्थ 2028 के लिए एकीकृत मास्टर प्लान आधारित विकास होगा। संस्थागत सुधारों में एकीकृत नपा अधिनियम एक वर्ष में अधिसूचित होगा, सभी संवर्गों का पुनर्गठन अप्रैल 2026 तक, आत्मनिर्भर निकाय प्रोत्साहन के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था होगी।

### मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के कार्य

कार्ययोजना के तहत मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना के चरण-4 में 1586 करोड़ के का कार्य पूरे होंगे, चरण-5 में 5000 करोड़ से मास्टर प्लान सड़कों का विकास, मार्च 2026 तक 472 ई-बसें संचालन में आएंगी, बस डिपो-चार्जिंग सुविधा विकसित होगी, नमामि गंगे के नए एसटीपी और शहरों में फ्लाईओवर-पार्किंग विस्तार होंगे। बिरसिंहपुर में 1750 करोड़ की लागत वाला 250 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट पीपीपी मॉडल से स्थापित करेगा। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 में 8 बायो-सीएनजी संयंत्र, 36 लाख मीट्रिक टन लीगेसी वेस्ट निपटान, 44 सेनेटरी लैंडफिल, 339 एमआरएफ, कम्पोस्ट यूनिट, 3 सी एंड डी प्लांट और 353 छोटे शहरों में 386 एटीपी बनाए जाएंगे।

### भूमि उपयोग के लिए लागू होगी विशेष रणनीति

तय कार्ययोजना के अनुसार तीन साल में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 6 लाख नए आवास स्वीकृति का लक्ष्य है। एआरएच–एएचपी मॉडल को बढ़ावा और बड़े नगर निगमों में भूमि उपयोग के लिए विशेष रणनीति लागू होगी। अमृत 2.0 में 2025–27 के दौरान 1440 करोड़ की जल परियोजनाएं, 9.99 लाख नल कनेक्शन, 7.90 लाख सीवर कनेक्शन, 420 जल संरचना जीर्णोद्धार, 389 पार्क विकास और एससीएडीए से जल आपूर्ति की रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी। पीएम स्वनिधि में 6,71,332 नए ऋण प्रकरण, 289 नए दीनदयाल रसोई केंद्र, 128 आश्रय स्थलों के संचालन-संधारण का प्रावधान होगा।

---

वर्ष 2026 कृषि आधारित क्षेत्रों के उत्थान के लिए समर्पित, भोपाल को मिलेगी मेट्रो की सौगात: सीएम डॉ. यादव

# पूर्व पीएम स्व. वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर प्रदेश में दो लाख करोड़ के कार्यों का होगा भूमिपूजन-लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बुन्देलखंड में केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से बुन्देलखंड में सिंचाई, उद्योग, पेयजल के लिए जो जल की कमी थी उसे पूरा किया जाएगा। नदी जोड़ो अभियान के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से सिंचाई, उद्योग के लिए पर्याप्त जलराशि का प्रबंध किया जाएगा। नदी जोड़ो अभियान की प्रगति में मध्यप्रदेश सबसे अग्रणी राज्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को खजुराहो के कन्वेंशन सेंटर में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड समेत समूचे मध्यप्रदेश में पर्यटन को बढ़ाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। छतरपुर में ओबेरॉय होटल का शुभारंभ इसी की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में पर्यटन के साथ-साथ खनन एवं मेडिकल के क्षेत्र में विकास के लिए अनेक कार्य किए जा रहे है।

**खास बातें**

- खजुराहो के कन्वेंशन सेंटर में प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने दी जानकारी
- बुन्देलखंड में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी : सीएम




प्रेसवार्ता में योजनाओं की जानकारी देते मुख्यमंत्री डॉ. यादव। साथ में उपस्थित मंत्री।

### बुन्देलखंड का विकास एवं उत्थान के लिए कार्ययोजना बनाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के माध्यम से बुन्देलखंड का विकास एवं उत्थान के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड कैसे आगे बढ़े इस पर लगातार सरकार की ओर से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास एवं उत्थान के लिए सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखंड शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सागर में रानी अवंतिबाई महाविद्यालय का निर्माण, छत्रसाल विश्वविद्यालय के लिए धनराशि का आवंटन, पीएम एक्सीलेंस कॉलेजों की स्थापना की गई है। इसी के साथ बुन्देलखंड अंचल में मेडिकल कॉलेज की भी स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से दक्ष प्रत्येक विद्यार्थी को रोजगार मिले, इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है।

### कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सतत कार्य वर्षभर किए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2026 कृषि के संबंधित विभिन्न क्षेत्रों के विकास एवं उनके उत्थान के लिए समर्पित होगा। कृषि से आय के साधन बढ़ानेकृषि आधारित उद्योगों की स्थापना, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना समेत सभी कृषिगत औद्योगिक गतिविधियों से कृषि क्षेत्र के विकास के लिए सतत कार्य वर्षभर किए जाएंगे।

### क्षेत्र विकास के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में कैबिनेट मीटिंग होगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार और जनता के बीच दूरी कम करने के लिए अब अलग-अलग क्षेत्रों के विकास के लिए उन्हीं क्षेत्रों में कैबिनेट मीटिंग आयोजित की जाएगी। खजुराहो में आयोजित कैबिनेट बैठक इसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय समीक्षा में विगत दो वर्षों के कार्यों की समीक्षा और आने वाले तीन साल के लक्ष्य तय करने का निर्णय किया गया है। उन्होंने कहा कि इसी माह की 21 तारीख को भोपाल नगर को मेट्रो की सौगात दी जाएगी। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर सरकार की ओर से लगभग दो लाख करोड़ के अलग-अलग कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा।

---

# मुख्यमंत्री का फैसलाः भूमि संबधी लंबित प्रकरणों के लिए फिर से चलाया जाएगा राजस्व अभियान

*राजस्व अभिलेखों के डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्रता से करें पूर्ण*

*राजस्व न्यायालय का कार्य प्रशंसनीय, सीएम ने राजस्व विभाग की समीक्षा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों और आम नागरिकों के भूमि-संबंधी लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाभियान एक बार फिर से चलाया जाए। उन्होंने कहा कि पिछले अभियान में काफी लोगों के काम हुए थे, किंतु ऐसा प्रतित होता है कि अभी भी राजस्व मामले पेंडिंग हैं। ऐसे में अभियान चलाकर इसका निराकरण कराएं। इसमें नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अभिलेखों में सुधार जैसे प्रकरणों का तेजी से और पारदर्शी तरीके से निराकरण किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को महाराजा कन्वेंशन सेंटर खजुराहो में राजस्व विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 6 माह से अधिक लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। इसके लिए प्राथमिकता से पीठासीन अधिकारियों से संपर्क करें। राजस्व अभिलेखों का डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। नागरिकों को उनकी भूमि का त्वरित नक्शा और विवरणों की उपलब्धता आसान बनाए। इसके लिए वेबसाइट पर सुविधा उपलब्ध करायें। यह सुविधा अगले दो वर्ष में पूर्ण करें। वेबसाइट से प्राप्त दस्तावेजों को प्रामाणिक बनाए जिससे दस्तावेजों की डुप्लीकेसी रुकेगी। नवीन आवश्यक आबादी भूमि का चिन्हांकन करें। प्रदेश के नक्शाविहीन ग्रामों का नक्शा बनाएं। भू-अर्जन प्रकरणों के एंड-टू-एंड निराकरण को ऑनलाइन करने की प्रक्रिया बनाए।



बैठक में राजस्व मंत्री वर्मा से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### राजस्व मंत्री वर्मा ने विभाग के दो वर्षों की जानकारी दी

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बैठक में विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों और नवाचारों की जानकारी दी। साथ ही आगामी तीन वर्ष की कार्ययोजना बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो वर्ष में कुछ भी ऐसा नहीं हुआ है, जिससे उसे उपलब्धि कहा जाए। विभागीय नवाचार को उपलब्धि नहीं कह सकते। प्रदेश में भू-अभिलेख पोर्टल का नया वर्जन 2.0 दिनांक 1 अगस्त 2025 से शुरू हो गया है। नागरिक अपने मोबाइल पर अपनी भूमि का पूरा रिकॉर्ड देख सकते हैं। मोबाइल एप द्वारा भू-अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त की जा सकती है। मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम डीपीडीपी एक्ट के अनुरूप विभागीय पोर्टल का आधुनिकीकरण किया जाएगा। नक्शाविहीन ग्रामों के नक्शे बनाने तथा भू-अर्जन प्रक्रियाओं को एंड-टू-एंड ऑनलाइन किया जाएगा। नवीन आवश्यक आबादी भूमियों का चिन्हांकन किया जाएगा। विश्वास आधारित डायवर्जन प्रक्रिया लागू करने की योजना है।

---

# सरकार के अच्छे कार्य कांग्रेस के नेता पचा नहीं पा रहेः शुक्ल



प्रेसवार्ता में संवाद कार्यक्रम की जानकारी देते उप मुख्यमंत्री डॉ. शुक्ल, साथ में उपस्थित भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल व पदाधिकारी।

*उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद एवं जन समस्याओं का समाधान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरोप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसे सुधारों को ज़मीन पर उतार रही है। चरण-वंदना और पुरानी राजनीति में उलझी कांग्रेस को शिक्षा पर नया सोचने के बजाय केवल राजनीति कर रही है। इसी नकारात्मक राजनीति की वजह से मध्यप्रदेश की जनता कांग्रेस को पूरी तरह से नकार चुकी है। सरकार के अच्छे कार्य कांग्रेस के नेता पचा नहीं पा रहे हैं। यह बात उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कही।

मप्र शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी जन समस्याओं का समाधान किया।

जिन जनसमस्याओं का त्वरित समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं से संपर्क व संवाद से भाजपा सरकार की योजनाओं को और बेहतर करने में मदद मिलेगी। पार्टी संगठन ने कार्यकर्ताओं को सरकार और मंत्रियों से संवाद के लिए नवाचार के जरिए बेहतर माध्यम उपलब्ध कराया है। कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यशाला सकारात्मक प्रयास है।

### मप्र में स्वास्थ्य व शिक्षा में तेजी से सुधार

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश में शिक्षा एवं कुपोषण सहित प्रत्येक क्षेत्र में स्थितियों को बेहतर से और बेहतर करने में कोई कसर छोड़ नहीं रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का काम केवल आरोप लगाना है। आरोप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत है, लेकिन यह कांग्रेस के नेता भी यह जानते हैं कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने मातृ मृत्यु दर प्रति एक हजार 175 को 142 पर और शिशु मृत्यु दर को 50 से 37 पर लेकर आए हैं। लेकिन वह हकीकत स्वीकार नहीं करना चाहते और अनर्गल आरोप लगाते रहते हैं। केंद्र सरकार भी यह स्वीकार करती है कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य व शिक्षा की स्थिति तेजी से सुधरी हैं। कुपोषण को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री खाद्यान योजना जैसी अनेकों योजनायें चल रहीं हैं और स्थितियां पहले से बहुत बेहतर हो रहीं हैं। प्रदेश सरकार हर समस्या के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से अपनी भूमिका निभा रही हैं।

---

### 7,09,065 ग्रामीण तक पहुंचा नल से जल

# उज्जैन संभाग बना हर घर जल उपलब्धि प्राप्त करने वाला प्रदेश का अग्रणी संभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में जल जीवन मिशन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प और निरंतर प्रयासों ने नई ऊंचाई प्रदान की है। इसी का परिणाम है कि उज्जैन संभाग ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए यह सुनिश्चित कर दिया है कि यहां के सभी ग्रामीण घरों तक अब नल से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पानी का यह अधिकार निरंतर और सुरक्षित रूप से उपलब्ध हो रहा है, जिससे पूरे उज्जैन संभाग को गर्व के साथ 'हर घर जल' के लक्ष्य को पूर्ण करने का गौरव प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि से महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक राहत मिली है। पहले गांवों की महिलाएं दूर-दूर तक पानी लाने के लिए कठिनाई झेलती थीं, कीमती समय और श्रम दोनों व्यय होते थे। स्वच्छ पानी के कारण जलजनित बीमारियों में कमी से ग्रामीण स्वास्थ्य में भी सकारात्मक सुधार हुआ है।

उज्जैन संभाग के उज्जैन, देवास, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच और आगर-मालवा जिलों के कुल 7 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। आगर-मालवा 42,207, देवास 1,65,383, नीचम 31,957, उज्जैन 1,71, 553, शाजापुर 79,472, रतलाम 1,49,603 और मंदसौर 68,890 परिवार लाभान्वित हुए। यह केवल पाइपलाइन बिछाने का कार्य नहीं है, बल्कि जल संरक्षण, जल गुणवत्ता परीक्षण, स्थानीय लोगों की सहभागिता और ग्रामीण जीवन को सम्मानजनक सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास है, जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने सक्रिय भूमिका निभाई है।

---

*सीएम डॉ. मोहन ने की औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा*

# मप्र के बीड़ी श्रमिकों को मुख्यधारा के रोजगार से जोड़ा जाएः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के बीड़ी श्रमिकों को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वन विभाग से समन्वय कर समुचित समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मप्र के तेंदूपत्ता से पश्चिम बंगाल में बीड़ी उद्योग फल-फूल रहा है और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। राज्य के तेंदूपत्ता संग्राहकों और बीड़ी बनाकर आजीविका चलाने वाले हजारों परिवारों को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तेंदूपत्ता मप्र की संपत्ति है। इससे मिलने वाला रोजगार यहीं के लोगों को मिलना चाहिए। बीड़ी श्रमिकों को फिर से रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को खजुराहो में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीड़ी बनाने वाले परिवारों को लगातार और बेहतर काम उपलब्ध कराया जाएगा। महिलाओं के रोजगार और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि तेंदूपत्ता आधारित बीड़ी उद्योग से जुड़ा हर परिवार सम्मानजनक और स्थायी आय प्राप्त करे। राज्य की वन उपज का लाभ अब सीधे हमारे ही श्रमिकों को मिले।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन। साथ में मौजूद मंत्री काश्यप।

### परिवारों के जीवन में फिर से उजाला लाने का प्रयास

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह पहल उन सभी परिवारों के जीवन में फिर से उजाला लाने की दिशा में एक ठोस कदम होगा, जो वर्षों से तेंदूपत्ता और बीड़ी निर्माण से जुड़े रहकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान देते आए हैं। निवेश आकर्षण में सफलता, जीआईएस और आरआईसी के माध्यम से 12.70 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव। पिछले दो वर्षों में 327 एमएसएमई और बृहद इकाइयों में उत्पादन प्रारम्भ, 40,516 रोजगार सृजित की जाएगी।

### निवेश उपलब्धियां

2.48 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों को भूमि आवंटन, 2.85 लाख रोजगार संभावित। 229 इकाइयों में निर्माण प्रारम्भ, 81,206 रोजगार संभावित। साधिकार समिति द्वारा 105 प्रकरणों का त्वरित समाधान। 18,685 करोड़ रुपए के 43 प्रोजेक्ट्स को कस्टमाइज्ड पैकेज स्वीकृत, 21,835 रोजगार संभावित।

---

## हर पात्र हितग्राही तक खाद्यान्न योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचना सुनिश्चित होः सीएम

# वर्ष 2028 तक प्रदेश के हर घर तक पाइपलाइन से गैस पहुंचाने का लक्ष्य

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष ने 2028 तक मध्य प्रदेश के हर घर तक पाइपलाइन से गैस पहुंचाने का बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को इस दिशा में अभियान चला कर काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हर पात्र हितग्राही तक खाद्यान्न वितरण का लाभ सुगमता से पहुंचना चाहिए।

डॉ. यादव सोमवार को खजुराहो स्थित कन्वेंशन सेंटर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य रूप से लक्षित सार्वजनिक प्रणाली, उपार्जन प्रक्रिया, तकनीकी नवाचार, सिंहस्थ 2028 की तैयारियों सहित विभिन्न विषयों पर रिव्यू किया गया। इस दौरान डॉ. यादव ने विभाग द्वारा किए गए नवाचारी प्रयासों की सराहना की, वहीं अन्य विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई एवं रश्मि अरुण शमी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्री राजपूत।

*मुख्यमंत्री ने की खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा*

### ई-केवाईसी एवं राइट फुल टारगेटिंग कार्य की सराहना

बैठक में विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों के ई-केवाईसी एवं राइट फुल टारगेटिंग कार्य की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रक्रिया नियमित अंतराल में दोहराई जाए, ताकि प्रत्येक पात्र हितग्राही को निःशुल्क खाद्यान प्राप्त हो सके।

### उचित मूल्य की दुकानों पर लगेगी पीओएस मशीनें

समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा आगामी तीन वर्ष की कार्ययोजना के बारे में बताया गया कि राशन वितरण व्यवस्था को अधिक तेज और पारदर्शी बनाते हुए उचित मूल्य दुकानों पर आधुनिक पीओएस मशीन लगाई जाएगी, जिसमें पीओएस मशीन से तौल कांटे का इंटिग्रेशन एवं आईरिस स्केनर का प्रावधान है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत स्मार्ट पीडीएस योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके अलावा शासकीय गोदामों की छत पर सोलर पैनल लगाने, भण्डारण प्रक्रिया का मॉर्डनाइजेशन और गोदामों का अपग्रेडेशन करने के साथ उन्नत तकनीकी की सहायता से विभिन्न स्तरों पर डेटा सिंक्रोनाइजेशन के कार्य भी किए जाएंगे।

### अखाड़ों के लिए जारी होंगे अस्थाई राशन कार्ड

सिंहस्थ-2028 के लिए खाद्यान्न सामग्री के वितरण के लिए तैयार की गई योजना की जानकारी भी बैठक में दी गई। अधिकारियों ने बताया कि खाद्य विभाग, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी नागरिक आपूर्ति निगम, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन सहयोग से समन्वित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अखाड़ों की मांग के अनुसार अस्थायी राशन कार्ड जारी किया जाएगा। साथ ही, मेला क्षेत्र में 40 उचित मूल्य दुकानों की स्थापना की जाएगी। यह व्यवस्था सुचारू रहे इसलिए मेला क्षेत्र को 8 जोन और 16 सेक्टर में विभाजित मध्यप्रदेश राज्य सहकारी नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा भंडारण के लिए गोदामों की स्थापना की जाएगी।

### ट्रांसपोर्ट व्यवसायी और संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा

# पुराने वाहन फिटनेस टेस्ट फीस में 10 गुना तक की वृद्धि, तोड़ देगी व्यवसायियों की कमर

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सरकार द्वारा हाल ही में वाहनों की फिटनेस टेस्ट फीस में अत्यधिक वृद्धि कर इसे लगभग 10 गुना तक बढ़ा दिया गया है, जिसे ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों, ट्रक आपरेटर्स तथा राष्ट्रीय स्तर पर माल ढुलाई से जुड़े लाखों लोगों को काफी नुकसान होगा। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय व ट्रक मालिकों को पहले से ही काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है तथा यह दस गुणा वृद्धि तो व्यवसायियों की कमर ही तोड़ देगी। यह बात ट्रांसपोर्ट व्यवसाय जुड़े ट्रांसपोर्टरों के अलावा ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने कही।

उन्होंने कहाकि नई आयु-श्रेणियों (10-15 वर्ष, 15-20 वर्ष एवं 20 वर्ष से अधिक) के आधार पर विशेषकर 20 वर्ष से अधिक पुराने ट्रक, बसों की फिटनेस टेस्ट फीस 2,500 से बढ़ाकर 25,000 कर दी गई है। यह वृद्धि न केवल अत्यधिक, असमय और अव्यावहारिक है, बल्कि पहले से ही मुश्किल परिस्थितियों में चल रहे ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर एक भारी आर्थिक बोझ भी डालेगी।


कोकता ट्रांसपोर्ट नगर

## ट्रांसपोर्टरों ने की सरकार से अपील

ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े ट्रांसपोर्टरों ने ने सरकार की अपील की है कि इस फीस वृद्धि को तत्काल स्थगित किया जाए। ट्रांसपोर्ट सेक्टर के प्रतिनिधियों से मीटिंग करके न्यायसंगत एवं व्यावहारिक फीस संरचना तय की जाए। फिटनेस सेंटरों की क्षमता, पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार-मुक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 15 वर्ष से पुराने लेकिन अच्छी कंडीशन वाले वाहनों के लिए रियायत या सब्सिडी की व्यवस्था की जाए। राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति के अनुरूप ऐसे निर्णय लिए जाएं जो उद्योग के हितों को प्रभावित न करें। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने कहाकि हमारा केंद्र सरकार से आग्रह हैं कि वह इस निर्णय पर पुनर्विचार करें, ताकि देश का ट्रांसपोर्ट सेक्टर, जो भारत की आर्थिक धमनियों में से एक है, अनावश्यक बोझ से न टूटे।


आरटीओ कार्यालय में खड़ी बसें

## ट्रांसपोर्टरों की आपत्तियां, चिंताएं

ट्रांसपोर्ट उद्योग पहले से ही मंदी, बढ़ते डीज़ल दाम, टोल टैक्स, ई-वे बिल जटिलताओं और चालान व्यवस्था के दबाव में है। ऐसे समय में 10 गुना फ़ीस वृद्धि आर्थिक रूप से विनाशकारी है। देश का 80 फीसदी ट्रांसपोर्ट छोटे एवं मध्यम स्तर के ऑपरेटर्स चलाते हैं, जिनके लिए यह अतिरिक्त भार असहनीय है। पुरानी गाड़ियों की फिटनेस टेस्ट फीस में इतनी अधिक बढ़ोतरी से लाखों ट्रक सडक़ से बाहर हो सकते हैं, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ेगी, मंहगाई बढ़ेगी, तथा आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चेन प्रभावित होगी। फीस वृद्धि पर कोई पूर्व परामर्श, ड्राफ्ट, उद्योग की राय या व्यवहार्यता अध्ययन नहीं किया गया,जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह नीति निर्णय प्रत्यक्ष रूप से आम जनता, किसानों, व्यापारियों, उद्योगों और परिवहन से जुड़े करोड़ों परिवारों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। ट्रांसपोर्टरों ने कहाकि पुराने वाहन अक्सर स्वयं ट्रक चालक व गरीब ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ही खरीदते हैं जो लंबे सफर को तय नहीं करते हैं व लोकल ही चलते हैं वह यह बोझ सहन नहीं कर सकेंगे और आत्मनिर्भर होने के स्थान पर फिर से नौकरी करने को मजबूर हो जायेंगे।

### नाबार्ड में सम्मेलन, बेहतर परफॉर्म के लिए डीसीसीबी और पीएसीएस को सम्मानित

# मध्यप्रदेश में को-ऑपरेटिव सिस्टम की ताकत और कमजोरियों के इनसाइटफुल पैनल हुआ डिस्कशन


सम्मानित करते हुए मंत्री सारंग

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

नाबार्ड ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में अयोजित सहकारी सम्मेलन सहकारिता मंत्री, विश्वास कैलाश सारंग ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग, जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों और मध्य प्रदेश भर की प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

नाबार्ड की चीफ जनरल मैनेजर, सी. सरस्वती ने बताया कि यह कॉन्क्लेव ग्रामीण सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, न्यूट्रिशन सिक्योरिटी और आत्मनिर्भरता के लिए कोऑपरेटिव को एक सस्टेनेबल टूल के तौर पर मजबूत करने पर गहरी चर्चा को बढ़ावा देने की कोशिश करता है जो प्रधानमंत्री के बताए गए विकसित भारत @2047 के विजन को पाने के लिए मुख्य पिलर हैं। कोऑपरेशन मिनिस्टर ने इवेंट के दौरान सबसे अच्छा परफॉर्म करने वाले डीसीसीबी और पीएसीएस को सम्मानित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कॉन्क्लेव सिर्फ एक सभा नहीं है, बल्कि कोऑपरेटिव मॉडल में सामूहिक विश्वास की पुष्टि है एक ऐसा मॉडल जो आम नागरिक को सशक्त बनाता है, सबसे कमजोर को मजबूत बनाता है और साझा समृद्धि के लिए समुदायों को एकजुट करता है।

## अधिकारियों से पारदर्शिता, एकता और इनोवेशन के साथ काम करने का आग्रह

मध्य प्रदेश का कोऑपरेटिव आंदोलन विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन को साकार करने में एक अहम भूमिका निभाएगा। कोऑपरेशन डिपार्टमेंट, डीसीसीबी और पीएसीएस के अधिकारियों से पारदर्शिता, एकता और इनोवेशन के साथ काम करने का आग्रह किया,ताकि मध्य प्रदेश को कोऑपरेटिव विकास में एक अग्रणी राज्य बनाया जा सके। मध्य प्रदेश में क्रेडिट कोऑपरेटिव्स का स्टेटस, मनोज गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर, एपेक्स बैंक द्वारा मध्य प्रदेश में डेयरी सेक्टर का करंट स्टेटस और कोऑपरेटिव्स के जरिए फ्यूचर डेवलपमेंट के लिए स्ट्रेटेजी, आरपीएस तिवारी, जनरल मैनेजर, एमपी स्टेट डेयरी फेडरेशन ने मध्य प्रदेश पर स्पेशल फोकस के साथ कोऑपरेटिव्स को मजबूत करने में नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन का रोल, इंदरजीत कौर, रीजनल डायरेक्टर, एनसीडीसी द्वारा मध्य प्रदेश में कोऑपरेटिव सिस्टम की ताकत और कमजोरियां और आगे का रास्ता पर एक इनसाइटफुल पैनल डिस्कशन हुआ।

### दीक्षांरभ 2025 : ज्ञान, नवाचार और संस्कृति का पर्याय

# देश के आयुर्वेद महाविद्यालयों में मानसरोवर एक ब्रांड : वैद्य मधुसूदन



स्मृति चिन्ह भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानसरोवर ग्रुप के तीन आयुर्वेद महाविद्यालय- मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, श्री सांई इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन, फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में जारी दीक्षांरभ ट्रांजिशनल करिकुलम प्रोग्राम बैच 2025-26 का औपचारिक शुभारंभ मानसरोवर प्रांगण, हिनौतिया आलम में सोमवार को किया गया। इस दौरान नवप्रवेशित भावी वैद्यों ने चरक शपथ ग्रहण करते हुए सेवा, नैतिकता और करुणा को चिकित्सा का आधार मानने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओजस फाउंडेशन के वरिष्ठ वैद्य मधुसूदन देशपांडेय, विशिष्ट अतिथि आरोग्य भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मिहिर कुमार सहित मानसरोवर समूह के आयुर्वेद संचालक डॉ. बाबुल ताम्रकार, म फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा के प्राचार्य डॉ. श्रीकांत पटेल आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## चिकित्सक की सफलता का पैमाना लाखों जिंदगियों से जुड़ा होता है: तिवारी

मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी ने कहा कि एक चिकित्सक की सफलता का पैमाना लाखों जिंदगियों से जुड़ा होता है। मुख्य अतिथि वैद्य मधुसूदन देशपाण्डेय ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मानसरोवर पूरे देश में एक ब्रांड है जहाँ विद्यार्थियों को केवल शिक्षा नहीं बल्कि संस्कार भी मिलते हैं। मिहिर कुमार ने कहा कि आयुर्वेद की पद्धति नित्य नूतन चिर पुरातन है जो अपने भीतर विज्ञान के साथ एक कला को भी समाहित किए है।

### व्यापारिक समस्याओं पर हुई चर्चा

# कैट भोपाल जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र ने की केंद्रीय मंत्री सिंधिया से भेंट


मुलाकात

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

थोक और रिटेल व्यापारियों की शीर्ष संस्था कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडियां ट्रेडर्स (कैट) भोपाल के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंटकर व्यापार जगत में व्याप्त समस्याओं के निदान को लेकर चर्चा की है । उन्होंने भोपाल के प्रमुख बाजारों में डिजिटल कनेक्टिविटी, भारतनेट के विस्तार तथा स्मार्ट मार्केट -स्मार्ट व्यापार मॉडल को लागू करने की माaग रखी।

धर्मेंद्र शर्मा ने व्यापारियों के लिए साइबर सिक्योरिटी जागरूकता, डिजिटल भुगतान सुरक्षा तथा "व्यापारी साइबर हेल्पडेस्क" की स्थापना पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही इंडिया पोस्ट के माध्यम से व्यापारिक लॉजिस्टिक्स सपोर्ट बढ़ाने, स्टार्ट-अप्स के लिए डिजिटल व्यापार इनोवेशन सेंटर बनाने तथा 5जी टावर इंस्टॉलेशन को तेज करने के सुझाव भी रखे गए। सिंधिया ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक रूप से संज्ञान लेते हुए आवश्यक सहयोग एवं समर्थन का आश्वासन दिया।

# एलएनसीटी विवि में एलएन आयुर्वेद एवं नर्सिंग छात्रों का 'ज्ञानारंभ' समारोह आयोजित



स्वागत समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल के कोलर रोड स्थिति एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के सभागार में सोमवार को एलएन आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल और एलएन नर्सिंग छात्रों का 'ज्ञानारंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएएमएस और नर्सिंग के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए स्वागत समारोह आयोजित कर नए शैक्षणिक सत्र की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे,। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा और नर्सिंग का क्षेत्र न केवल एक पेशा, बल्कि समाज सेवा का माध्यम है।

## विद्यार्थियों और अभिभावकों की रही विशेष मौजूदगी

'ज्ञानारंभ' समारोह में प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ उनके माता-पिता भी शामिल हुए। अभिभावकों के लिए यह पल गर्व का रहा, जब उनके बच्चे चिकित्सा और नर्सिंग जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में अपने करियर की शुरुआत कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने संस्थान की व्यवस्थाओं और शैक्षणिक वातावरण की प्रशंसा की।

## अनुशासन और परिश्रम पर दिया गया जोर

कार्यक्रम में एलएनसीटी ग्रुप के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे, डायरेक्टर धर्मेंद्र गुप्ता, रजिस्ट्रार अजित कुमार सोनी और वाइस चांसलर एन. के. थापक उपस्थिति रहें। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अनुशासन, समयबद्धता और ईमानदारी के महत्व से अवगत कराया गया। एलएनसीटी ग्रुप के फाउंडर जयनारायण चौकसे ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में सफलता के लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं होता, बल्कि अनुशासन, धैर्य और सेवा भाव भी उतने ही आवश्यक हैं।


## बिजनेस न्यूज

### राधारमण में 'एडवांस ऑटोकैड' पर विशेषज्ञ व्याख्यान



**भोपाल।** राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, भोपाल के मैकेनिकल, सिविल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागों द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए इंडस्ट्री में एडवांस ऑटोकैड का उपयोग 2डी ड्राफ्टिंग से 3डी डिजाइन तक विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता सौरव कुमार (मैनेजिंग डायरेक्टर, ओरिजिन एक्स) रहे, जिन्होंने आधुनिक ड्राफ्टिंग तकनीकों तथा इंडस्ट्री में उपयोग होने वाले डिजाइन टूल्स पर विस्तृत जानकारी दी। छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर महत्वपूर्ण सीख प्राप्त की। कार्यक्रम में डॉ. पराग मिश्रा, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, प्रो.केजी किरार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजीनियरिंग, प्रो. वरुण प्रताप सिसोदिया, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग संस्थान ने अपने विशिष्ट नेतृत्व डॉ. पीके लहरी (ग्रुप डायरेक्टर), डॉ. अजय सिंह (डायरेक्टर, आरआईटीएस ) एवं डॉ.एसबी खरे (डीन, एडमिन.) का आभार व्यक्त किया। व्याख्यान के समन्वय में प्रो. आशीष वर्मा, प्रो. अरहम जावेद, प्रो. भागवत द्विवेदी एवं प्रो. परवीन बानो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संकाय सदस्यों एवं छात्र-स्वयंसेवकों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस गतिविधि से छात्रों को उद्योग-केन्द्रित डिजाइन कौशल विकसित करने में विशेष लाभ मिला। आरआईटीएस निरंतर ऐसे प्रयासों से तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है।

### सीआईआई बैठक में भारत-अल्बर्टा व्यापार संबंध हुए मजबूत



**भोपाल।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की बैठक में भारत और अल्बर्टा (कनाडा) के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। अल्बर्टा सरकार के व्यापार, रोजगार, अर्थव्यवस्था, व्यापार और आप्रवासन मंत्रालय की सहायक उप मंत्री सुश्री जेनिफर जैब्स ने सीआईआई की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री वैशाली श्रीवास्तव के साथ मुंबई स्थित सीआईआई क्षेत्रीय मुख्यालय बैठक की। बैठक में व्यापार और निर्यात विस्तार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लिया। इस मौके पर व्यापार, सहयोग के अवसरों और भारत-अल्बर्टा, कनाडा आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। इस बैठक में वैश्विक व्यापार साझेदारी और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सीआईआई की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।

### सैमसंग इनोवेशन कैंपस में तकनीकी कौशल सीख रहे युवाओं को योगी ने सम्मानित किया

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपनी प्रमुख टेक एजुकेशन पहल, सैमसंग इनोवेशन कैंपस (एसआईसी), में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके तहत गोरखपुर में 1600 युवा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित थे, जिन्होंने मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा और डिजिटल समावेशन में इस पहल के योगदान की सराहना की। भारत सरकार के स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप, सैमसंग इनोवेशन कैंपस युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा, और कोडिंग व प्रोग्रामिंग में आवश्यक कौशल से लैस करता है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस कंपनी का प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम है और फिलहाल यह 10 राज्यों में फैला हुआ है। इसका लक्ष्य 2025 में देशभर में 20 हजारर छात्रों को कौशल प्रदान करना है जो पिछले वर्ष की तुलना में इसमें छह गुना की वृद्धि दिखाता है। राष्ट्रीय स्तर पर, इस पहल में 44 फीसदी महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली है, जो समावेशी और समान कौशल पर सैमसंग के ध्यान को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश में इस वर्ष 5000 छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, और यह राष्ट्रीय लक्ष्य का लगभग 25 फीसदी है।

### यूनिसेम एग्रीटेक का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** यूनिसेम एग्रीटेक लिमिटेड अपना इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग बुधवार 10 दिसंबर 2025 को खोलने जा रहीं है। इस आईपीओ के माध्यम से 21.45 करोड़ जुटाने का लक्ष्य है और इसके शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।इश्यू का आकार 33,00,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका फेस वैल्यू 5 प्रति शेयर है और प्राइस बैंड 63 -65 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध धन का उपयोग वर्किंग कैपिटल आवश्यकताओं को पूरा करने, कंपनी द्वारा ली गई बैंक सुविधाओं की अदायगी, और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर निवेशकों के लिए इश्यू 9 दिसंबर 2025 को खुलेगा, जबकि पब्लिक इश्यू 10 दिसंबर 2025 से 12 दिसंबर 2025 तक खुला रहेगा।

### पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज ने मेटासिस सॉफ्टवेयर के अधिग्रहण किया

**मुंबई।** पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड ने घोषणा की कि उसके निदेशक मंडल ने मेटासिस सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड, एक मुंबई स्थित सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और आईटी सेवाओं की कंपनी, में 100 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए शेयर परचेज एग्रीमेंट के निष्पादन को मंजूरी दे दी है। यह अधिग्रहण पैरामैट्रिक्स की दीर्घकालिक विकास रणनीति के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य अपने प्रौद्योगिकी पोर्टफोलियो को मजबूत करना और वैश्विक डिलीवरी क्षमताओं का विस्तार करना है। 100 फीसदी शेयरहोल्डिंग का यह अधिग्रहण अगले एक वर्ष में तीन चरणों में पूरा किया जाएगा, और पूरी लेनदेन प्रक्रिया नकद भुगतान के रूप में संरचित होगी। पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मुकेश ठुम्मर ने कहाकि यह अधिग्रहण हमारी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मेटासिस मजबूत इंजीनियरिंग क्षमताएं, स्थापित ग्राहक संबंध और परिपक्व सेवा डिलीवरी मॉडल लेकर आता है।

# ब्लॉपंक्ट ने बीपीआईएन के साथ ब्रांड पार्टनरशिप को 15 वर्षों के लिए बढ़ाया

रीन्यू किए गए इस एग्रीमेंट से भारत के ऑटोमोटिव इकोसिस्टम को ब्लॉपंक्ट की

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

कार इंफोटेनमेंट एवं ऑडियो एक्सेसरीज के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भरोसेमंद नाम ब्लॉपंक्ट ने बीपीआईएन प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपनी पार्टनरशिप को 2041 तक बढ़ाने का एलान किया है। यह इनोवेशन, भरोसे एवं भारतीय कस्टमर्स को विश्वस्तरीय ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस प्रदान करने के साझा विजन पर बने 27 साल के गठजोड़ को आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। रीन्यू किए गए इस एग्रीमेंट से भारत के तेजी से बदलते ऑटोमोटिव इकोसिस्टम को लेकर ब्लॉपंक्ट की प्रतिबद्धता को मजबूती मिली है। साथ ही यह प्रमुख ग्रोथ पार्टनर के रूप में बीपीआईएन की भूमिका को रेखांकित करता है। कार ऑडियो एवं कार एक्सेसरीज दोनों को कवर करने वाली इस पार्टनरशिप का उद्देश्य ओईएम एवं आफ्टर मार्केट गठजोड़ को बढ़ाना है, जिससे उत्पादों की उपलब्धता बेहतर हो और हाई परफॉर्मेंस इन्फोटेनमेंट सिस्टम की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

## यह कदम ग्राहकों को वैश्विक इनोवेशन उपलब्ध कराने के साझा मिशन का प्रतीक

बीपीआईएन प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज जगवानी ने कहाकि ब्लॉपंक्ट के लिए भारत सबसे रोमांचक एवं संभावनाओं वाला बाजार बना हुआ है। यह कदम भारतीय ग्राहकों को वैश्विक इनोवेशन उपलब्ध कराने के हमारे साझा मिशन का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य ब्लॉपंक्ट को परफॉर्मेंस, भरोसा एवं प्रीमियम क्वालिटी चाहने वाले ओईएम एवं कार मालिकों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाना है।

## पार्टनरशिप भारत में हमारी पार्टनरशिप की मजबूती दर्शाती : गेबहार्ट

ब्लॉपंक्ट मुख्यालय की तरफ से डायरेक्टर लाइसेंसिंग थॉर्स्टन गेबहार्ट ने काकि बीपीआईएन के साथ रीन्यू की गई यह पार्टनरशिप भारत में हमारी पार्टनरशिप की मजबूती दर्शाती है। करीब तीन दशक में बीपीआईएन ने दुनिया के सबसे डायनामिक ऑटोमोटिव मार्केट में शुमार भारत में क्वालिटी, इनोवेशन एवं ग्राहकों के भरोसे के मामले में ब्लॉपंक्ट की मजबूत छवि बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस विस्तार के साथ हम न केवल अपनी साझा विरासत एवं दोस्ती का जश्न मना रहे हैं, बल्कि भारत में स्मार्ट, कनेक्टेड इन-कार इन्फोटेनमेंट एवं एक्सेसरीज सॉल्यूशंस की नेक्स्ट जनरेशन के लिए रास्ता भी तैयार कर रहे हैं। देशभर में 100 से ज्यादा सर्विस डीलर्स, 93 डिस्ट्रीब्यूटर्स की कवरेज और ओईएम एवं ऑफ्टर मार्केट सेगमेंट, दोनों में मौजूदगी।

# शेयर बाजार टमाटर की तरह लाल निवेशकों के डूबे 8 लाख करोड़ रुपए

बैंकों को करीब डेढ़ लाख करोड़ रु. की लिक्विडिटी सपोर्ट देने के बाद भी बाजार क्रैश हो गया


फाइल फोटो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय शेयर मार्केट में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को जबरदस्त गिरावट देखने को मिल रही है। दोनों ही प्रमुख बेंचमॉर्क इंडेक्स टमाटर की तरह लाल हो गए है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रेपो ब्याज दरों की कटौती, बैंकों को करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपए की लिक्विडिटी सपोर्ट देने के बाद भी भारतीय शेयर बाजार क्रैश हो गया। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट आई कि कुछ ही घंटों में निवेशकों का करीब 8 लाख करोड़ रुपए स्वाह हो गया। आरबीआई के सपोर्ट के बाद निवेशकों ने उम्मीद लगाई थी कि,सोमवार को बाजार में तेजी हो सकती है। हालांकि ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। सोमवार की दोपहर करीब 2:50 बजे, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स 700.58 अंक या 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,011.79 अंक तो वहीं, एनएसई निफ्टी 50 262.40 अंक या 1.00 फीसदी फिसलकर 25,924.05 के लेवल पर कारोबार कर रही थी।

Development Commissioner (Handicrafts)
Ministry of Textiles, Govt. of India
International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

**हस्तशिल्प प्रदर्शनी**

दिनांक -07.12.2025 से 16.12.2025
समय - दोप. 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक
स्थान- गीता भवन, बस स्टेण्ड के पास, सीहोर ( म.प्र. )

संपूर्ण भारत के हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री स्वयं हस्तशिल्पियों द्वारा

आपके शहर में विश्वप्रसिद्ध भदोही का कारपेट, भागलपुर की सिल्क साड़ियाँ व सूट्स, उज्जैन की बटिक प्रिन्ट, दिल्ली की ज्वेलरी, भोपाल की जरी-जरदोजी व जूट उत्पाद, ग्वालियर एवं जबलपुर का पैच वर्क एवं स्टोन क्राफ्ट, मधुबन की मधुबनी पेंटिंग, प्रयागराज का ड्राई फ्लावर, हैदराबाद की कलमकारी, कोटा राजस्थान का हैड ब्लॉक प्रिंट, चंदेरी साड़ी, महोबा यू.पी. का आर्ट मेटल, बिहार की मिथिला पेंटिंग, जयपुर का लेदर वर्क्स, पश्चिम बंगाल का जामदानी सिल्क साड़िया, पंजाब की फुलकारी, बुधनी के लकड़ी के खिलौने और बहुत कुछ आप एक बार पधारकर शिल्पियों का उत्साहवर्धन अवश्य करें।



50 स्टॉल्स

प्रायोजक :
कार्यालय विकास आयुक्त ( ह. )
वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
www.handicrafts.nic.in

आयोजक :
मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल

## चिंतन

# स्वतंत्रता आंदोलन का उद्घोष बन गया था वंदे मातरम्

वंदे मातरम् भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई का एक शक्तिशाली प्रतीक है, जिसने करोड़ों लोगों को एकजुट किया। यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि इसने लाखों भारतीयों में देशभक्ति की भावना को जागृत किया है। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में यह भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का एक प्रेरणादायक उद्घोष बन गया था। जिस मंत्र, जिस जयघोष ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम् का स्मरण करना देश का बहुत बड़ा सौभाग्य है। वंदे मातरम् केवल भारत का राष्ट्रीय गीत ही नहीं, स्वतंत्रता आंदोलन का प्राण भी है। यह बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा है। इसने हमें याद दिलाया कि भारत केवल जमीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है, जिसकी एकता उसकी संस्कृति और सभ्यता से आती है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि वंदे मातरम् के 150 साल पूर्ण हो रहे हैं और हम सभी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं। वंदे मातरम् पर पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने कहा, 'वंदे मातरम्' अंग्रेजों को करारा जवाब था, ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था, उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था। उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कि पिछले दशकों में वंदे मातरम् के साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी। वंदे मातरम् की 150 वर्ष की यात्रा अनेक पड़ावों से गुजरी है। जब वंदे मातरम् के 50 वर्ष पूरे हुए थे, तब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। जब इसके 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल के अंधेरे में था। आज जब इसके 150 वर्ष हो रहे हैं, तो भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से आगे बढ़ रहा है। 150 वर्ष उस महान अध्याय और उस गौरव को पुनः स्थापित करने का अवसर है। मोदी ने कहा कि मेरा मानना है कि देश और सदन, दोनों को इस अवसर को जाने नहीं देना चाहिए। यही वंदे मातरम् है, जिसने 1947 में देश को आजादी दिलाई। अब संसद में इस पर चर्चा की जरूरत क्यों पड़ी। दरअसल, सरकार चाहती है कि वंदे मातरम् पर चर्चा से देश में राष्ट्रभावना, सांस्कृतिक गौरव और एकता का संदेश जाए। यह विषय जनता में भावनात्मक जुड़ाव भी पैदा करता है। बता दें कि वंदे मातरम् का प्रकाशन 1882 में हुआ और यह आनंद मठ के उपन्यास में शामिल हुआ। पहली बार इसे 1896 में कांग्रेस के अधिवेशन में गाया गया और उस समय जल्द ही यह स्वतंत्रता आंदोलन का अनौपचारिक राष्ट्रगान बन गया। 1905 में बंग-भंग आंदोलन के दौरान यह गीत सड़कों पर गूंजने लगा और इसने लोगों को एकजुट करने का काम किया। इसी गीत ने आजादी की तड़प को लोगों के दिलों में और मजबूत किया। महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू जैसी महान हस्तियों ने भी इसकी भावना को सराहा। 1950 में जब भारत गणराज्य बना, तो जन-गण-मन को राष्ट्रगान चुना गया, लेकिन वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया गया। वंदे मातरम् का सम्मान करना चाहिए। इस गीत का महत्व कभी कम नहीं हो सकता। यह गीत हमारी मातृभूमि की सेवा और उसकी एकता के लिए प्रेरणा का स्रोत बने, न कि विभाजन का।



शीत सत्र

अजीत लाड़

# गतिरोध में थमती संसद की उत्पादकता

सत्र की शुरुआत से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संदेश दिया कि संसद का हर क्षण देश के विकास के लिए होना चाहिए, वह सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं थी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मूल आत्मा का स्मरण था। संसद केवल एक इमारत या सामूहिक बैठकों का स्थल नहीं, वह केंद्र है जहां राष्ट्र के भविष्य की रूपरेखा बनती है। परंतु जैसे ही सत्र आरंभ हुआ, ठीक वही दृश्य सामने आया जो पिछले वर्षों की एक स्थायी प्रवृत्ति बन चुका है। नारे, हंगामा, वेल में उतरना और अंततः कार्यवाही स्थगित होना। ऐसे में समझना जरूरी है कि लोकतंत्र विरोध की व्यवस्था पर चलता है, किंतु विरोध जब निरंतर अवरोध में बदल जाए, तो यह केवल सरकार या विपक्ष की समस्या नहीं रहती। यह लोकतांत्रिक संस्कृति की समस्या बन जाती है।

भारत की संसद का यह शीतकालीन सत्र ऐसे समय शुरू हुआ है जब देश तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों, आर्थिक चुनौतियों और व्यापक नीतिगत निर्णयों के बीच खड़ा है। सत्र की शुरुआत से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संदेश दिया कि संसद का हर क्षण देश के विकास के लिए होना चाहिए। वह सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं थी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मूल आत्मा का स्मरण था। संसद केवल एक इमारत या सामूहिक बैठकों का स्थल नहीं, वह केंद्र है जहां राष्ट्र के भविष्य की रूपरेखा बनती है। परंतु जैसे ही सत्र आरंभ हुआ, ठीक वही दृश्य सामने आया जो पिछले वर्षों की एक स्थायी प्रवृत्ति बन चुका है। नारे, हंगामा, वेल में उतरना और अंततः कार्यवाही स्थगित होना। ऐसे में यह समझना आवश्यक है कि लोकतंत्र विरोध की व्यवस्था पर चलता है। असहमति लोकतांत्रिक प्राण है। किंतु विरोध जब निरंतर अवरोध में बदल जाए, तो यह केवल सरकार या विपक्ष की समस्या नहीं रहती। यह लोकतांत्रिक संस्कृति की समस्या बन जाती है। पिछले कुछ सत्रों का डेटा स्पष्ट संकेत देता है कि संसद अपेक्षित स्तर पर काम नहीं कर पा रही। 2024 के मानसून सत्र में लोकसभा अपने निर्धारित समय का मात्र 29 प्रतिशत चली और राज्यसभा 34 प्रतिशत। सूचीबद्ध प्रश्नों में से 419 प्रश्नों पर केवल 55 उत्तर प्राप्त हुए। 2024 का शीतकालीन सत्र भी औसत से कम रहा। इससे पहले भी 2023 का बजट सत्र और कई अन्य सत्र, विभिन्न विवादों और बाहरी रिपोर्टों को आधार बनाकर, लगातार बाधित होते रहे। कुछ मुद्दे बाद में तकनीकी रूप से संदिग्ध या अधूरे पाए गए, लेकिन तब तक संसद का अनमोल समय नष्ट हो चुका था। यह प्रवृत्ति किसी एक दल की आलोचना नहीं, यह बताने योग्य चेतावनी है कि राजनीति की मौजूदा शैली अधीर होती जा रही है और बहस की परंपरा कमजोर पड़ रही है।

संसद का हर मिनट लगभग लाखों रुपये खर्च करता है और यह राशि जनता के टैक्स से आती है। संसद का बाधित होना केवल एक प्रशासनिक समस्या नहीं, यह आर्थिक संसाधनों के दुरुपयोग, नीति निर्माण की रुकावट और नागरिकों के विश्वास को कमजोर करने वाली स्थिति है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अनिवार्य है। वह सरकार को कठोर प्रश्न पूछकर जवाबदेह बनाता है, गलतियों का खुलासा करता है और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। फिर भी विपक्ष की शक्ति तभी सार्थक होती है जब वह सदन के भीतर बहस में सक्रिय हो। नारे बहस की जगह नहीं ले सकते और शोर रणनीति का विकल्प नहीं हो सकता। इसके विपरीत, सरकार ने पिछले 11 वर्षों में यह दिखाया है कि नीति-निर्माण और सुधार उसकी प्राथमिकता है व संसद के बाधित होने के बावजूद वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में सक्षम रही है। नए संसद भवन का निर्माण, संसद की कार्यप्रणाली का डिजिटलीकरण, कागज-रहित कामकाज, अप्रासंगिक 1576 कानूनों को हटाना और 421 बिलों को पारित कराना, यह सब किसी भी सरकार के लिए असाधारण उपलब्धियां हैं। यह कार्य ऐसे समय में संभव हुआ है जब लगभग हर सत्र में किसी न किसी मुद्दे पर व्यवधान पैदा हुआ। वर्तमान शीतकालीन सत्र में सूचीबद्ध 13 महत्वपूर्ण विधेयक देश की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और प्रशासनिक ढांचे को सीधे प्रभावित करते हैं। परमाणु



ऊर्जा प्रबंधन, राष्ट्रीय उच्च शिक्षा आयोग, दिवालियापन प्रक्रिया सुधार, सिक्योरिटीज मार्केट कोड, राजमार्ग संशोधन, बीमा और कर संबंधी कानूनों में बदलाव। ये सभी ऐसे निर्णय हैं जो भारत की उभरती अर्थव्यवस्था को अगले दशक की दिशा देंगे। ऐसे में जनता को यह जानने का अधिकार है कि इन महत्वपूर्ण विधेयकों पर गंभीर चर्चा क्यों नहीं हो पाती और सत्र बार-बार अवरोध का शिकार क्यों बनता है? आज भारत वैश्विक मंचों पर नीति-स्थिरता, सुधारवादी दृष्टि और प्रशासनिक दक्षता के कारण सम्मान प्राप्त कर रहा है। जब दुनिया ऊर्जा सुरक्षा, सप्लाई-चेन स्थिरता, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और भू-राजनीतिक संतुलन की चुनौती देख रही है, भारत को अपनी नीतियों में त्वरित निर्णय और स्पष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इस संदर्भ में संसद का हर सत्र देश की सामरिक और आर्थिक दिशा तय करने वाला निर्णायक क्षण बन जाता है। ऐसे समय में अवरोध की राजनीति केवल घरेलू नीतियों को नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के प्रति विश्वास को भी प्रभावित कर सकती है। लोकतंत्र में बहस की संस्कृति केवल सत्ता बदलने का साधन नहीं, यह शासन की गुणवत्ता तय करती है। सरकार पर कठोर सवाल उठाना विपक्ष की जिम्मेदारी है, पर उन सवालों को प्रश्नकाल, शून्यकाल और विधायी बहसों में उठाया जाना चाहिए, न कि हंगामे में खो जाने देना चाहिए। लोकतंत्र को शोर की जरूरत नहीं, जवाबदेही की जरूरत है। फिर भी यह मानना गलत होगा कि सारा दोष केवल एक प्रवृत्ति या समूह का है। भारत की राजनीति में टकराव स्वाभाविक है, और कभी-कभी भावनाएं उग्र भी हो जाती हैं। इन सबसे परे परिपक्व लोकतंत्र वे हैं जो उस उग्रता को नियंत्रित कर लेते हैं, उसे बहस में ढाल देते हैं और नीति-निर्माण को प्राथमिकता देते हैं। यही वह राजनीतिक परिपक्वता है जिसे भारत को और मजबूती से अपनाने की आवश्यकता है। सरकार को जनता ने लगातार इसीलिए समर्थन दिया है क्योंकि उसका जोर रोजमर्रा की राजनीति के शोर से ऊपर उठकर परिणामों पर रहा है। जनधन योजना, जीएसटी, दिवालियापन कानून, डिजिटल पेमेंट संरचना, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, यूपीआई विस्तार, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य ढांचे का विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा पर स्पष्ट नीति। ये वो सुधार हैं, जिन्होंने भारत की विकास दिशा तय की है। यही कारण है कि जनता सरकार से यह उम्मीद करती है कि वह अपनी नीतिगत प्रतिबद्धताओं पर मजबूती से आगे बढ़ती रहे और इस प्रक्रिया में विपक्ष का सहयोग या कम से कम, उसका संवैधानिक आचरण उतना ही आवश्यक है।

संसद का समय राष्ट्र का समय है। यह किसी दल या नेता का निजी परिसर नहीं, यह 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक आकांक्षा का केंद्र है। इसलिए संसद की गरिमा केवल भाषणों में नहीं, आचरण में दिखनी चाहिए। बहसें हों, कठोर सवाल उठें, सरकार घिरे, लेकिन यह सब प्रक्रिया के भीतर हो। जब संसद रुकती है तो देश रुकता है। जब कार्यवाही ठप होती है, तो भविष्य ठहर जाता है। भारत आज निर्णायक मोड़ पर है-आर्थिक उछाल, वैश्विक भरोसा, युवाओं की बढ़ती आकांक्षाएं और तकनीकी क्रांति। ये सब संकेत देते हैं कि आने वाला दशक भारत का हो सकता है। फिर भी यह तभी संभव है जब संसद अपनी मूल भूमिका में लौटे। बहस, तथ्य, नीति और राष्ट्रहित के आधार पर निर्णय हों। सरकार अपनी उत्पादकता बनाए रखे और विपक्ष अपनी सार्थक भूमिका निभाए। लोकतंत्र की सुंदरता इसी संतुलन में है। यही वह संतुलन है, जिसे इस सत्र में पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है, क्योंकि अंततः लोकतंत्र की वास्तविक आवाज बहस में है, शोर में नहीं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# भ्रष्टाचार के मकड़जाल में फंसी है पूरी दुनिया

दुनिया के लगभग हर देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। लाख प्रयासों के बाद भी भ्रष्टाचार की इस महामारी से विश्व मुक्त नहीं हो पाया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा लोगों में जन जागरण और चेतना जगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक दिवसों का आयोजन किया जाता है, इनमें एक दिवस भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है। 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है, भ्रष्टाचार का मुकाबला करने की खातिर वैश्विक प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी देशों को मिलकर काम करना होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में रिश्वत की वार्षिक मात्रा एक ट्रिलियन डॉलर आंकी गई है। भ्रष्टाचार के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को 2.6 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होता है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत से अधिक है।

यह अकाट्य सत्य है कि दुनियाभर में भ्रष्टाचार की वजह से न केवल आर्थिक विकास पर असर पड़ता है बल्कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास को भी ठेस पहुंचती है। विश्व का कोई भी देश भ्रष्टाचार से सुरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार आर्थिक विकास में बाधक है, लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाता है। भ्रष्टाचार से सामाजिक असामानता फैलती है। हर साल ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल जैसी वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग भी जारी करता है, जिसमें भ्रष्टतम देश शामिल किए जाते हैं। मगर लाख प्रयासों के बाद भी भ्रष्टाचार पर कोई प्रभावी अंकुश नहीं लगाया जा सका। यह हमारे सिस्टम का फेलियोर है या सत्ताधीशों का, इस पर चिंतन और मनन की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक भ्रष्टाचार अपराध है जो सामाजिक और आर्थिक विकास को कमजोर करता है। वर्तमान में भ्रष्टाचार से कोई देश, क्षेत्र या समुदाय बचा नहीं है। इससे लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है भ्रष्ट आचरण यानि जिसका आचार बिगड़ गया हो। स्वार्थ में लिप्त होकर किया गया गलत कार्य भ्रष्टाचार होता है। भ्रष्टाचार के कई रूप हैं- रिश्वत, कमीशन लेना, काला बाजारी, मुनाफाखोरी, मिलावट, कर्तव्य से भागना, चोर-अपराधियों आतंकियों को सहयोग करना आदि आदि। इसका सीधा मतलब है जब कोई व्यक्ति समाज द्वारा स्थापित नैतिकता के आचरण का उल्लंघन करता है तो वह भ्रष्टाचारी कहलाता है। यहां भ्रष्टाचार से हमारा तात्पर्य अनैतिक और गलत तरीके से अर्जित आय से है।

भारत में भ्रष्टाचार ने लगता है संस्थागत रूप धारण कर लिया है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलेआम यह कहा है कि वे न तो खाएंगे और न खाने देंगे। मोदी अपनी बात पर कायम रहे, मगर भ्रष्टाचार पर काबू नहीं पाया जा सका है। दुनिया के भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली संस्था ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के द इंडिया करप्शन सर्वे 2024 के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 96वें स्थान पर रहा। इससे पहले साल 2023 में 93 और 2022 में भारत की रैंकिंग 85 थी, जो इस साल बढ़कर 96 हो गई है। दुनिया में सबसे भ्रष्ट देश सोमालिया है, जबकि सबसे कम भ्रष्ट डेनमार्क है, जो लगातार छठे साल भी ग्लोबल करप्शन इंडेक्स में टॉप पर है।

140 करोड़ की आबादी का आधा भारत आज रिश्वतखोरी के मकड़जाल में फंसा हुआ है। स्थिति यह हो गई है कि बिना रिश्वत दिए आप एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते। हमारे देश में भ्रष्टाचार इस हद तक फैल चुका है कि इसने समाज की बुनियाद को हिलाकर रख दिया है। जब तक मुट्ठी गर्म न की जाए तब तक कोई काम ही नहीं होता। एनसीआरबी और लोकल सर्कल इंडिया करप्शरन सर्वे रिपोर्ट में यह भी उल्लेकख किया गया है कि लोगों को सबसे ज्यादा घूस जमीन से जुड़े मामलों में देनी पड़ रही है। इसके बाद दूसरे सबसे भ्रष्ट महकमों में पुलिस शामिल है। भ्रष्टाचार एक संचारी बीमारी की भांति इतनी तेजी से फैल रहा है कि लोगों को अपना भविष्य अंधकार से भरा नजर आने लगा है और कहीं कोई भ्रष्टाचार मुक्त समाज की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। मंत्री से लेकर संतरी और नेताओं तक पर भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे है। भ्रष्टाचार हमारे सामाजिक, आर्थिक और नैतिक जीवन मूल्यों पर सबसे बड़ा प्रहार है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कठोर कानून और दंड-व्यवस्था की जानी चाहिए। जब तक समाज एकजुट होकर भ्रष्टाचार पर हमला नहीं करेगा तब तक इस बीमारी को जड़मूल से समाप्त नहीं किया जा सकता।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित

दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# बच्चों को अच्छे संस्कार देने पर दें ध्यान



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## सटाका




## आज की पाती

### अन्याय कभी भी सहन मत करो

यदि आज हम किसी अन्य के साथ हो रहे अन्याय का विरोध नहीं करते, तो यकीन मानिए एक दिन हम स्वयं भी उसी अन्याय का शिकार अवश्य ही होंगे। यही समय है, यही पल, यही क्षण है। ये इंतजार कभी भी नहीं कीजिए, कि केवल हमारे ही साथ कहीं कभी अन्याय होगा, तभी हम किसी सड़ी हुई विकृत व्यवस्था का विरोध करेंगे। फिर उस वक्त व्यर्थ के रुदन, रोने-धोने से कोई लाभ, कोई सकारात्मक प्राप्ति होना अत्यंत ही कठिन या संभवतः असंभव हो सकता है। एक बहुत प्रसिद्ध उक्ति है कि न्याय में देरी, लगभग अन्याय के ही बराबर है। देश, समाज, दुनिया में कहीं एक जगह, किसी एक के साथ हो रहा अन्याय, हर जगह अन्याय होना भी माना जा सकता है। आम तौर पर लोग अन्याय का विरोध नहीं करते हैं, जिसके परिणाम भयंकर होते हैं। इसलिए अन्याय कभी भी सहन मत करो।

*– पवन सोनी, धमतरी*

## ट्रेंड

### नई चेतना का संचार



'सुप्रभातम कार्यक्रम में मैं एक विशेष हिस्से की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। यह है संस्कृत सुभाषित। इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति और विरासत को लेकर एक नई चेतना का संचार होता है। यह है आज का सुभाषित।'

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मन को संतुष्टि मिली



'श्री हरमंदिर साहिब में शीश नवाने के बाद मेरे मन को संतुष्टि मिली। वाहेगुरु जी, आप अपनी कृपा दृष्टि सभी पर बनाए रखें।' मैं दिल्ली के लाल किले में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद शुक्रिया अदा करने आई हूं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### आप हमेशा मेरे साथ रहेंगे



धरम जी, जन्मदिन मुबारक हो..आपको गए हुए दो सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है। मैं धीरे-धीरे खुद को संभाल रही हूं। आप हमेशा मेरे साथ रहेंगे" आपके साथ बिताई जीवन की 'खुशनुमा यादें' कभी मिट नहीं सकतीं। इन पलों को याद करके बड़ा सुकून व खुशी मिलती है।

-हेमा मालिनी, सांसद

### बेहतर महसूस कर रहा



मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मुझे लगता है कि जिस दिन मैं यहां आया था, उस दिन से लेकर आज तक मैंने कौशल विकास और अभ्यास के कई सत्रों में हिस्सा लिया है। सीओई ने खेलने की अनुमति दे दी है।

-शुभमन गिल, उपकप्तान, भारतीय टी20 टीम

## करंट अफेयर

# अमेरिकी रक्षा नीति में भारत से व्यापक संबंध बनाने पर जोर



अमेरिका के वार्षिक रक्षा नीति विधेयक में भारत के साथ विशेषकर 'क्वाड' के माध्यम से सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया है ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त एवं खुला बनाए रखने के साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सके और चीन से उत्पन्न चुनौतियों का सामना किया जा सके। रविवार को संसदीय नेताओं द्वारा जारी वित्त वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार अधिनियम (एनडीएए) में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों पर अमेरिकी संसद की राय को रेखांकित किया गया है। विधेयक में कहा गया है कि रक्षा मंत्री को चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका की तुलनात्मक बढ़त को बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा सहयोगियों और साझेदारियों को मजबूत करने के प्रयास जारी रखने चाहिए। इन प्रयासों में 'भारत के साथ अमेरिकी संबंधों को व्यापक बनाना, जिसमें चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों तथा सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, रक्षा व्यापार का विस्तार तथा मानवीय सहायता और आपदा प्रतिक्रिया पर सहयोग के माध्यम से एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा उद्देश्य को आगे बढ़ाना शामिल है।'

## ऑफ बीट

# क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है



डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है: यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ - और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है: रासायनिक सॉल्वैंट्स, तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), या विशेष फिल्टर वाला सादा पानी। इन सभी प्रसंस्करण विधियों में आवश्यक अतिरिक्त कदमों के कारण डिकैफ़ कॉफ़ी अक्सर अधिक महंगी होती है। अधिकांश डिकैफ़ कॉफी विलायक-आधारित तरीकों का उपयोग करके बनाई जाती है क्योंकि यह सबसे सस्ती प्रक्रिया है। यह विधि दो और प्रकारों में विभाजित है: प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष विधि में कॉफी बीन्स को भाप में पकाना और फिर उन्हें बार-बार एक रासायनिक विलायक (आमतौर पर मेथिलीन क्लोराइड या एथिल एसीटेट) में भिगोना शामिल है जो कैफीन से बंध जाता है और इसे बीन्स से निकालता है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

संसद में वंदे मातरम पर तीखी बहस राजनाथ बोले

# जन-गण-मन व वंदे मातरम मां भारती की दो आंखें, इसे अपूर्ण बनाने की कोशिश की गई और जिन्ना के चश्मे से भी देखा गया

राजनाथ सिंह ने कहा कि 'कुछ लोग यह नैरेटिव बनाने की कोशिश कर सकते हैं कि जन-गण-मन और वंदे मातरम के बीच एक दीवार खड़ी की जा रही है। ऐसा नैरेटिव बनाने का प्रयास विभाजनकारी सोच है। जनता को सब जानना चाहिए




*राष्ट्रगीत के साथ अन्याय किया गया, इसे दबाया गया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग यह नैरेटिव बनाने की कोशिश कर सकते हैं कि जन-गण-मन और वंदे मातरम के बीच एक दीवार खड़ी की जा रही है। ऐसा नैरेटिव बनाने का प्रयास विभाजनकारी सोच है. जो लोग यह बात नहीं समझते है वह मां की ममता को भी नहीं समझ सकते। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि जन-गण-मन और वंदे मातरम मां भारती की दो आंखें है। मां भारती के दो अमर सपूतों की किलकारियां हैं। वंदे मातरम का उदघोष किसी के खिलाफ नहीं है,बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान की अभिव्यक्ति है। सिंह ने कहा वंदे मातरम के साथ जो न्याय होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। जन-गण-मन राष्ट्रीय भावना में बसी, लेकिन वंदे मातरम को दबाया गया।

वंदे मातरम के साथ हुए अन्याय के बारे में हर किसी को जानना चाहिए। वंदे मातरम के साथ इतिहास का एक बड़ा छल हुआ। इस अन्याय के बावजूद वंदे मातरम का महत्व कभी कम नहीं हो पाया। वंदे मातरम स्वयं में पूर्ण है, लेकिन इसे अपूर्ण बनाने की कोशिश की गई। इसके साथ जो अन्याय हुआ, उसे जानना जरूरी है. क्योंकि देश की भावी पीढ़ी वंदे मातरम के साथ अन्याय करने वालों की मंशा जान सके।

### इसने ब्रिटिश साम्राज्य को झुकाया

सिंह ने कहा कि वंदे मातरम इतिहास और वर्तमान से जुड़ा हुआ है। वंदे मातरम ने देश को जगाया है। ये सिर्फ बंगाल के चुनाव से नहीं जुड़ा है। वंदे मातरम ने ब्रिटिश साम्राज्य को झुकाया है।

### ब्रिटिश हुकूमत लोगों के मानस से वंदे मातरम को नहीं निकाल सकी


संसद में वंदे मातरम पर बोलते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

राजनाथ ने कहा कि बंगाल विभाजन के खिलाफ हुए आंदोलन के दौरान वंदे मातरम की गूंज जनमानस में बैठी। ब्रिटिश हुकुमत ने इसके खिलाफ एक सर्कुलर जारी किया, लेकिन फिर भी ब्रिटिश हुकूमत लोगों के मानस से वंदे मातरम को नहीं निकाल सकी। 1906 में जब पहली बार भारत का पहला झंडा बनाया गया, तब उसके मध्य में वंदे मातरम लिखा था। वंदे मातरम नाम से अखबार भी था।

### जन गण मन और वंदे मातरम भारतीय संस्कृति तथा राष्ट्रीय भावना की आत्मा

सिंह ने कहा कि मां अपने बच्चों में कोई भेदभाव नहीं करती। जन गण मन और वंदे मातरम भारत माता के दो सपूतों की किलकारियां हैं। उन्होंने बताया कि ये दोनों गीत न केवल देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक हैं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में भी लोगों को एकजुट करने का काम करते रहे। ये भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय भावना की आत्मा हैं, जो हर भारतीय के दिल में गर्व और प्रेम की भावना जगाते हैं।

इन्होंने भी कहा

### जिन्ना को इससे नफरत थी और पंडित नेहरू झुक गए थे : रविशंकर

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने लोकसभा में संबोधन पर कहा कि



आज भारत की संसद में एक बहुत ऐतिहासिक बहस हुई है। वंदे मातरम की विरासत को प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत विस्तार से बताया है। पूरे देश को यह सीखने और समझने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि पावन राष्ट्रभक्ति के भाव के इस गीत को इसलिए तोड़ा गया क्योंकि मोहम्मद अली जिन्ना को इससे नफरत थी और पंडित नेहरू झुक गए थे।

## अनुराग ने भी विपक्ष को घेरा

## 'वंदे मातरम सिर्फ गीत नहीं, राष्ट्रीय प्रेम की रीत है, इसलिए कांग्रेस इससे भयभीत है



हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट से निर्वाचित भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आज की चर्चा ऐतिहासिक दस्तावेज की तरह बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि ये कोई धार्मिक गीत नहीं, ये राष्ट्र की आत्मा और भारत के गौरव का गीत है। ये देश की संस्कृति और विरासत का प्रतीक है।

### कांग्रेस के अधिवेशन में यह इस्लाम विरोधी नहीं था तो अब कैसे हो गया?

वंदे मातरम के काटे गए हिस्सों और इसके इतिहास का जिक्र करते हुए ठाकुर ने कहा कि यह उतना ही पवित्र है, जितना, गीता, बाइबल और कुरान है।

ठाकर ने कहा, अगर 1896 में कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में वंदे मातरम इस्लाम विरोधी नहीं था तो बाद में यह कैसे हो गया?

### जिन्ना के मुन्ना को भी वंदे मातरम से दिक्कत?

ठाकुर ने कहा है कि वंदे मातरम राष्ट्र भक्तों के लिए ऊर्जा का स्रोत है, लेकिन कुछ लोगों को इससे एलर्जी है। मैं 150वीं जयंती पर इतना ही कहूंगा, कि अंग्रेजों को वंदे मातरम से दिक्कत थी, जिन्ना को वंदे मातरम से दिक्कत थी, जिन्ना के मुन्ना को भी इससे दिक्कत है? इसकी कुछ पंक्तियों को क्यों हटाया गया?

राहुल के नदारद रहने पर उठे सवाल

## मुस्लिम लीग के आगे समर्पण किया



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अहम चर्चा के वक्त सदन में मौजूद नहीं थे, क्योंकि उनके मन में अपराधबोध है। प्रधानमंत्री ने भी कांग्रेस के रुख पर कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम के साथ विश्वासघात किया और मुस्लिम लीग के आगे समर्पण किया।

विपक्ष से बोले गोगोई

### कांग्रेस ने वंदे मातरम को उसकी अहमियत दी



सदन में कांग्रेस के डिप्टी लीडर गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की यह आदत है कि जब भी वह किसी मुद्दे पर बोलते हैं तो भारत के पहले प्रधानमंत्री नेहरू और कांग्रेस का जिक्र करते रहते हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान उन्होंने नेहरू का नाम 14 बार और कांग्रेस का नाम 50 बार लिया। जब संविधान की 75वीं सालगिरह पर चर्चा हुई, तो नेहरू का नाम 10 बार और कांग्रेस का नाम 26 बार लिया गया। गोगोई ने कहा कि अगर किसी राजनीतिक पार्टी ने वंदे मातरम को वह अहमियत दी जिसका वह हकदार था, तो वह कांग्रेस थी। उनकी पार्टी ने यह पक्का किया कि इसे सिर्फ एक राजनीतिक नारे के तौर पर न देखा जाए।

### यह सिर्फ गाने के लिए नहीं, निभाने के लिए



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने वंदे मातरम ने देश को एक किया और आजादी की लड़ाई में जान डाली। सत्ता पक्ष हर चीज पर कब्जा करना चाहता है। यादव ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ पढ़ने के लिए नहीं है, बल्कि इसका पालन करने के लिए है।

### बालासाहेब कहते थे- वंदे मातरम कहना होगा: बरने

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के सांसद बरने ने बालासाहेब ठाकरे के बयान से अपने वक्तव्य की शुरुआत की। बकौल बरने, 'बालासाहेब कहते थे, अगर इस देश में रहना है तो वंदे मातरम कहना होगा। बाला साहेब ठाकरे गर्व से कहते थे हम हिंदू हैं, इस पर भी हमें गर्व है।

### शरद पवार की पार्टी के सांसद ने क्रांतिकारियों को याद किया


सांसद मुरलीधर एनसीपी (शरद पवार) गुट के सांसद ने मराठी भाषा में कहा कि आजादी के आंदोलन में इसका योगदान कभी न भूलने वाला है। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ देशवासियों को एकजुट करने में इसने बड़ी भूमिका निभाई है।

---

## खबर संक्षेप

### बंगाल में 'सर' के लिए 5 विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर को और



पारदर्शी व सख्त निगरानी वाली बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने राज्य के डिवीजनों में 5 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है, ताकि सर से जुड़े काम नियमों के हिसाब से हों।

### उत्तराखंड कांग्रेस के बड़े नेता दिल्ली तलब

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के बड़े नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल,



हरीश रावत, हरक सिंह रावत, प्रीतम सिंह, यशपाल आर्य और करन महारा दिल्ली बुलाए गए हैं। इनकी आलाकमान के साथ मीटिंग होगी। चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह ने सिखों को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।

### साइको रेप के आरोपी का हाफ एनकाउंटर

**अहमदाबाद** । गुजरात के अहमदाबाद में पुलिस ने रेप के साइको आरोपी का एनकाउंटर



किया है। आरोपी का क्राइम ब्रांच टीम ने एनकाउंटर किया है। पुलिस ने पैर में गोली मारी है। आरोपी पुलिस कांस्टेबल भरत भाई राठौड़ पर हमला किया। इसी दौरान उसके पैर में गोली मारी गई। मोइनुद्दीन ने भागने की कोशिश की थी।

### ट्रंप के नाम पर सड़क का नाम रखेंगे रेड्डी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद की एक सड़क का नाम अमेरिका के



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा है। तेलंगाना के सीएम का यह फैसला तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट के दौरान अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां पाने की कोशिश लग रहा है। इसे लेकर सीएम रेड्डी विरोधियों के निशाने पर आ गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सामान्य भविष्य निधि पर सुनाया अहम फैसला

# दिवंगत कर्मचारी की जीपीएफ राशि पत्नी-मां में बराबर बांटी जाए, पूर्व का नामांकन 'अमान्य'

भले ही पति की मां को नामित किया गया हो, परिवार को परिभाषित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला की याचिका स्वीकार कर ली। महिला ने कहा कि उसके दिवंगत पति की नौकरी के दौरान जमा हुई सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) की रकम उसे मिलनी चाहिए, भले ही पति की मां को ही नामित किया गया हो। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि जब कोई कर्मचारी परिवार बनाता है (जैसे शादी हो जाती है), तो पहले भरा गया नामांकन फॉर्म अपने-आप मान्य नहीं रहता। अगर कर्मचारी ने परिवार बनने से पहले किसी को नामित किया था, तो वह नामांकन बाद में वैध नहीं माना जाता।

ऐसी स्थिति में रकम परिवार के सभी पात्र सदस्यों में बराबर हिस्से में बांटी जानी चाहिए।पीठ ने कहा कि हालांकि, दिवंगत कर्मचारी ने अपनी मां को नामित किया था, लेकिन नामांकन फॉर्म में मौजूद शर्तों के अनुसार कर्मचारी की मृत्यु के समय वह नामांकन मान्य नहीं रह गया।अदालत ने यह भी साफ कहा कि जीपीएफ का नामांकन फॉर्म या उसमें भरा गया कोई भी हिस्सा, मां को पत्नी से ज्यादा अधिकार नहीं देता।

**शादी के बाद भरा गया फॉर्म मान्य नहीं हो सकता**

अदालत ने यह भी कहा- मां को पत्नी से ज्यादा अधिकार नहीं



### नामांकन अमान्य तो सभी सदस्यों में वितरण होना चाहिए

पति ने 2003 में अपनी पत्नी (याचिकाकर्ता) से शादी की। शादी के बाद उसने कई अन्य नौकरी से जुड़ी सुविधाओं में पत्नी को ही लाभ लेने वाला (नॉमिनी) बनाया, लेकिन जीपीएफ वाले नामांकन में बदलाव नहीं किया और वह पहले जैसा ही बना रहा। शीर्ष अदालत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रासंगिक नियम वास्तव में यह प्रावधान करते हैं कि जब कोई नामांकन अमान्य हो जाता है, तो राशि सभी पात्र सदस्यों के बीच वितरित की जानी चाहिए।

### उन्होंने नामांकन बदलने की कोई कोशिश नहीं की

अदालत ने यह स्पष्ट किया कि अगर नामांकन अमान्य हो जाए, तो जीपीएफ की रकम परिवार के सभी पात्र सदस्यों में बांटी जाती है। अदालत ने यह भी कहा कि पति के पास 2003 में शादी होने से लेकर 2021 में

### पत्नी आधी रकम पहले ही प्राप्त कर चुकी

कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं होती कि वे नामांकन बदलने या रद्द करने के लिए याद दिलाएं। यह कर्मचारी का अपना कर्तव्य है। नियमों में साफ बताया गया है कि उसके बाद परिवार के जीवित सदस्यों में पैसा कैसे बांटा जाएगा। कोर्ट ने कहा कि पत्नी को आधी रकम पहले ही मिल चुकी है।

## कार में बैठकर वकालत नहीं हो सकती, वकीलों के लिए क्यूबिकल का आदेश दिया

बॉम्बे हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया कि कोर्ट परिसरों में वकीलों के लिए ऐसे क्यूबिकल उपलब्ध कराए जाएं, जहां से वे आराम से वर्चुअल सुनवाई में शामिल हो सकें। कोर्ट ने ये बात तब कही जब उसे पता चला कि कई वकील मजबूरी में अपनी कारों में बैठकर ही ऑनलाइन सुनवाई में जुड़ रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश श्रीचंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम ए. अखंड की पीठ राज्य में चल रही स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पूरे महाराष्ट्र से 100 से ज्यादा याचिकाएं मुख्य न्यायाधीश की बेंच पर भेजी गई हैं ताकि अलग-अलग आदेश न निकलें। इसलिए अलग-अलग जिलों के वकील वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बहस कर रहे हैं।



### कार में बैठकर कोर्ट को एड्रेस नहीं कर सकते

एक वकील कार में बैठकर ऑनलाइन पेश हुए. इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ये कार में बैठा कौन है? आप लॉग ऑफ करिए। इस पर वकील ने तुरंत कनेक्शन बंद कर दिया, लेकिन कुछ देर बाद नागपुर की एक वकील भी कार में बैठकर ऑनलाइन जुड़ीं, तब पीठ ने फिर कहा आप कार में बैठकर कोर्ट को संबोधित नहीं कर सकतीं।

### क्या वकीलों के लिए क्यूबिकल नहीं है?

पीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि क्या वकीलों के लिए ऑनलाइन पेश होने का कोई क्यूबिकल नहीं है? कोई जगह होनी चाहिए। आमतौर पर बार असोसिएशन यह सुविधा देता है। कुछ क्यूबिकल होने चाहिए। राज्य की ओर से पेश अतिरिक्त सरकारी वकील नेहा भिड़े ने बताया कि मुंबई में अलग से जगह नहीं है।

गोवा नाइट क्लब हादसा

## फुकेट भागे आरोपी, चालक अरेस्ट पुलिस इंटरपोल की ले रही मदद

मालिक का चालक भरत अरेस्ट, करता था प्रबंधन



एजेंसी ▶▶ पणजी

गोवा के एक नाइट क्लब में भीषण आग लगने की घटना के मामले में दिल्ली से एक गिरफ्तारी हुई है। इस अग्निकांड में 25 लोगों की जान चली गई थी। राज्य पुलिस ने दिल्ली से नाइट क्लब के एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है। यह गिरफ्तारी मामले की जांच में एक नया मोड़ ला सकती है।

हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान भरत कोहली के रूप में हुई है, जो दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके का निवासी है। कोहली पर उसके दैनिक संचालन की देखरेख की जिम्मेदारी थी। पुलिस के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद दो मुख्य आरोपी गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा देश से बाहर चले गए। उनकी गिरफ्तारी के लिए अब इंटरपोल की सहायता ली जा रही है, जबकि एक अन्य आरोपी भारत कोहली को दिल्ली से पकड़कर ट्रांजिट रिमांड पर गोवा लाया गया है।

### अब तक कई आए लपेट में

इस मामले में गोवा पुलिस पहले ही कई गिरफ्तारियां कर चुकी है। गिरफ्तार किए गए लोगों में क्लब के मुख्य महाप्रबंधक राजीव मोदक, महाप्रबंधक विवेक सिंह, बार प्रबंधक राजीव सिंघानिया और गेट प्रबंधक रियांशु ठाकुर शामिल हैं। अब कोहली की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस बीच मालिक ने वीडियो भेजकर घटना पर दुख जताया है, लेकिन वह फरार है।

### 4 आरोपियों को 6 दिन की हिरासत

अंजुना पुलिस ने क्लब के मुख्य महाप्रबंधक राजीव मोदक (49 वर्षीय, निवासी आर.के. पुरम, नई दिल्ली), महाप्रबंधक विवेक सिंह (27 वर्षीय, निवासी जौनपुर, उत्तर प्रदेश), बार प्रबंधक राजीव सिंघानिया (32 वर्षीय, निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश) और गेट प्रबंधक प्रियांशु ठाकुर (32 वर्षीय, निवासी मालवीय नगर, नई दिल्ली) को गिरफ्तार किया है। चारों को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया।

### 2 अन्य क्लब और ढाबा पर भी कार्रवाई

उत्तर गोवा जिला प्रशासन ने वैगेटर और असागाओ में स्थित रोमियो लेन चेन के दो अन्य क्लब और एक तटीय ढाबा भी बंद कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि इन दोनों संपत्तियों पर भी कार्रवाई की गई क्योंकि ये विवादों में शामिल थीं।

नवजोत ने '500 करोड़' पर दी सफाई

## मेरे 'बयान' को तोड़ा-मरोड़ा गया पार्टी ने सदस्यता से किया सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

कांग्रेस की नेता नवजोत कौर सिद्धू ने 'मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए 500 करोड़ रुपए' वाले बयान पर राजनीतिक विवाद



खड़े होने के बाद सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। नवजोत को पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राइमरी सदस्यता से सस्पेंड कर दिया गया है।

### नवजोत ने यह कहा था

नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत ने कहा था कि जो 500 करोड़ रुपए का 'सूटकेस' देता है, वही मुख्यमंत्री बन जाता है। कौर ने शनिवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा था कि अगर कांग्रेस उन्हें पंजाब में पार्टी का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करती है, तो उनके पति सक्रिय राजनीति में लौट आएंगे।

कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद का शिलान्यास किया

# मुस्लिम व्यापारी ने 80 करोड़ देने को कहा,11 बक्से भरे नोट मिले

नकद दान में एकत्र मुद्राओं का सही मूल्य निर्धारित नहीं किया गया

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद का शिलान्यास किया था। मुर्शिदाबाद ज़िले के बेलडांगा में प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के लिए दान में मिले नोटों के ढेरों की गिनती का एक वीडियो कबीर द्वारा अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट किए जाने के बाद काफ़ी चर्चा में है। इतनी रकम देने वाले का नाम नहीं बताया। कबीर ने बताया कि प्रस्तावित मस्जिद का बजट 300 करोड़ है।

मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में होगा निर्माण



### चंदे की गिनती की जा रही

यह वीडियो तेज़ी से वायरल हो रहा है और लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर इतने पैसे कहां से इकट्ठा किए गए? कबीर ने बताया कि प्रस्तावित मस्जिद की आधारशिला रखे जाने के दिन शनिवार से स्थानीय निवासियों से नकद दान के रूप में नोटों से भरे 11 बक्से एकत्र किए गए हैं। नकद दान के रूप में एकत्र की गई मुद्राओं का सही मूल्य अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है। चंदे की गिनती हो रही है।

### सोशल मीडिया के जरिए लगभग 93 लाख मिले

कबीर ने बताया कि ऑनलाइन चंदा भी आया है। एक क्यूआर कोड के ज़रिए लगभग 93 लाख मिले हैं। कबीर ने अनाम दानदाता के बारे में कोई जानकारी नहीं दी, जिसने लगभग 80 करोड़ देने का वादा किया है। उन्होंने उस व्यक्ति का नाम सिर्फ़ एक मुस्लिम व्यवसायी बताया।

### कबीर का यू-टर्न, अब नहीं दूंगा इस्तीफा

बाबरी मस्जिद-शैली की मस्जिद का शिलान्यास कर राजनीतिक हलचल मचाने वाले कबीर ने चौंकाने वाला यू-टर्न ले लिया। कुछ दिन पहले 17 दिसंबर को इस्तीफा देने का ऐलान कर चुके कबीर ने अब कहा है कि वह विधायक पद से इस्तीफा नहीं देंगे। मेरे इस्तीफे का कोई सवाल ही नहीं। मेरे क्षेत्र के लोगों ने मुझसे इस्तीफा न देने की अपील की है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने बताया

# यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स भारत में जल्द शुरू करेगी कैंपस

**धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि दोनों देश अपनी शैक्षिक साझेदारी को नई ऊर्जा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें दोनों देशों के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग, रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान वित्तपोषण, शैक्षिक एवं अकादमिक गतिशीलता को बढ़ावा देना शामिल है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व की टॉप-20 यूनिवर्सिटियों में शुमार ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स (यूएनएसडब्ल्यू) जल्द ही भारत में अपना कैंपस शुरू करने जा रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार यह ऑस्ट्रेलिया का एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है, जो क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शीर्ष-20 उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आधिकारिक जानकारी साझा करते हुए बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स भारत में अपना परिसर स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है। दरअसल, धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर और सहायक मंत्री जूलियन हिल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों और मित्रों से मिलकर उन्हें अत्यंत खुशी हुई।

*दोनों देश शैक्षिक एवं अकादमिक ऑपरेशन्स को बढ़ावा देंगे*

*'प्री-स्कूल से लेकर पीएचडी' तक शिक्षा क्षेत्र में करेंगे सहयोग*

## शिक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहभागिता की समीक्षा की



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करते ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर (मध्य में)।

धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा सहयोग की समीक्षा की गई। साथ ही 'प्री-स्कूल से लेकर पीएचडी' तक शिक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहभागिता को और मजबूत करने पर गहन चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि भारत के लिए छात्रों में आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-रेडी पीढ़ी तैयार करना प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक के दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर के साथ मिलकर यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स को लेटर ऑफ इंटेंट भी सौंपा।

### दोनों देश ज्ञान साझेदारी को सशक्त करेंगे

प्रधान ने यूएनएसडब्ल्यू को बधाई देते हुए भारत में उसका स्वागत किया और इसे भारत-ऑस्ट्रेलिया ज्ञान साझेदारी को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देश अपनी जीवंत शैक्षिक साझेदारी को नई ऊर्जा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें दोनों देशों के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग, रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान वित्तपोषण और दो-तरफा शैक्षिक एवं अकादमिक गतिशीलता को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने बताया कि तीसरी ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा एवं कौशल परिषद की बैठक में शिक्षा परिदृश्य के रूपांतरण और दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने को लेकर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ।

### बैठक में विशेषज्ञ शामिल हुए

बता दें, शिक्षा मंत्रालय 8 और 9 दिसंबर को नई दिल्ली में उच्चस्तरीय ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी कर रहा है। तीसरी ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा एवं कौशल परिषद बैठक की सह-अध्यक्षता भारत की ओर से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ओर से शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर और कौशल एवं प्रशिक्षण मंत्री एंड्रयू जाइल्स ने सह-अध्यक्षता की। बैठक में स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए। चर्चा के प्रमुख विषयों में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण व पेशेवर विकास, सहयोगी अनुसंधान और कुशल कार्यबल निर्माण शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### बम धमाकाः 4 आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट मामले के सिलसिले में गिरफ्तार तीन डॉक्टरों और एक मौलवी की एनआईए हिरासत की अवधि सोमवार को चार दिन के लिए बढ़ा दी। चारों आरोपियों- डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ. अदील राथर, डॉ. शाहीना सईद और मौलवी इरफान अहमद वागे- की 10 दिन की एनआईए हिरासत की अवधि सोमवार को समाप्त हो रही थी, जिसके मद्देनजर उन्हें अंजू बजाज चांदना के समक्ष पेश किया।

### थाईलैंड ने कंबोडियाई सीमा पर किया हमला



**बैंकॉक।** थाईलैंड ने सोमवार को कंबोडिया के खिलाफ एयरस्ट्राइक शुरू कर दी, जिसके बाद दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसियों के बीच युद्ध की एक नई दौड़ शुरू हो गई है। वहीं, दोनों पक्षों की तरफ से एक-दूसरे पर आरोप लगाया जा रहा है। थाई सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल विन्थाई सुवारी ने कहा कि एयरस्ट्राइक कंबोडियाई मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाकर किए गए थे। थाई सेना के प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि कंबोडिया ने पहले थाईलैंड पर हमला किया था, जिसमें उसके सैनिक मारे गए।

### स्टारलिंक सेवा का शुल्क 8600 रु. प्रति माह होगा



**नई दिल्ली।** एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक की भारत में शुरुआत हो गई है। स्टारलिंक ने भारत में अपनी वेबसाइट लाइव कर दी है। स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस के लिए 8600 रुपए प्रतिमाह चार्ज करेगी। इसमें 34,000 रुपए की कीमत के हार्डवेयर की कॉस्ट भी शामिल है। कंपनी एक महीने के फ्री ट्रायल के साथ अनलिमिटेड डेटा भी ऑफर करेगी। कंपनी का कहना है कि सर्विस से संतुष्ट ना होने पर ग्राहक को पैसा वापस कर दिया जाएगा।

अमेरिकी कांग्रेस के नेताओं ने राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम (एनडीएए) जारी किया

# अमेरिका की परमाणु और हिंद-प्रशांत रणनीतियों में भारत प्रमुख भागीदार

*क्वाड के जरिए भारत के साथ सहयोग बढ़ाने पर जोर*

सैन्य अभ्यास, रक्षा व्यापार और समुद्री सुरक्षा में साझेदारी बढ़ाएं

चीन की चुनौती का सामना करने के लिए भारत को करें तैयार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी कांग्रेस के नेताओं ने वित्त वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम (एनडीएए) का संयुक्त मसौदा जारी किया है। इस अधिनियम में भारत को अमेरिका की कई रणनीतियों- जैसे नागरिक परमाणु सहयोग, रक्षा सह-उत्पादन और समुद्री सुरक्षा में विशेष स्थान दिया गया है। यह बिल छह दशकों से हर साल पारित होता आया है और इस सप्ताह के अंत में इसके हाउस से पारित होने की उम्मीद है। एनडीएए में भारत को इंडो-प्रशांत क्षेत्र और परमाणु नीति में महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। विधेयक में कहा गया है कि अमेरिका के रक्षा मंत्री को ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों को मजबूत करें, ताकि चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका का 'तुलनात्मक लाभ' बढ़ाया जा सके। विधेयक में कहा गया है कि अमेरिका भारत के साथ उसकी परमाणु दायित्व नीति पर निरंतर बातचीत करेगा और भारत को उन चुनिंदा देशों में शामिल करेगा जो चीन की चुनौती का सामना करने के लिए नई रक्षा व्यवस्था तैयार कर रहे हैं। रक्षा मंत्री को विदेश मंत्री के साथ तालमेल बनाकर एक योजना बनानी चाहिए और चलानी चाहिए।

## संयुक्त परामर्श तंत्र स्थापित करेंगे



पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फाइल फोटो

विधेयक में एक महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि अमेरिका और भारत मिलकर एक संयुक्त परामर्श तंत्र स्थापित करेंगे, जो 2008 के नागरिक परमाणु समझौते के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करेगा। साथ ही भारत के घरेलू परमाणु दायित्व नियमों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने पर चर्चा होगी। इसके अलावा, इन मुद्दों पर द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तर पर 'एक रणनीति विकसित करने' का कार्य भी इसी तंत्र को सौंपा गया है। अमेरिका को पांच वर्षों तक हर साल इस समीक्षा की रिपोर्ट कांग्रेस में पेश करनी होगी।

### भारत के साथ जुड़ाव बढ़ाने की सलाह

संसद ने यह भी कहा है कि अमेरिका को क्वाड्रिलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्वाड) सहित भारत के साथ अपना जुड़ाव बढ़ाना चाहिए, ताकि इंडो-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र और खुला रखा जा सके। इसमें सैन्य अभ्यास, रक्षा व्यापार, मानवीय सहायता और समुद्री सुरक्षा शामिल हैं। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। चीन को रोकने के लिए अमेरिका अपनी क्षेत्रीय उपस्थिति और साझेदारी भी बढ़ाएगा।

### भारत नागरिक परमाणु सहयोगी देश

विधेयक के अन्य हिस्सों में भारत को वैश्विक नागरिक परमाणु सहयोग में "सहयोगी देश" के रूप में चिन्हित किया गया है। कानून प्रशासन को अमेरिकी परमाणु निर्यात का विस्तार करने के लिए 10 वर्षीय रणनीति बनाने और रूस तथा चीन से होने वाली प्रतिस्पर्धा का विश्लेषण करने का निर्देश देता है। विधेयक में इंडो-प्रशांत क्षेत्र से जुड़े प्रावधानों में भारत को प्राथमिक सहयोगियों की सूची में शामिल किया गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया, फिलीपींस और न्यूजीलैंड भी हैं। इन देशों के साथ मिलकर रक्षा उद्योग, आपूर्ति श्रृंखला और नई तकनीकों पर संयुक्त कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री को इस दिशा में समझौते करने, तकनीकी सहायता प्रदान करने और उद्योग तथा शिक्षण संस्थानों को जोड़ने का अधिकार होगा, ताकि संयुक्त उत्पादन और विकास को प्रोत्साहन मिल सके।

**भारतीय महासागर क्षेत्र के लिए एक विशेष राजदूत नियुक्त करें**

विधेयक में भारतीय महासागर क्षेत्र के लिए एक विशेष राजदूत नियुक्त करने का प्रावधान भी है, जिसका कार्य इस क्षेत्र में अमेरिका की कूटनीति का समन्वय करना और चीन के प्रभाव का संतुलन तैयार करना होगा। इन सभी कदमों से स्पष्ट होता है कि भारत अब अमेरिका की क्षेत्रीय रणनीति का केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण साझेदार बन चुका है। हाल के वर्षों में भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग काफी मजबूत हुआ है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बोले-

## भारत-अमेरिका कई क्षेत्रों में करीबी सहयोगी, संबंधों को करेंगे मजबूत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में भारत को प्रमुख साझेदार बताया गया है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और तकनीक सहित कई क्षेत्रों में करीबी सहयोग कर रहे हैं। भारत इन संबंधों को और मजबूत करने के लिए अमेरिका के साथ निरंतर काम करता रहेगा।

जायसवाल ने घोषणा की कि अमेरिका के नए डिप्टी ट्रेड रिप्रेज़ेंटेटिव रिक स्विट्जर 10 और 11 दिसंबर को भारत आएंगे। यह उनकी परिचयात्मक यात्रा होगी, जिसमें वे भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। दोनों देश एक निष्पक्ष, संतुलित और बहु-क्षेत्रीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए लगातार बातचीत कर रहे हैं।



प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

### पाकिस्तान में लोकतंत्र कमजोर

पाकिस्तान की स्थिति पर तंज कसते हुए जायसवाल ने कहा कि भारत पड़ोसी देश में होने वाली घटनाओं पर नजर रखता है, लेकिन लोकतंत्र और पाकिस्तान साथ-साथ नहीं चलते। वहां लोकतंत्र कमजोर हो रहा है। इसे लेकर हालांकि जितना कम बात की जाए, उतना ही अच्छा होगा। उन्होंने पाकिस्तान के हमलों में सीमावर्ती इलाकों में मारे जा रहे बेकसूर अफगानी नागरिकों के मामले की निंदा करते हुए कहा कि नई दिल्ली, अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और उसकी आजादी का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में जो भी घटनाएं होती हैं उन पर हमारी पैनी नजर रहती है।

### आतंकवाद के खिलाफ ब्रिटेन की कार्रवाई का स्वागत

जायसवाल ने कहा कि भारत, ब्रिटेन सरकार द्वारा भारत-विरोधी चरमपंथी संगठनों पर की गई कार्रवाई का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थाएं सिर्फ भारत या ब्रिटेन नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं। उन्होंने बताया कि भारत और ब्रिटेन आतंकवाद, उग्रवाद और अवैध वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ सहयोग को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत म्यांमार में लोकतंत्र बहाली के पक्ष में है। साथ ही हमारा ये भी मानना है कि इस प्रक्रिया में सभी पक्षों की भागीदारी होनी चाहिए।

पीएम मोदी जल्द जाएंगे ओमान

## वायुसेना के जगुआर विमानों के लिए मुफ्त कलपुर्जे मिलने की जगी उम्मीद

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम एशिया में अरब प्रायद्वीप के निकट बसे ओमान भारतीय वायुसेना के पुराने पड़ चुके जगुआर लड़ाकू विमानों में एक बार फिर से नई जान फूंकने के लिए कलपुर्जे देने के लिए तैयार है। कई देश जगुआर विमानों को सेवा से बाहर कर चुके हैं। इनके कलपुर्जों व अन्य साजो-सामान से जुड़ी हुई कंपनियां भी अपना उत्पादन बंद कर चुकी हैं। ओमान के पास वर्तमान में लगभग 20 जगुआर विमान हैं, जो सेवामुक्त हो चुके हैं। इन सबके बीच भारत को अपने मौजूदा बेड़े की मरम्मत और देखरेख के लिए कलपुर्जों की आवश्यकता है। जिसे ओमान द्वारा पूरा किया जाएगा।



जगुआर लड़ाकू विमान

पीएम मोदी जल्द ही ओमान, जॉर्डन और इथोपिया जैसे तीन देशों की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होने वाले हैं। ऐसे में इस मामले को और अधिक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सूत्रों ने कहा कि ओमान की तरफ से हमें जगुआर विमानों के कलपुर्जे मुफ्त में दिए जाएंगे। भारत के पास युद्धक बेड़े में पांच से छह जगुआर विमानों की स्क्वाड्रन तैनात हैं। जिनमें स्क्वाड्रन नंबर 5, 14, 224, 27 और 6 मुख्य रूप से शामिल हैं।

टाटा-लॉकहीड मार्टिन के मध्य करार

## सैन्य परिवहन विमान के रखरखाव का केंद्र अगले साल तक होगा शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और लॉकहीड मार्टिन ने भारत में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान के संचालन में मदद के लिए एक नए रखरखाव, मरम्मत एवं नवीकरण (एमआरओ) केंद्र की बेंगलुरु में स्थापना की सोमवार को घोषणा की।

एमआरओ केंद्र का निर्माण 2026 के अंत तक पूरा हो जाएगा। इस केंद्र को एमआरओ संचालन के लिए पहला सी-130जे विमान 2027 की शुरुआत में मिलने की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना फिलहाल लॉकहीड मार्टिन के 12 सी-130जे विमानों का संचालन करती है, जिन्हें दुनिया के अग्रणी सामरिक मालवाहक विमानों में से एक माना जाता है। इस अवसर पर लॉकहीड मार्टिन के सीईओ फ्रैंक सेंट जॉन ने कहा कि नया सी-130जे एमआरओ केंद्र भारत में विश्वस्तरीय रखरखाव क्षमता विकसित करेगा, सेना की तैयारियों में सुधार लाएगा। और ऐसे अवसर पैदा करेगा, जो क्षेत्रीय और वैश्विक सी-130जे संचालकों के लिए मददगार होंगे।



सैन्य परिवहन विमान सी-130जे

## सागर बंधु के तहत भारत की श्रीलंका को मदद जारी



**कोच्चि।** दितवाह तूफान की वजह से श्रीलंका में भारी तबाही और जानमाल नुकसान हुआ है। इस बीच भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु के तहत राहत के लिए लगातार मानवीय मदद पहुंचाई है। नवीन घटनाक्रम में भारत ने भारतीय नौसेना के चार जहाजों आईएनएस घड़ियाल, एलसीयू 51, एलसीयू 54 और एलसीयू 57 के द्वारा लगभग 1,000 टन राहत सामग्री पहुंचाई है। एलसीयू से राहत सामग्री 7 दिसंबर को कोलंबो में श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंप दी गई है। आईएनएस घड़ियाल सोमवार को त्रिंकोमाली पहुंचा है। श्रीलंका ने भारत को मदद के लिए धन्यवाद किया है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष विराम से पीछे हटे राष्ट्रपति ट्रंप, कहा मैं निराश...

# जेलेंस्की अमेरिकी प्रस्ताव पर हस्ताक्षर के लिए तैयार नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की उनके देश द्वारा तैयार किए गए उस शांति प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार नहीं हैं जिसका उद्देश्य रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना है। रूस और यूक्रेन के बीच मतभेदों को कम करने के उद्देश्य से शनिवार को अमेरिकी और यूक्रेनी वार्ताकारों ने तीन दिन की बातचीत अमेरिका के मियामी में पूरी की लेकिन रविवार रात पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने संकेत दिया कि वार्ता को आगे बढ़ने से रोकने वाले जेलेंस्की ही हैं।

*यूएस और यूक्रेन के बीच तीन दिन की बातचीत बेनतीजा*

*रूस के कब्जे वाले इलाकों को छोड़ने को तैयार नहीं यूक्रेन*

## शांति प्रस्ताव से रूस को दिक्कत नहीं



(बाएं से दाएं) डोनाल्ड ट्रंप, वोलोदिमीर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन

ट्रंप ने कहा कि मुझे थोड़ी निराशा है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अभी तक इस प्रस्ताव को नहीं पढ़ा है, कुछ घंटे पहले तक यही स्थिति थी। उनकी टीम को यह पसंद है, लेकिन उन्होंने इसे नहीं पढ़ा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रूस को इससे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन यह पक्का नहीं कि जेलेंस्की को यह ठीक लगे। वहीं, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की योजना को सार्वजनिक रूप से मंजूरी नहीं दी है।

**जेलेंस्की अच्छे प्रचारक**

डोनाल्ड ट्रंप के बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने कहा है कि उनके पिता यूक्रेन शांति वार्ता से पीछे हट सकते हैं। दोहा फोरम में अपने संबोधन में डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने दावा किया कि यूक्रेन रूस की तुलना में ज्यादा भ्रष्ट देश है। साथ ही उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को भी बहुत अच्छा प्रचारक बताया।

### लंदन में यूरोपीय नेताओं से मिलेंगे जेलेंस्की

इससे पहले अमेरिका और रूस के प्रतिनिधियों के बीच मॉस्को में बैठक हुई थी। उस बैठक में भी कोई नतीजा नहीं निकल पाया था। बैठक के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी कहा था कि बैठक में अच्छी बातचीत हुई, लेकिन शांति वार्ता पर सहमति बनाना आसान नहीं है। वहीं जल्द ही यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की लंदन में ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के राष्ट्राध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इससे साफ है कि यूक्रेन शांति वार्ता का मामला बेहद जटिल होता जा रहा है। यूक्रेन, रूस द्वारा कब्जाए गए इलाकों पर अपना दावा छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे लेकर निराशा जाहिर की।

पुतिन की भारत यात्रा पर बोला चीन

## तीनों देश के रिश्ते क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हालिया भारत यात्रा पर सोमवार को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बीजिंग में संवाददाताओं से कहा कि चीन, रूस और भारत न सिर्फ उभरती अर्थव्यवस्थाएं हैं, बल्कि 'ग्लोबल साउथ' का अहम हिस्सा भी हैं।

गुओ ने कहा कि तीनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते न केवल उनके अपने हितों के अनुरूप हैं, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, सुरक्षा, स्थिरता एवं समृद्धि के लिए भी फायदेमंद हैं। चीन द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए रूस और भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। चीन दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ नई दिल्ली के साथ अनवरत और मजबूत संबंध कायम करना चाहता है। चीन द्विपक्षीय संबंधों के अनवरत, मजबूत और स्थिर विकास को बढ़ावा देने तथा शांति एवं समृद्धि में योगदान देने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।



चीन प्रवक्ता गुओ जियाकुन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प-प्रदेश का हर किसान रहे खुशहाल, किसानों को मुनाफा देने 'भावांतर योजना' बनी सहारा

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसान भाई हमारे अन्नदाता हैं। वे तरह-तरह के जोखिम उठाकर समाज और देश के लिए अन्न-धन का भंडार भरते हैं। प्रकृति की मार सहकर और खुद के दाना-पानी की चिंता में न रहकर सबका उदर पोषण करते हैं।

उन्होंने कहा कि सीमा पर जवान और खेतों में हमारे किसान दोनों समान रूप से राष्ट्र की सेवा में तत्पर रहते हैं। किसान भाइयों के घर-आंगन में खुशहाली और आर्थिक समृद्धि लाना ही हमारी सरकार का मूल लक्ष्य है। हम प्रदेश के हर किसान को उसके द्वारा उत्पादित फसल का समुचित दाम दिलाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यही सोच किसानों के चेहरे पर मुस्कान का कारण बनी है। सीएम डॉ. यादव सरकार ने सोयाबीन की फसल पर भावान्तर भुगतान योजना के तहत प्रदेश के 1.34 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से 249 करोड़ रुपये अंतरित किये। अब तक प्रदेश के 4.39 लाख से अधिक किसानों द्वारा 7.85 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन फसल का विक्रय किया जा चुका है।

राज्य सरकार हर किसान को उसकी मेहनत, उसके समर्पण का समुचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। भावान्तर भुगतान योजना के जरिए किसानों को बाजार भाव में कमी से होने वाले नुकसान की भरपाई की है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति हर हाल में बेहतर एवं मजबूत हो सके और खेती-किसानी लाभ का व्यवसाय बने।

## किसानों का हाल जानने किसानों के बीच सीएम डॉ.यादव



मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर सोलर पॉवर पम्प के जरिए हम किसानों को ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया हैं। इससे किसान अपनी बिजली से ही अपना खेत-अपना घर-अपनी दुकान रौशन कर रहे हैं। बिजली बिल का झंझट अब खत्म सा हो गया है। प्रदेश में विकास का दौर चल रहा है। यह क्रम आगे भी चलता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प है कि प्रदेश में किसान हितैषी नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने का। जिससे हमारा प्रदेश कृषि के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी बना रहे। किसानों के लिये धन की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार भावांतर की राशि दे रही है, वहीं केन्द्र सरकार से किसानों को सम्मान निधि भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र का कोई भी खेत सिंचाई सुविधा से वंचित नहीं रहेगा।

### एमएसपी गारंटी वाला देश का पहला राज्य एमपी

मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी प्रदान करने के लिए भावांतर योजना लागू की। इस योजना के माध्यम से बाजार भाव और एमएसपी के बीच के अंतर की भरपाई सरकार द्वारा की जाती है, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य मिल सके। सीएम ने बताया कि योजना की शुरुआत के मात्र 15 दिनों के भीतर ही किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर करने का वादा सरकार ने पूरा किया है।

### प्राकृतिक खेती पर 4 हजार रुपए प्रति एकड़ अनुदान

किसानों की खुशहाली ही प्रदेश की पहचान है। इसी सोच के अंतर्गत राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। प्राकृतिक खेती अपनाने पर किसानों को सरकार द्वारा 4,000 रुपए प्रति एकड़ की सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही डेयरी व्यवसाय को सुदृढ़ करने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत 40 लाख रुपए के डेयरी प्रोजेक्ट पर 10 लाख रुपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

### खेत तक पानी पहुंचाया, नगदी फसलों से किसान की बढ़ी आमदनी

# खेती के लिए पानी को दी प्राथमिकता, खेतों तक पहुंचाया पानी, आपदा में किसानों साथ रहे सीएम



मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हर एक किसान की जरूरत को पूरा करने में बड़ा योगदान दिया है। किसान के खेत तक पानी, बिजली और खाद बीज तक पहुंचाने के जो काम हुए हैं वे अनुकरणीय हैं।

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अक्सर कहते हैं कि प्राचीन काल में भारत में पारस पत्थर हुआ करता था, जिसके स्पर्श से लोहा सोना हो जाता था। इस पारस पत्थर का काम पानी करता है जब वह सूखे खेतों पर पहुंचता है। जल के स्पर्श से खेतों में सुनहरी फसलें लहलहाती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की धरती को शस्य श्यामला बनाने के संकल्प से ही जुड़ा हुआ है मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना जिससे हर खेत में सुनहरी फसलें लहलहाएं और किसान समृद्धशाली बने। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए वे निरंतर जुटे हुए हैं और इसके परिणाम स्वरुप प्रदेश ने सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। जिससे उत्पादन में भी काफी अच्छी वृद्धि हुई है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने दो दशक पहले देश की नदियों को जोड़कर हर खेत तक पानी पहुंचाने का सपना देखा था, जो राज्यों के बीच जल विवाद के चलते दो दशकों से अधिक समय से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी महत्वाकांक्षी अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाएं मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच सहमति न बन पाने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र सरकार और राज्यों से निरंतर चर्चा कर इन परियोजनाओं के गतिरोध को समाप्त किया और प्रदेश ने दो बड़ी परियोजनाओं के रूप में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की।


**सिंचाई के क्षेत्र में हासिल की अभूतपूर्व उपलब्धियां**

**केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी योजनाओं की रही बड़ी भूमिका**



### दो हजार गांव के 7 लाख किसान हुए लाभान्वित

केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय परियोजना है। परियोजना से 103 मेगावाट बिजली का उत्पादन से मध्यप्रदेश लाभान्वित है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिले-छतरपुर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा एवं सागर के लगभग 02 हजार ग्रामों के लगभग 07 लाख 25 हजार किसान परिवार लाभांवित होकर सूखाग्रस्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र में भू-जल स्तर की स्थिति में सुधार हो रहा है। औद्योगीकरण, निवेश एवं पर्यटन को बढ़ावा मिला तथा रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों में आत्मनिर्भरता आयेगी तथा लोगों का पलायन रुकने लगा है।




#### क्षिप्रा का जल रहेगा शुद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प है कि क्षिप्रा स्वच्छ और निरंतर प्रवहमान बने और सिहंस्थ 2028 में क्षिप्रा के जल में ही श्रद्धालुओं को स्नान कराया जाए। क्षिप्रा नदी के जल को शुद्ध रखने के लिए 900 करोड़ रूपये की लागत की कान्ह डयवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना के द्वारा कान्ह नदी के दूषित जल को क्षिप्रा नदी में मिलने से रोका जायेगा। वर्ष-2028 से पहले यह योजना पूर्ण कर ली जायेगी। क्षिप्रा को वर्ष भर अविरल, प्रवहमान बनाने के लिए उज्जैन जिले की सेवरखेडी एवं सिलारखेडी (लागत लगभग 615 करोड़) योजना का कार्य भी आंरभ हो गया है। इससे आमजन एवं श्रद्धालुओं को पूरे वर्ष भर विशेष पर्वों पर उनकी धार्मिक भावनाओं के अनुरूप क्षिप्रा नदी में स्नान करने का अवसर मिलेगा। क्षिप्रा नदी पर सिंहस्थ में स्नान सुविधा के लिये क्षिप्रा नदी के दोनों तटों पर लगभग 29 किलोमीटर लंबाई में घाटों का निर्माण किया जायेगा, जिसकी राशि रू. 778.91 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है।

### पेयजल का संकट हुआ दूर

*मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में भू-जल स्तर को बढ़ाने, पेयजल संकट को दूर करने एवं सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल भू-जल योजना प्रारंभ की गई है। यह योजना प्रदेश के 06 जिलों के 09 विकासखण्डों में क्रियान्वित की जा रही है। इस परियोजना से चयनित क्षेत्रों में भू-जल स्तर में सुधार होने से स्थानीय किसानों को लाभ प्राप्त हो रहा है तथा किसानों की आय बढ़ी है। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल प्रदाय के लिये टिकाऊ जल स्त्रोत भी उपलब्ध हुए हैं। बांधों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। बांधों की सुरक्षा को लेकर मध्यप्रदेश सरकार पूरी सजगता के साथ काम कर रही है। इसके लिये प्रदेश में डैम सेफ्टी रिव्यू पेनल गठित है, जो प्रतिवर्ष संवेदनशील बांधों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। आने वाले 05 वर्षों में प्रदेश के 27 बांधों की सुरक्षा एवं मरम्मत की गई है।*

### उद्यानिकी, खाद्य प्र-संस्करण और नवाचार में नया अध्याय लिख रहा मध्य प्रदेश

## आमदनी बढ़ाने के लिए खाद्य प्र-संस्करण को दी प्राथमिकता, मुनाफे में हुई वृद्धि



भोपाल

देश और प्रदेश की उन्नति सर्वोपरि है। इसके लिए किसानों को आर्थिक दृष्टि से सशक्त करना आवश्यक है, जिससे किसान संपन्न हो सकें और देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा सकें। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि किसी भी देश या प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक विकास की गति किसानों के उत्थान से ही संभव हो सकती है। इसके लिए प्रदेश के विकास में उद्यानिकी भी महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। इसके लिए नवाचार और तकनीकी सुधार किये जा रहे है।

देश के 10% क्षेत्रफल वाले राज्य मध्यप्रदेश में देश की लगभग 7% आबादी निवास करती है। यहां 11 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों का उत्पादन किया जाता है। राज्य की कृषि उपज में विविधता मुख्यतः नर्मदा नदी और उसकी सहायक नदियों पर निर्भर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में वर्तमान सरकार परिणाम देने वाली नीतियों के माध्यम से उद्यानिकी और खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में नवाचार और प्रगति के नए अध्याय लिख रही है।

### लाभ मिलने से खुशहाल हो रहे राज्य के अन्नदाता

मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है, उद्यानिकी फसलें किसानों की आय को आसानी से दोगुना करने में सहायक होती हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खाद्य प्र-संस्करण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। किसानों को उद्यानिकी फसलों की खेती और खाद्य प्र-संस्करण के नए तरीकों से अवगत कराया जा रहा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में देश में अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। प्रदेश संतरा, धनिया मसाले तथा औषधीय एवं सुगंधीय पौधे उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। इसके अतिरिक्त प्रदेश टमाटर, लहसुन, हरी मटर, अमरूद ,फूल गोभी, मिर्च एवं प्याज उत्पादन में दूसरे तथा नीबू वर्गीय फल, लाल मिर्च, बंद गोभी एवं फूल उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ी है और खुशहाली आई है।

### भंडारण की क्षमता में हुई अत्यंत वृद्धि

किसानों को उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग द्वारा फूड प्रोसेसिंग इकाईयों स्थापित करने के लिए अनुदान दिया जाता है। सरकार से अनुदान लेकर किसान फूड प्रोसेसिंग इकाईयाँ स्थापित कर सकते हैं। साथ ही अनुदान के आधार पर किसान छोटे, मध्यम और बड़े कोल्ड स्टोर भी स्थापित कर सकते हैं। खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अपने समृद्ध कृषि संसाधन और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति का उपयोग कर, 8.3% की औसत /वार्षिक दर से बढ़ रहा है, जो देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है. उद्यानिकी उत्पादों के सुरक्षित भंडारण के लिए 21530.26 लाख रुपए की अनुदान सहायता से 183 कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कर 8.05 लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता विकसित की गई है। वहीं प्याज भंडारण के लिए 23667.71 लाख रुपए का अनुदान देकर 66500 मीट्रिक टन भंडारण क्षमता किसानों के खेतों पर निर्मित की गई है।

## प्रदेश में पशुधन सहेजने की योजना से लाभ, अब हर रोज 591 लाख ली.दूध का उत्पादन

**भोपाल।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल ने बताया कि भारत में दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का तीसरा स्थान है। प्रदेश में 591 लाख किलोग्राम प्रतिदिन दूध का उत्पादन होता है। मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति दुग्ध की उपलब्धता 644 ग्राम प्रतिदिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 459 ग्राम प्रतिदिन का है। प्रदेश में 7.5% पशुधन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 5.05 का है। वर्ष-2019 की पशु संगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में गौ-वंश पशु संख्या देश में तीसरे स्थान पर 187.50 लाख है, वही भैंस वंश पशु संख्या चौथे स्थान पर 103.5 लाख है। प्रदेश में पशुओं के उपचार के लिए चलित पशु चिकित्सा वाहन (1962) संचालित है, जो कि स्थान पर जाकर पशुओं का इलाज करते हैं।



#### हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन की व्यवस्था

प्रदेश में गौ-वंश के बेहतर आहार के लिये प्रति गौ-वंश मिलने वाली 20 रुपये की राशि बढ़ाकर 40 रुपये करने का निर्णय लिया गया है। मार्गों पर दुर्घटना में घायल गायों के लिये हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन की व्यवस्था की गई है। ग्वालियर स्थित आदर्श गौ-शाला में देश के पहले 100 टन क्षमता वाले सीएनजी प्लांट की स्थापना की गई है। दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने प्रदेश के हर ब्लॉक में एक गाँव वृंदावन ग्राम बनाया जा रहा है। प्रदेश में मई 2023 से प्रारंभ 406 चलित पशु चिकित्सा इकाइयों द्वारा अब तक 5 लाख 46 हजार से अधिक पशुओं को घर पहुंच चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

### लगभग 12 हजार 790 हितग्राहियों को मिला लाभ

# ड्रिप-स्प्रिंकलर का लाभ लेकर संतुलित पानी से फल सब्जियों की गुणवत्ता में हुआ सुधार

भोपाल

सूक्ष्म सिंचाई द्वारा राज्य में 14 हजार 900 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिसमें लगभग 12 हजार 790 हितग्राहियों को 114 करोड़ 76 लाख रुपए का अनुदान दिया गया है।

इजराइल तकनीक के समन्वय से प्रदेश में मुरैना में उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी के लिए, छिंदवाड़ा में नींबू वर्गीय फसलों के लिए तथा हरदा में निर्यात करने लायक आम एवं सब्जी सेन्टर की स्थापना की जाएगी, जिसके लिए 14 करोड़ 74 लाख की योजना का अनुमोदन किया गया है। प्रदेश सरकार की नई पहल ई-नर्सरी पोर्टल से घर, गार्डन या खेतों में उत्तम गुणवत्ता के पौधे लगाने के लिये, अच्छे और स्वस्थ पौध के लिये अब नर्सरी के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। उद्यानिकी विभाग द्वारा ई-नर्सरी पोर्टल पर 300 से अधिक नर्सरियों की जानकारी ऑनलाईन उपलब्ध करवाई गई है। इससे पौधों का क्रय-विक्रय आसानी से किया जा सकता है।



#### संतरे के प्र-संस्करण उद्योग स्थापित किए गए

24 बागवानी उत्पाद जिनकी खेती आमतौर पर राज्य भर में की जाती है, जिनमें कोदो-कुटकी, बाजरा, संतरा/नींबू, सीताफल, आम, टमाटर, अमरूद, केला, पान, आलू, प्याज, हरी मटर, मिर्च, लहसुन अदरक, धनिया, सरसों, गन्ना, आंवला और हल्दी शामिल हैं। छिंदवाड़ा, आगर-मालवा, शाजापुर, राजगढ़, मंदसौर, बैतूल और सीहोर जैसे जिले संतरे के उत्पादन के लिए जाने जाते हैं जो संतरे के प्र-संस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए आदर्श हैं। इसी तरह बैतूल, कटनी, अनूपपुर, रीवा, सिंगरौली और रायसेन जिले जो आम की खेती के लिए प्रसिद्ध हैं, वहां कई आम आधारित खाद्य प्र-संस्करण उद्योग हैं जो स्थापित होने के विभिन्न चरणों में हैं।

### प्रदेश में गौ-संरक्षण और संवर्धन में हुए उत्कृष्ट कार्य

**प्रदेश में संचालित 2500 गौ-शालाओं में 4 लाख से अधिक गौ-वंश का हो रहा पालन**

# खुशहाली का जरिया बना दुग्ध उत्पादन दुग्ध उत्पादों से बढ़ी आमदनी

भोपाल

वर्ष 2024 प्रदेश में गौ-संरक्षण और संवर्धन के नाम रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में इस भारतीय वर्ष (चैत्र माह से फाल्गुन माह तक) को गौ-संरक्षण और संवर्धन वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने इस वर्ष पशुपालकों के लिए कई नई योजनाएं लाकर उन्हें आमदनी के नए अवसर भी प्रदान किए। पशुपालकों एवं गौ-संवर्धन के विकास व संरक्षण के लिए वर्ष 2024-25 के लिए 590 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। इस वर्ष मुख्यमंत्री सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के लिए बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। भोपाल के बरखेड़ी-डोब में 10 हजार गौ-वंश क्षमता वाली हाइटेक गौ-शाला बनाई जा रही है, जिसका मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा भूमि-पूजन किया गया। प्रदेश में बड़ी संख्या में गौ-शालाएं बनाई जा रही है और चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाए जा रहे है। प्रदेश में संचालित 2500 गौ-शालाओं में 4 लाख से अधिक गौ-वंश का पालन किया जा रहा है।



### आय बढ़ाने का बड़ा जरिया बना

सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में कृषि कार्य के साथ ही पशुपालन, किसानों की आय बढ़ाने का बड़ा जरिया बन गया है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से भी प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए करारनामा हुआ है। किसानों और पशुपालकों को प्रोत्साहन के लिए दुग्ध उत्पादन पर बोनस दिया जायेगा। देशी गाय और अच्छी नस्ल के देशी नंदी के पालन के लिए मध्यप्रदेश प्राकृतिक कृषि विकास योजना में भी प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। किसानों को गौ-पालन और सौर संयंत्रों के प्रयोग पर सरकार प्रोत्साहन दे रही है।

D-19237/25

# केरवा डैम रोड पर अर्टिगा कार बिजली के पोल में घुसी, दोनों एयरबैग खुले, घायलों का नहीं लगा पता

## एयरबैग पर मिले खून से गंभीर घायल होने का अनुमान, पुलिस को नहीं मिली हादसे की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित केरवा डैम रोड पर नेशनल लॉ इंस्टिट्यूट यूनिवर्सिटी के सामने सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे तेज रफ्तार अर्टिगा कार बिजली के पोल में जा घुसी, जिससे कार के दोनों एयरबैग खुल गए और उसमें काफी मात्रा में खून लगा हुआ था। हादसे के बाद कार में मौजूद युवकों का पता नहीं चल सका है।

अनुमान है कि कार में सवार सामने के दोनों व्यक्ति को गंभीर चोट आई होगी। सोमवार सुबह हुए इस हादसे की सूचना न तो अस्पताल से और न ही बिजली कंपनी सहित नगर निगम से पुलिस तक पहुंची है। बिजली के पोल से कार टकराने के कारण केबल टूटकर गिर गए। उक्त पोल से


हादसे में क्षतिग्रस्त हालत में कार।

केरवा डैम पर बिजली की सप्लाई की गई थी। नगर निगम के कर्मचारियों ने बताया कि बिजली के पोल से केबल टूटने के कारण सुबह साढ़े 4 बजे से 11 बजे तक लाइट नहीं सुधरी, जिससे कोलार के कुछ इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। सुधार कार्य में काफी समय लगा अब पानी की सप्लाई मंगलवार सुबह की जाएगी।

जानकारी के अनुसार सफेद रंग की अर्टिगा कार एमपी 04 वायआर 4932 केरवा डैम की तरफ से बुल मदर फार्म की तरफ आ रही थी। इस दौरान एनएलआईयू के सामने सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। लिहाजा किसी को पता ही नहीं चल सका कि कार में कितने लोग मौजूद थे। हादसे से केरवा स्थित वाटर प्लांट की बिजली एकाएक गुल हो गई थी। थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी न तो अस्पताल से मिली न ही बिजली कंपनी और नगर निगम की तरफ से कोई सूचना मिली। हादसा संज्ञान में आने के बाद घायलों की जानकारी जुटाई जा रही है।

अन्तर-कॉलेज इवेंट 'कार्निवाल 2025' का किया आयोजन

# कॉर्निवाल में 500 छात्राओं ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' थीम पर प्रस्तुत किए नृत्य और नाटक

**भोपाल एवं अन्य शहरों के 30 से ज्यादा कॉलेजों ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

रंगों के माध्यम से सामाजिक संदेश देते हुए सजी रंगोली, ऐड-मैड शो में क्रिएटिविटी का संगम, नुक्कड़ नाटक के द्वारा प्रभावी सन्देश सभी प्रतियोगियों के उत्साह को बढ़ा रहे थे। चाहे फ्लेमलेस कुकिंग में अत्यंत ही स्वादिष्ट व्यंजनों को बनाया जाना हो या फिर टैलेंट हंट के मंच से प्रतिभा का समुंदर देखकर निर्णायक मंडल द्वारा तारीफें करना सभी ओर चर्चा थी, मध्य भारत के सबसे प्रसिद्ध अन्तर-कॉलेज इवेंट 'कार्निवाल 2025' की।

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित कार्निवाल में नौ इवेन्ट्स, भोपाल एवं अन्य शहरों के 30 से ज्यादा कॉलेज एवं 500 से ज्यादा प्रतिभागियों का समावेश हुआ। दूर तक फैले बोरवन के अंदर छिपे हुए क्लू को ढूंढ़कर लाना कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए बेहद रोमांचकारी अनुभव रहा। विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियों के द्वारा प्रतिभागियों का लाजवाब प्रदर्शन देखा गया। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' थीम पर प्रस्तुत नृत्य को देखकर सभी दर्शकों ने प्रशंसा की। इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण था आलम बैंड के द्वारा संगीतमय सूफी गीतों की प्रस्तुति। कार्यक्रम के अंत में सबसे अधिक प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीतने पर संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, ग्रुप एडवाइजर पी. ऐस. राठौर एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने इंस्टिट्यूट ऑफ़ प्रोफ़ेशनल एजुकेशन एंड रिसर्च भोपाल को ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी एवं जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी भोपाल को रनर-अप ट्रॉफी प्रदान की।



संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित 'कार्निवाल 2025' में नाटक की शानदार प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप



### मंडीदीप पुलिस ने पकड़ी 1.5 पेटी अवैध शराब

**मंडीदीप।** रायसेन पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार सोमवार दोपहर 1 बजे मंडीदीप पुलिस ने स्टेशन रोड ब्रिज के नीचे अवैध शराब बेचने वाले राजू साहू पिता प्रीतम साहू निवासी स्क्वॉयर कॉलोनी मंडीदीप को 48 पाव सफेद और 24 पाव लाल मसाला अवैध तरीके से बेंच रहा था। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत धारा 34 का केस बना कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया।

### एसडीओपी सुराणा को किया सम्मानित



**औबेदुल्लागंज।** क्षेत्र की बेटियों एवं महिलाओं ने एसडीओपी शीला सुराणा और पुलिस कर्मियों का तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किए। विगत दिनों गौहरगंज में हुई 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना के बाद एसडीओपी के निर्देशन में की गई कार्रवाई और बच्ची को तत्काल औबेदुल्लागंज से भोपाल एम्स हॉस्पिटल पहुंचाकर सही समय पर इलाज दिलाने पर लोगों ने सराहना की है। शीला सुराणा ने गौहरगंज की घटना में लिप्त अपराधी सलमान को पकड़ने में दिन रात एक कर दिए थे। वे लगातार 6 दिन तक पुलिस टीमों का मार्गदर्शन करती रही।

### पटवा ने ली एसआईआर संबंधित बैठक



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने सोमवार को एसआईआर को लेकर भोजपुर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में संगठन को और अधिक सुदृढ़, संगठित एवं परिणामकारी बनाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा क्षेत्रीय स्तर पर कार्य संचालन की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने अपने मूल्यवान सुझाव साझा किए। इस अवसर पर जिले के एसआईआर प्रभारी ओमप्रकाश मीणा, उपाध्यक्ष शैलेंद्र गिरी गोस्वामी, जिला महामंत्री दीपेंद्र पाल, पवन गिरी गोस्वामी, मोहन मैंदुआ, राजेंद्र अग्रवाल, जीतू नंदवंशी, रामफूल कीर, यशवंत योगी, गजराज सिंह आदि मौजूद थे।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 678 | 16 | 259 |
| रात: | 450 | 97 | 160 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 124 | 73 | 166 |
| रात: | 359 | 79 | 360 |

## क्राइम ब्रांच ने की एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई, एमडी के सरगना तक पहुंचने का प्रयास

# मुंबई का मॉडल इंदौर से एमडी लाकर भोपाल में कर रहा था तस्करी पुलिस टीम ने की 55 हजार रुपए की 11.05 ग्राम एमडी बरामद

**क्राइम ब्रांच पुलिस ने ईदगाह हिल्स स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डिंग से तस्कर को पकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


शिफत अहमद, आरोपी

क्राइम ब्रांच पुलिस ने ईदगाह हिल्स स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डिंग से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक पैडलर को गिरफ्तार कर उसके पास से 11.05 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया है। वह खुद को मुंबई का मॉडल बता रहा है और इंदौर से एमडी लाकर भोपाल में बेचने का प्रयास कर रहा था। उसके पास से दो मोबाइल भी बरामद हुए हैं। इसकी कुल कीमत एक लाख 65 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्राइम ब्रांच पुलिस के मुताबिक विगत सात दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि ईदगाह हिल्स स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग में एक युवक अपने पास अवैध मादक पदार्थ एमडी रखा हुआ है। वह एमडी बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम सक्रिय हुई और ईदगाह हिल्स स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग में खड़े युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम शिफत अहमद उर्फ सेफ उर्फ अली उर्फ राजा (25) निवासी ग्राम रन्नौद थाना रन्नौद जिला शिवपुरी का होना बताया। तलाशी लेने पर उसके लोअर की जेब से एप्पल और सेमसंग कंपनी के दो मोबाइल फोन व पारदर्शी एयरपैक पन्नी में 11.05 ग्राम मादक पदार्थ एमडी रखा मिला। बरामद मादक पदार्थ की कीमत 55 हजार रुपए, जबकि जब्त किए गए दोनों मोबाइल फोन की कीमत एक लाख 10 हजार रुपए बताई गई है।

### मॉडलिंग के दौरान हुई थी ड्रग्स तस्कर से मुलाकात

पुलिस ने बताया कि आरोपी शिफत उर्फ अली उर्फ सेफ मूलरूप से शिवपुरी जिले का रहने वाला है। उसके पिता खेती-किसानी करते हैं। शिफत पढ़ाई में कमजोर था। दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी और मुंबई चला गया। बीते तीन साल से वह मुंबई में रहकर मॉडलिंग कर रहा था। उसी दौरान उसकी मुलाकात एमडी ड्रग्स तस्करों से हुई और वह खुद भी सप्लायर बन गया। पूछताछ में शिफत ने बताया कि वह इंदौर से एक शख्स से एमडी लेकर आया था और भोपाल में महंगे दाम में बेचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह इंदौर में किस व्यक्ति से एमडी ड्रग्स लेकर आया था और उसके साथ और कौन लोग शामिल हैं।

# तीन दिन में 1 करोड़ 75 लाख रुपए से अधिक का गांजा, डोडाचूरा, नशीले इंजेक्शन, अवैध शराब जब्त

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार, खेती और वितरण के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान के दौरान तीन दिन में बड़ी सफलता प्राप्त की है। खरगोन में थाना महेश्वर क्षेत्र में पुलिस की तीन टीमों द्वारा संयुक्त रूप से अवैध गांजा खेती पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग प्रकरणों में कुल 278 पौधे (लगभग 197 किलो गांजा) जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए है।

### नरसिंहपुर में 11 किलो 138 ग्राम अवैध गांजा बरामद

ऑपरेशन ईगल क्लॉ के अंतर्गत थाना साईंखेड़ा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11 किलो 138 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई। इसके अलावा, इसी ऑपरेशन में पुलिस ने दो आरोपियों से नशीले इंजेक्शन क्लोरफेनिरामाइन मेलीवट और फेनिरामाइन मेलीवट की 60 शीशियां, बड़ी मात्रा में सिरिंज और नीडल भी जब्त की। उल्लेखनीय है कि पुलिस इन दिनों अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है।


नशीले इंजेक्शन की 60 शीशियां।

### शराब माफिया पर गुना पुलिस का कड़ा प्रहार

धरनावदा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 301 पेटियां अवैध अंग्रेजी शराब जब्त कीं। तस्करी में प्रयुक्त ट्रक सहित कुल 49 लाख रुपए का माल बरामद किया गया। चालक ऋतिक कटारा व क्लीनर सूरज वसोनिया को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार विगत दिनों में की गई संयुक्त कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लगभग 5 क्विंटल 33 किलोग्राम गांजा, 714 किलोग्राम डोडाचूरा, और नशीले इंजेक्शन की 60 शीशियां बरामद की हैं। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ 75 लाख रुपए से अधिक है।

### पुलिस ने किए 15000 से अधिक गांजे के पौधे जब्त



तकनीक आधारित कार्रवाई में थाना कुकड़ेश्वर, रामपुरा एवं मनासा पुलिस टीम ने ड्रोन सर्चिंग के माध्यम से अवैध गांजा खेती का खुलासा किया। पुलिस ने मौके से लगभग 3.25 क्विंटल (15,000 से अधिक हरे गांजे के पौधे) बरामद किए। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख 88 हजार रुपए है। इसके अलावा, थाना रतनगढ़ पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में 714 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 07 लाख रुपए से अधिक है।

अधिकारियों एवं जिम्मेदार कंपनी को पटवा ने दिए आवश्यक निर्देश

# निर्माणाधीन ऑडिटोरियम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे पटवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा सोमवार को देर शाम औबेदुल्लागंज में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम स्थल का निरीक्षण किया। कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण कार्य के लिए जिम्मेदार कंपनी को गुणवत्ता, समयबद्धता एवं मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, बागिश अग्रवाल, मनोज चौरसिया, जीतू नंदवंशी, कोमल चौहान एवं ठेकेदार से विधायक सुरेंद्र पटवा ने चर्चा की। विधायक सुरेंद्र पटवा के ओचक निरीक्षण से नगर परिषद कार्यालय में हड़कंप मच गया।


विधायक सुरेंद्र पटवा अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

### मेंदुआ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए पटवा



विधायक सुरेंद्र पटवा ने ग्राम मेंदुआ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होकर संत प्रभुजी नागर के मुखरबिंद से कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर पटवा ने संत प्रभुजी नागर से चर्चा की। पटवा ने कहा भागवत कथा में शामिल होना एवं भागवत कथा सुनने से मुझे आनंद की प्राप्ति होती है। भागवत कथा में बताए गए मार्ग पर चलकर जन-जन की सेवा का भाव मन में उत्पन्न होता है। भागवत कथा प्रत्येक नर और नारी को सुनना चाहिए। इस अवसर पर मोहन मैंदुआ, पवन गिरी गोस्वामी, राजेंद्र अग्रवाल, जीतू नंदवंशी आदि मौजूद थे।

## पूर्व सरपंच ने एसडीएम से की शिकायत, काम रोकने को कहा

# श्मशान घाट पर शेड निर्माण में हो रहा घटिया ईंट और कम मोटाई के एंगल और पाइप का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्मशान घाट में शेड बनाने के लिए 3 लाख 85 हज़ार रुपए शासन ने मंजूर किए हैं। जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज के श्मशान घाट पर शेड बनने का कार्य शुरू हो गया है। कांग्रेस नेता परेश नागर, उत्तम यादव, राजाराम यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष राजू मेहरा, हरजीत सिंह मंगू, कमलेश लोधी, दुर्गेश यादव ने बताया कि ठेकेदार द्वारा जो शेड बनाया जा रहा हैं उसमें बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। निर्माण कार्य में कच्ची और निम्न स्तर की ईंटों का उपयोग हो रहा है। सीमेंट और रेत के घोल में रेत भी ज्यादा मात्रा में मिलाई जा रही है, जिससे दीवारें कमजोर बनेगी।

पूर्व सरपंच संपत लाल एवं शंकर लाल, कन्हैया लाल ने बताया कि जो शेड बनाए जा रहे हैं, उसमें सीमेंट की चादर भी हल्की क्वालिटी की लगाई जा रही है, साथ ही लोहे के एंगल और पाइप भी पतले और निश्चित मोटाई से कम के लगाए जा रहे हैं। 18 से 24 घंटे में श्मशान घाट में शेड बनाकर खड़ा कर देते हैं, जिसकी न तो तराई होती है और न ही उचित तरीके से बनाया जा रहा है।


श्मशान घाट में शेड हो रहा शेड़ का निर्माण।

### एसडीएम ने कहा- मामले की जांच करवाता हूं

एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव से पूर्व सरपंच और ग्राम वासियों ने शिकायत की तो एसडीएम ने कहा कि मामले की जांच करवाता हूं। एसडीएम को यह भी बताया यह जो श्मशान घाट में शेड बनाया जा रहा हैं जो ज्यादा से ज्यादा एक से डेढ़ लाख में स्थानीय राजमिस्त्री बना देते हैं, जो सालों तक चलते हैं, लेकिन जो शासन की ओर से 3 लाख 85 हज़ार रुपए का शेड बन रहा है जो काफी घटिया और कमजोर है। पूर्व सरपंच ने आपत्ति उठाते हुए एसडीएम से निवेदन कर कहा कि आप इस मामले को विधायक और कलेक्टर के समने रखें और खराब मटेरियल से बनाए जा रहे शेड के निर्माण कार्य को शीघ्र ही रुकवाएं और अच्छे मटेरियल से शेड़ का निर्माण बनवाएं।

## सफाई के लिए करोड़ों का बजट, फिर भी नगर पालिका सफाई कार्य में रहा पीछे

# मंडीदीप नपा की बड़ी लापरवाही, लाखों रुपए के डस्टबीन सामुदायिक भवन में खा रहे धूल, सड़कों पर फेंक रहे घर और दुकान का कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका मंडीदीप में सफाई को लेकर आए दिन खबरें आ रही हैं। नगर में कचरा कलेक्शन और बाजार से उठने वाले कचरे को लेकर लोग नपा के लिए अलग अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उसी को लेकर हरिभूमि ने छान बीन की तो लाखों रुपए के डस्टबीन सामुदायिक भवन में धूल खा रहे हैं। नगर पालिका द्वारा सालाना करोड़ों का बजट सफाई के नाम पर खर्च किया जाता है, जिसमें नगर पालिका के 26 वार्ड है और 200 से अधिक सफाई कर्मचारी है, जिनके लाखों का पेमेंट नपा द्वारा हर माह किया जाता है, इसके बावजूद नगर में सफाई कार्य ठप पड़ा है। वहीं नपा के सफाई प्रभारी कचरे में पड़े डस्ट बिन की और ध्यान नहीं दे रहे है। बड़ी मात्रा में डस्ट बीन होने और कलेक्शन सेंटर न होने से बाजारों में कचारा सड़कों पर फेंका जाता है।


सामुदायिक भवन में धूल खाते पड़े डस्टबिन।

### ट्रीचिंग ग्राउंड में लगेगा समय

मंडीदीप नगर पालिका द्वारा गुराडिया गांव में करोड़ों की लागत से बन रहे ट्रीचिंग ग्राउंड (कचरा निष्पादन यंत्र) को शुरू होने में लगभग 2 माह से अधिक समय लगेगा, जिससे अभी कचरा नपा द्वारा इधर- उधर ही फेंका जा रहा है।


शोपीस बनी कचरा निष्पादन मशीन।

### कर्मचारी कचरा उठाने में करते हैं लापरवाही

नपा में कहने को तो 200 से अधिक सफाइकर्मी काम कर रहे, लेकिन वार्डों की हालत सफाई के मामले में फिसड्डी साबित हो रही है, जिससे प्रतिदिन सफाई के दावे फैल हो रहे हैं।

### स्वक्ष्छता रैंक में पिछड़ती नपा

मंडीदीप नगर पालिका 2024 के स्वक्ष्छता सर्वेक्षण में प्रदेश में बहुत ही निचले पायदान में रही, जिसकी मुख्य वजह नगर में कचरा एकत्रित करने का एक उचित स्थान निर्धारण न होना है। अलग-अलग जगहों में कचरा डंप करने के कारण कई बार रहवासियों द्वारा विरोध का भी सामना करना पड़ाता है।

### डस्टबिन रखने को कहूंगा

आपके द्वारा जानकारी मिली कि कचरा कलेक्शन करने के लिए आया लाखों रुपए के डस्टबिन सामुदायिक भवन में धूल खा रहें। इसकी जानकारी जुटा कर सक्षम अधिकारियों को तुरंत बाजारों में डस्टबिन रखवाने को कहता हुं।

**प्रशांत जैन**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंडीदीप

### प्रिंसी का हुआ जारो एजुकेशन में चयन



**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के बी.कॉम, ऑनर्स की छात्रा प्रिंसी पहलवानी का चयन जारो एजुकेशन में बिज़नेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव, ग्रेजुएट ट्रेनी पद पर हुआ है। उन्हें 10.51 लाख प्रतिवर्ष का आकर्षक पैकेज प्रदान किया गया है।

यह उपलब्धि कॉलेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता, निरंतर प्रशिक्षण एवं मजबूत उद्योग संबंधों को दर्शाती है, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर कॅरियर अवसर प्राप्त होते हैं। कॉलेज प्रबंधन, प्राचार्य, संकाय तथा ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने प्रिंसी पहलवानी को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


नाटक कन्यादान के मंचन का दृश्य।

# पुरानी पीढ़ी के समाजवादी विचारधारा के हिमायती की दिलचस्प कहानी

## रंग श्री लिटिल बेले में नाटक कन्यादान का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बेले ट्रूप में सोमवार की शाम नाटक कन्यादान का मंचन किया गया। तेंदुलकर रचित यह नाटक एक विवादास्पद नाटक है, हालांकि यह बहुत सीधी रचना है। राजेश भदौरिया के निर्देशन में तैयार नाटक पुरानी पीढ़ी के समाजवादी विचारधारा के हिमायती और आकांक्षाओं के समाजवादी सामाजिक कार्यकर्ता नाथ देवलालिकर की कहानी है। नाटक में हमारे समाज में मान्यता प्राप्त वैचारिक धारणाओं और कठोर यथार्थ के बीच नये सिरे से उभरते प्राणघातक संघर्ष का चित्रण है। जो मनुष्य और उसकी प्रवृत्तियों से ओत प्रोत है।


नाटक कन्यादान के मंचन का दृश्य।

### नाटक के बारे में

तेंदुलकर का 'कन्यादान' नाटक उनके अन्य नाटकों की तरह एक विवादास्पद नाटक है, हालांकि यह बहुत सीधी रचना है। यह नाटक मुख्यतः एक पात्र अरुण आठवले का है, जो एक दलित लेखक हैं। यह नाटक नहीं बल्कि पुरानी पीढ़ी के समाजवादी विचारधारा के हिमायती और आकांक्षाओं के समाजवादी सामाजिक कार्यकर्ता नाथ देवलालिकर की कहानी है।

## रवींद्र भवन में केजी त्रिवेदी राष्ट्रीय नाट्य एवं सम्मान समारोह में नाटक पुरुष का मंचन

# दुष्कर्म के प्रतिशोध को दर्शाता नाटक 'पुरुष'

### राष्ट्रीय सम्मान से नवाजे गए अभिनेता यशपाल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हम डरेंगे नहीं, लड़ेंगे.... पूरी ताकत से.. आखिरी सांस तक.... उस भेड़ियें गुलाबराय को सबक सिखाकर मानेंगे। लज्जा और क्रोध से आपा खो बैठी अंबिका के इन्हीं शब्द-संवाद ने रविंद्र भवन सभागार में बैठे दर्शकों को झकझोर दिया। मौका था रविंद्र भवन में के.जी. त्रिवेदी राष्ट्रीय नाट्य एवं सम्मान समारोह का, जिसमें आदर्श शर्मा (चिंटू) के निर्देशन में तैयार नाटक पुरुष के मंचन में कामांध पुरुषों की कारस्तानी और महिलाओं की परेशानी को उजागर किया गया। साथ ही जाने माने फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा को राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया।


फिल्म अभिनेता यशपाल को किया गया सम्मानित।


नाटक के मंचन का दृश्य।


### मैंने गुलाबराव का पुरुषत्व खत्म कर दिया...

नाटक शुरू होता है शिक्षक अन्ना साहब आप्टे के घर से। अन्ना की बेटी अंबिका भी शिक्षिका है और सिद्धार्थ उसका दोस्त जो दलितों के अधिकार की लड़ाई लड़ता है। हंसते खेलते परिवार में अचानक बाहुबली गुलाबराव जाधव का प्रवेश होता है। उसके काले-कारनामों को कई बार अंबिका सबके सामने उजागर कर चुकी होती है। गुलाबराव बदला लेने के लिए उसे धोखे से डाक बंगले में बुलाकर दुष्कर्म करता है। इससे अंबिका की मां सदमे में आ जाती है और आत्महत्या कर लेती है। बिगड़ते हालात में अंबिका सिद्धार्थ का भी साथ छोड़ देती है। अब अंबिका प्रतिशोध के लिए अकेले दम पर ठान लेती है। वह गुलाबराव को जीवन भर याद रखने वाला सबक सिखाती है। नाटक के अंतिम दृश्य में अंबिका पुलिस को फोन करती है।


नाटक के मंचन का दृश्य।

### केजी त्रिवेदी वृक्ष और शिष्य बने उनकी शाखाएं

इस अवसर पर रवींद्र भवन सभागार के बाहर केजी त्रिवेदी को वृक्ष के रूप में दर्शाया गया, जबकि त्रिवेदी के कुछ शिष्यों की फोटो को वृक्ष की शाखाओं के रुप में दर्शाया गया।


केजी त्रिवेदी एवं शिष्यों को वृक्ष के रूप में दर्शाया

## विलेन के रोल इतने ज्यादा निभाए कि लड़कियां फोटो खिंचवाने में डरती हैं

स्व. के.जी. त्रिवेदी की स्मृति में राष्ट्रीय नाट्य एवं सम्मान समारोह में आए अभिनेता यशपाल शर्मा से हरिभूमि की खास बातचीत

**भोपाल।** मैंने इतने विलेन के किरदार निभा लिए हैं कि अब लड़कियां मेरे साथ फोटो खिंचवाने में भी डरती हैं, शायद वो भूल जाती हैं कि मैंने कई पॉजिटिव किरदारों को भी जिया है, लेकिन मेरे फेंस को मेरे नेगेटिव किरदार ही याद हैं। यह कहना है 'गंगाजल' में 'सुंदर यादव', 'लगान' में 'लाखा', और 'अपहरण' व 'अब तक छप्पन' में महत्तवपूर्ण किरदार निभाने वाले अभिनेता यशपाल शर्मा का, जो सोमवार को स्व. के.जी. त्रिवेदी उर्फ चच्चा की याद में राष्ट्रीय नाट्य एवं सम्मान समारोह में राष्ट्रीय



सम्मान से नवाजे गए, इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने केजी त्रिवेदी की यादों से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि स्व. के.जी. चच्चा को इफतेकार फेस्ट में उन्हें सम्मानित किया गया था और मैं गुलजार साहब के नाटक करने आया था तब उनसे सम्मानित होते हुए देखा।

### कोशिश करता हूं कि लोग किरदार देखें, यशपाल नहीं

उन्होंने कहा कि मैं खुद को सिर्फ एक एक्टर नहीं, एक सीखने वाला इंसान मानता हूं, हर किरदार मुझे कुछ न कुछ सिखाता है। चाहे गंगाजल का गूंजन सिंह हो या लगान का लक्ष्मण मैं कोशिश करता हूं कि लोग किरदार देखें, यशपाल नहीं।

### थिएटर ने सिखाया कड़ी मेहनत करना

यशपाल कहते हैं कि थिएटर मेरी जड़ है। कैमरा सामने हो या हजारों दर्शक मेरे लिए ईमानदारी सबसे जरूरी है। थिएटर ने सीखा दिया कि रिहर्सल, मेहनत और अनुशासन के बिना कोई कलाकार नहीं बन सकता। इसलिए सबसे पहले मेरे लिए थिएटर है, जिसने मुझे बनाया है।



## राजकुमार ने कहा था- तुम्हारी आंखें बहुत खूबसूरत हैं, इनमें एक अलग ही कशिश है...

*'कौन सही' फिल्म की शूटिंग के लिए भोपाल आईं प्रसिद्ध अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर से हरिभूमि की खास बातचीत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

तिरंगा फिल्म में मैं काम करते हुए जानेमाने अभिनेता राजकुमार ने मेरी आंखों को देखकर कहा था कि आपकी आंखों में एक अजीब सी कशिश है जो किसी को भी प्रभावित कर सकती है। यह सुनकर मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा कि इतने बड़े, इतनी उम्दा कलाकार मेरी आंखों की तारीफ कर रहे हैं। यह कहना है 'तिरंगा', 'साथी' , 'शिकारी', 'खलनायिका', 'हनीमून' जैसी फिल्मों में लीड रोल निभा चुकी प्रसिद्ध अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर का। जो 'कौन सही' फिल्म की शूटिंग के लिए भोपाल आईं और हरिभूमि से बातचीत में अपने जीवन से जुड़े अनुभवों पर चर्चा की।

### हिंदी फिल्मों में मन मुताबिक काम नहीं मिला

उन्होंने कहा कि मुझे हिंदी फिल्मों में ज्यादा काम नहीं मिला, बस शुरू में ही कुछ फिल्में मिलीं। इसके बाद मेरे मनमुताबिक किरदार नहीं मिले, तो मैंने मराठी इंडस्ट्री की तरफ रुख किया, जहां नाम और पहचान दोनों मिली और मराठी में मैंने कई फिल्में की है।

### अपने फेंस के कहने पर मराठी बिग बॉस किया....

इसके बाद मेरे पास बिग बॉस का भी ऑफर आया, जिसे मैंने ठुकरा दिया, क्योंकि मैं इस लड़ाई झगड़े में नहीं पड़ना चाहती। मैं सीधा साधा जीवन जीना चाहती हूं, लेकिन फिर मेरे मराठी भाषी फेंस ने कहा कि आपको मराठी बिग बॉस में जाना चाहिए तो मैंने मराठी बिग बॉस किया।

### पिता गोवा में रह चुके डिप्टी स्पीकर व कैबिनेट मंत्री, लेकिन मुझे राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं

उन्होंने कहा कि मेरे पिता डिप्टी स्पीकर के साथ साथ गोवा में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं तो मैंने राजनीति को काफी करीब से देखा है, इसे देखकर लोगों ने मुझसे पूछा भी कि क्या आप राजनीति में जाओगी तो मैं मना ही करती हूं क्योंकि राजनीतिक क्षेत्र में मैं स्वयं को फिट नहीं मानती।

### हमारे समय का टीवी बहुत अनुशासित था

मैंने फिल्मों, धारावाहिकों, नाटकों, हर माध्यम में काम किया है। हर प्लेटफॉर्म ने मुझे कुछ नया सिखाया। मैं आज भी सीख रही हूं क्योंकि कलाकार कभी पूरा नहीं होता। उन्होंने कहा कि हमारे समय का टीवी बहुत अनुशासित था। सेट पर अनुशासन, लंबी रिहर्सल और किरदारों पर गहरा काम होता था। आज टेक्निकल चीजें ज्यादा आसान हो गई हैं, लेकिन भावनाओं के प्रति ईमानदारी वही पुरानी होनी चाहिए।

### 'कौन सही' फिल्म की शूटिंग हुई शुरू

### 'गांधी बनाम गोडसे' को देगी नया नजरिया



**भोपाल ।** झीलों का शहर एक बड़े सिनेमाई क्षण का साक्षी बन रहा है, क्योंकि विनायक फिल्म एंड टेलीविजन ने एएए स्टूडियो के सहयोग से अपनी आगामी हिंदी फीचर फिल्म 'कौन सही' की शूटिंग आधिकारिक रूप से शुरू कर दी है। मजबूत क्रिएटिव टीम और प्रभावशाली कलाकारों की टुकड़ी से सजी इस फिल्म के निर्माता डॉ. पवन टोडी हैं और निर्देशन मनोज सिंह का हैं। मनोज हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में करीब 35 वर्षों से निर्देशन कर रहे हैं, जबकि पटकथा और संवाद अनुज कुमार ने लिखे हैं, जो अपनी रोचक कहानी कहने की शैली और भावनात्मक गहराई के लिए जाने जाते हैं। को-प्रोडयूसर के रूप में अमित सिंहराज इस फिल्म में शामिल हैं। फिल्म के छायांकन की कमान अनुभवी सिनेमैटोग्राफर धर्मेंद्र बिस्वास के हाथों में है।

## हस्तशिल्प मेले में परंपरा से नवाचार तक कला और विरासत का दिखा अनूठा संगम

### गौहर महल में आयोजित मेले में आज होगा 50 शिल्पियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल इन दिनों हस्तकला की जीवंत रंगत से दमक रहा है। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित पांच दिवसीय हस्तशिल्प सप्ताह मेला शहरवासियों के लिए कलात्मक अनुभव का आकर्षक आयाम बनकर उभर रहा है। प्रदेश के दूरझदराज अंचलों से आए 50 चयनित शिल्पकार पारंपरिक सौंदर्य, नवीन कल्पना और सूक्ष्म हस्तकौशल से निर्मित अपनी विशिष्ट कृतियों के साथ उपस्थित हैं। आज मंगलवार को इन 50 से अधिक शिल्पियों को सम्मानित किया जाएगा।


गौहर महल में एमएलबी की छात्राएं पहुंचीं, जहां उन्होंने वस्त्रकला को समझा।

### हस्तकला की धारा से कराया परिचित

सोमवार को एमएलबी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं का समूह मेले में पहुंचा, जहां उन्होंने वस्त्रकला और शिल्पकारी की बारीकियों को नजदीक से समझा। इस दौरान शिल्पकार विनोद मालेवर ने छात्राओं को परंपरागत हस्तकला की धारा, उसकी सांस्कृतिक जड़ों और जीवनझउपयोगिता से परिचित कराया। मेले में प्रदर्शित डिजाइन संग्रह में विशेष आकर्षण उन वस्त्रों का रहा जिनमें प्रदेश की लोकझधरोहरें, ऐतिहासिक स्थापत्य और पारंपरिक प्रतीक उकेरे गए थे। यह नवीन शैली हस्तकला को केवल वस्त्र तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उसे सांस्कृतिक विरासत का दृश्य दस्तावेज बनाती है।

### कई प्रदेशों से आए 60 से अधिक कवियों ने किया काव्य पाठ

## अखिल भारतीय कायस्थ कवि समागम का दुष्यंत संग्रहालय में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय कायस्थ कवि समागम का आयोजन दुष्यंत संग्रहालय में किया गया।कार्यक्रम रामसेवक बुंदेली साहित्य संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा, आयोजित किया गया। देर रात तक चले कार्यक्रम में देश के अलग-अलग प्रदेशों से आये 60 से अधिक कवियों द्वारा काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का सहसंयोजक मनीष बादल ने किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति यथा राजेश चंचल, मध्यप्रदेश गान के रचयिता महेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, महेश सक्सेना, अरविंद श्रीवास्तव, मुरलीमनोहर व चंद्रशेखर श्रीवास्तव मुकेश कबीर, प्रेक्षा सक्सेना, अभिलाषा श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, संगीत सरल आदि उपस्थित रहे।


अभा कायस्थ कवि समागम का दृश्य।


चंद्रशेखर श्रीवास्तव का सम्मान।

## रन भोपाल रन 2025 में श्रृति के फिटब्लिस ने भर दिया जोश

### फिटब्लिस ने बैंड, एनर्जी पेय और फर्स्ट एड का किया इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोगों को सेहतमंद रखने और सेहत के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भोपाल में आयोजित रन भोपाल रन 2025 में फिटब्लिस बॉय श्रृति कपूर ने जोश और जज्बे का ऐसा तड़का लगाया कि लोगों ने उनके इस प्रयास को सलाम कर दिया।

फिटब्लिस की युवा संचालिका श्रृति कपूर ने कहा कि फिटनेस केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि



जीवन जीने का तरीका है। फिटब्लिस की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रृति कपूर के नेतृत्व में फिटब्लिस टीम ने जवाहर चैक पर आकर्षक रिफ्रेशमेंट एवं सपोर्ट बूथ स्थापित किया। फिटब्लिस बूथ पर प्रतिभागियों के लिए पानी, जूस, एनर्जी ड्रिंक्स, ओआरएस, प्रोटीन बार सहित पेय और खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए गए।


रैंप पर वैवाहिक लहंगे का प्रदर्शन करते मॉडल।

**रेडिसन होटल में 44 मॉडल्स ने प्रदर्शित की भारतीय परिधान संस्कृति, भव्य रैम्प, रोशनियों की चकाचौंध और मधुर सुरों की आवाज ने मंच को किया साकार**

# हल्दी से लेकर मेंहदी और शादी की प्रत्येक रस्म को रैंप पर दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेडिसन होटल में फ़ैशन, सौंदर्य और परंपरा के समन्वय रंग जमा। मौका था 'ऑरा बाय अनामिका' की ओर से आयोजित फ़ैशन शो का। भव्य रैम्प, रोशनियों की चकाचौंध और मधुर सुरों की आवाज के बीच आयोजित इस शो में कुल 44 मॉडलों ने अपने अद्भुत व्यक्तित्व और भारतीय परिधान संस्कृति को मंच पर साकार किया।


रैंप पर वैवाहिक पोषाक का प्रदर्शन करते मॉडल।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते आयोजनकर्ता व कलाकार।

### विवाह संस्कार के अनुरूप तैयार किया राउंड

शो के सभी चार राउंड विशिष्ट शैली और थीम पर केंद्रित रहे, जिनमें मॉडलों ने आत्मविश्वास और सौंदर्य के साथ रैम्प वॉक कर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इस शो की मुख्य थीम एक भारतीय विवाह की पारंपरिक यात्रा रही, जिसमें हल्दी से लेकर मेंहदी, शादी से लेकर विदाई तक की हर भावनात्मक अनुभूति को वस्त्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। शो की होस्ट एवं डिजाइन विशेषज्ञ अनामिका सिंह ने बताया कि प्रत्येक राउंड को वास्तविक विवाह संस्कार के अनुरूप तैयार किया गया ताकि दर्शक पारंपरिक अवसरों के भावचित्र को जीवंत महसूस कर सकें।



# जल्लाद के रोल में असली धुरंधर साबित हुए अक्षय...

**नई दिल्ली।** फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस में भौकाल मचा रही है, वहीं सोशल मीडिया पर रहमान डकैत बने अक्षय खन्ना ट्रेंड कर रहे हैं। अक्षय खन्ना खूंखार गैंगस्टर के किरदार में धांसू लगे हैं, जिसके दहशत से लोग कभी थरथर कांपते थे। उसके कारनामे देखकर लोगों के हलक सूख जाते थे। फिल्म में रहमान डकैत बने अक्षय खन्ना की अदाकारी फिल्म के बाकी धुरंधरों पर भारी पड़ रही है। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' असली घटनाओं से प्रेरित है, जिसमें भारत-पाक के आतंकवाद के खिलाफ जंग को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी 2000 के दशक के आखिर में कराची के लियारी इलाके के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

लाइफ Style

# शुभांगी



## तन्वी द ग्रेट के लिए मिला बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ मुंबई

*अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने अनुपम खेर की निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इसी फिल्म के लिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।*

यह कार्यक्रम 6 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। 'तन्वी द ग्रेट' के लिए शुभांगी दत्त को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस फेस्टिवल में 'तन्वी द ग्रेट' को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी मिला। स्क्रीनप्ले अनुपम खेर, अभिषेक दीक्षित और अंकुर सुमन ने मिलकर लिखा था। शुभांगी ने खुशी जताते हुए कहा, 'यह अवॉर्ड जीतना बहुत खास और अजीब सा लग रहा है। तन्वी का किरदार बहुत ईमानदारी, कमजोरी, अनुशासन और ताकत मांगता था।' आगे शुभांगी ने अनुपम का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि दुनिया भर के दर्शकों को फिल्म और उसका सुंदर मैसेज पसंद आया। अनुपम सर का बहुत-बहुत शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे जिंदगी भर याद रहने वाला रोल दिया। इस दौरान अनुपम खेर ने कहा, 'यह बहुत अच्छी जीत है। शुभांगी ने तन्वी के किरदार में पूरी जान डाल दी। यह फिल्म दिल से बनी है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाना बहुत खुशी की बात है।' फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की कहानी एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की है, जो अपने दिवंगत पिता का सपना पूरा करने के लिए सियाचिन (दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र) पहुंचकर भारतीय तिरंगा फहराना चाहती है।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी के लिए वेन्यू की तलाश खत्म

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर और युवा दिलों की धड़कन टेलर स्विफ्ट ने जब फुटबॉल प्लेयर ट्रैविस केल्स संग सगाई की घोषणा की, तो दुनियाभर में उनके फैंस दीवाने हो गए। टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स रोड आइलैंड के ओशन हाउस में शादी करने का प्लान बना रहे हैं। यह शादी 13 जून, 2026 को होने वाली है। टेलर स्विफ्ट अपनी 1.6 बिलियन डॉलर (14416.88 करोड़ रुपए) की नेट वर्थ में से अच्छा-खासा पैसा अपनी लग्जरी वेडिंग पर खर्च करने वाली हैं। दोनों टेनेसी में एक ब्लैकबेरी फार्म पर भी कुछ समय के लिए विचार कर रहे थे। लेकिन, अब शादी के लिए अगल वेन्यू 'ओशन हाउस होटल' तय किया गया है।



# 17 साल का लड़का, जो 9 लोगों का करता है मर्डर

**लॉस एंजिल्स।** एक साइकोलॉजिकल हॉरर-ड्रामा सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी पहला सीजन 2013 में आया था और आखिरी सीजन 2017 में आया था। इसे कार्लटन क्यूज, केरी एहरिन और एंथनी सिप्रियानो ने मिलकर डेवलप किया था। इसके डायरेक्शन में टकर गेट्स, टीम मेंटॉर्फ और सारा बॉयड जैसे कई एक्सपीरियंसड नाम जुड़े थे। इस सीरीज की खासियत इसकी डार्क टोन और किरदारों की गहराई में उतरती कहानी है। इस सीरीज की कहानी नॉर्मन बेट्स और उसकी मां नॉर्मा के रिश्तों के ईद-गिर्द घूमती है। कैसे वे एक छोटे शहर में नया जीवन शुरू करने के लिए मोटल खरीदते हैं, लेकिन धीरे-धीरे मिस्टीरियस घटनाएं और नॉर्मन की मेंटल हेल्थ सामने आती है। सीरीज दिखाया गया है कि कैसे मासूम सा दिखने वाला नॉर्मन एक खतरनाक सीरियल किलर बन जाता है, जो 9 लोगों को मौत के घाट उतार देता है।



# बेटी के जन्म के बाद पहली बार दिखीं

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपने पहले बच्चे को जन्म देने के बाद पहली बार पब्लिकली नजर आईं। उन्होंने 15 जुलाई 2025 को बेटी सरायाह मल्होत्रा को जन्म दिया था। अब करीब 6 महीने बाद फैंस को उनकी झलक देखने को मिली है। कियारा ने पपाराजी से बात भी की। उन्होंने ये भी बताया कि उनकी बेटी कैसी है। कियारा आडवाणी के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस का कहना है कि बेटी को जन्म देने के बाद भी कियारा बिल्कुल नहीं बदली हैं। वो पहले जैसी ही फिट और खूबसूरत दिख रही हैं। कियारा से पपाराजी ने पूछा कि उनकी बेटी सरायाह मल्होत्रा कैसी हैं तो उन्होंने कहा कि वो बिल्कुल ठीक हैं। मालूम हो कि कियारा ने 7 फरवरी 2023 को सिद्धार्थ मल्होत्रा से जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में ग्रैंड वेडिंग की थी।



# हैवान की शूटिंग हुई खत्म सैफ ने काटा केक

**मुंबई।** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की आने वाली फिल्म 'हैवान' की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पूरी टीम की आखिरी ग्रुप फोटो शेयर करते हुए यह खुशखबरी दी। इन तस्वीरों में सैफ अली खान, फिल्म के निर्देशक प्रियदर्शन और सैयामी खेर समेत कई कलाकार और क्रू मेंबर्स बेहद खुश नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में एक बहुत बड़ा कार चेज सीन फिल्माया गया है। इसमें 30-40 लग्जरी कारों और करीब 100 जूनियर आर्टिस्ट्स का इस्तेमाल किया गया। यह सीन चर्चगेट (मुंबई) की सड़कों पर लगातार 5 रातों तक शूट हुआ। इस शानदार एक्शन को विश्व प्रसिद्ध स्टंट डायरेक्टर स्टंट सिल्वा ने डिजाइन किया है। फिल्म 'हैवान' अगले साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# सिर्फ ट्रॉफी और कैश प्राइज ही नहीं गौरव ने जीती इतनी सारी चीजें

**नई दिल्ली।** टीवी के सुपरस्टार गौरव खन्ना ने 'बिग बॉस 19' की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। शो के होस्ट सलमान खान ने अनाउंस किया कि उन्हें सिर्फ ट्रॉफी ही नहीं, बल्कि 50 लाख रुपए की प्राइज मनी भी मिली है। सिर्फ इतना ही नहीं, शो के दौरान गौरव ने कई सारी चीजें जीती हैं। बिग बॉस के घर में स्पॉन्सर टास्क हुआ था। इस टास्क के दौरान गौरव खन्ना को घरवालों के सबसे ज्यादा वोट्स मिले थे जिसकी वजह से सिट्रोएन उन्हें ब्रांड न्यू सिट्रोएन कार मिली थी। गौरव खन्ना को मोस्ट स्टाइलिश कंटेस्टेंट होने का खिताब मिला था और फ्लिपकार्ट ने उन्हें अपनी तरफ से 1.5 लाख रुपये का फ्लिपकार्ट वाउचर भी दिया था। डेन्यूब ने बिग बॉस के टॉप 6 कंटेस्टेंट्स से वादा किया था कि वह उन्हें क्रूज पार्टी का एक्सेस देगा। जब भी कंटेस्टेंट्स क्रूज पार्टी के पासेस लेकर दुबई जाएंगे तब डेन्यूब उन्हें लग्जरी क्रूज पार्टी को एक्सपीरियंस करने का मौका देगा। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, गौरव खन्ना की एक हफ्ते की सैलरी 17.5 लाख रुपए की थी और उन्होंने बिग बॉस में 15 हफ्तों का सफर पूरा किया। मतलब उन्हें इस शो से कुल 2.62 करोड़ रुपये की फीस मिली है। इसके साथ ही उन्हें 50 लाख रुपये की प्राइज मनी भी मिली। यानी उन्होंने 'बिग बॉस 19' से कुल 3.12 करोड़ रुपए की कमाई की है।

## रूपल बनीं नोमिश की दुल्हनिया

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' का हिस्सा रह चुकीं रूपल त्यागी ने भी सात फेरे ले लिए हैं। उन्होंने नोमिश भारद्वाज से 5 दिसंबर को ही शादी की और अब उसकी ढेरों तस्वीरें इंटरनेट पर शेयर की। हालांकि,



उनके इस वेडिंग एल्बम में दुल्हेराजा कहीं नजर ही नहीं आए। उनके दोस्तों ने जो साथ की फोटोज पोस्ट की थीं, उससे ही उनकी झलक देखने को मिली। 'सपने सुहाने लड़कपन' में गुंजन का किरदार निभाने वाली रूपल त्यागी ने अपनी शादी को प्राइवेट रखा। बहुत ही खास और करीबी को इन्वाइट किया था। रूपल त्यागी ने लाल रंग का लहंगा शादी के लिए चुना था। इस पर उन्होंने आर्टीफीशियल ज्वैलरी के बजाए, मां के गहने पहनना पसंद किया। सोने के आभूषणों से लदी एक्ट्रेस बेहद सुंदर लग रही थीं। रूपल त्यागी ने बताया कि उन्होंने अपनी मां का नेकलेस, इयरिंग, हाथफूल और कड़ा पहना था। उनके लहंगे की बेल्ट पर उनके और पति का आधा-आधा नाम लिखा था। नोमिश से वह मुंहई में दो साल पहले एक दोस्त के जरिए मिली थीं। उनके पति कैमरे के पीछे एनीमेशन में लॉस एंजिल्स में काम करते हैं।

# स्टेज पर परफॉर्म कर रही कनिका पर शख्स ने अचानक किया हमला

**मुंबई।** कनिका कपूर फिर से चर्चा में हैं। कनिका अपने किसी गाने की वजह से नहीं, बल्कि उनके साथ कॉन्सर्ट में हुए हादसे की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। कनिका का एक वीडियो कॉन्सर्ट के दौरान का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स उनके साथ बदसलूकी करता नजर आ रहा है। कनिका कपूर बॉलीवुड की पसंदीदा गायिकाओं में से एक हैं। वह एक दशक से भी ज्यादा समय से लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हाल ही में एक कॉन्सर्ट के दौरान कनिका पर एक शख्स ने हमला कर दिया, जो मंच पर पहुंचकर उन्हें उठाने की कोशिश कर रहा था। वो तो गनीमत है कि गायिका के सुरक्षाकर्मी सक्रिय थे और उन्होंने उस व्यक्ति को मंच से नीचे उतार दिया। इस घटना के कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कनिका का यह वीडियो मे-गोंग फेस्टिवल के दौरान का है। कनिका का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जहां कुछ लोगों का कहना है कि ये कनिका का प्रोफेशनलिज्म है कि उन्होंने बिना घबराए अपनी परफॉर्मेंस जारी रखी। तो वहीं कुछ कनिका के रिएक्शन को देखने के बाद इसे स्क्रिप्टेड इंसीडेंट बता रहे हैं।



# कॉमेडी-एक्शन से लेकर क्राइम-थ्रिलर तक, ओटीटी पर इस हफ्ते दर्शकों को मिलेगा एंटरटेनमेंट का डोज

*नई दिल्ली। दिसंबर का दूसरा हफ्ता दर्शकों के लिए खास होने वाला है। साल के आखिर में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की बारिश करने की पूरी प्लानिंग की जा चुकी है। हर बार की तरह इस बार भी कॉमेडी, थ्रिलर, मिस्ट्री, एडवेंचर और इमोशनल ड्रामा- हर जोनर का कंटेंट लाया गया है। नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार और जी 5 जैसे प्लेटफॉर्म्स पर एक से बढ़कर एक शो और फिल्में आपका इंतजार कर रही हैं। a*

**सिंगल पापा :** 12 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर अभिनेता कुनाल खेमू एक बार फिर हल्के-फुल्के, लेकिन दिल को छू लेने वाले किरदार में वापसी कर रहे हैं। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जो तलाक के बाद जिंदगी को नये ढंग से जीना चाहता है। इसी सोच में वह एक बच्चा गोद लेने का फैसला कर लेता है। यह निर्णय उसके पूरे परिवार को हैरानी में डाल देता है। कुनाल का यह किरदार हँसाता भी है और सोचने पर मजबूर भी करता है।

**मैन वर्सेज बेबी :** नेटफ्लिक्स पर ही 11 दिसंबर को मिस्टर बीन दस्तक देने वाले हैं। रोवन एटकिंसन की मौजूदगी ही कॉमेडी की गारंटी है। इस सीरीज में वह ट्रेवर बिंगली बने हैं—एक ऐसा शख्स जिसे क्रिसमस की छुट्टियों में एक आलीशान पेंटहाउस की देखभाल करनी है। सब कुछ तब बिगड़ जाता है जब वह एक परित्यक्त बच्चा पाता है। इसके बाद जो अराजकता शुरू होती है, वह दर्शकों को पेट पकड़ कर हँसने पर मजबूर कर देगी।

**परसी जैक्सन एंड द ओलंपियंस :** 10 दिसबंर को जियोहॉटस्टार पर मशहूर बुक सीरीज पर आधारित यह शो लौट आया है अपने नए रोमांच के साथ। इस बार परसी अपने दोस्तों के साथ एक खतरनाक मिशन पर जाता है- गोल्डन फ्लीस वापस लाने का। यह फ्लीस कैंप हाफ-ब्लड को बचाने के लिए जरूरी है। मिस्ट्री, मिथोलॉजी और मारधाड़ से भरपूर यह सीजन बच्चों और बड़ों दोनों को पसंद आएगा।



**साली मोहब्बत :** 12 दिसंबर को जी 5 पर ये फिल्म रिलीज हो रही है। राधिका आप्टे का नाम ही दमदार एक्टिंग की गारंटी है। इस थ्रिलर ड्रामा में वह एक ऐसी महिला बनी हैं जिसकी जिंदगी अचानक उस समय टूट जाती है, जब उसके पति और कजिन की हत्या हो जाती है। छोटे शहर की यह कहानी धीरे-धीरे खुलते राज, धोखे और रिश्तों में छिपे अंधेरे को सामने लाती है।

**सिटी ऑफ शैडोज :** बार्सिलोना की बैकड्रॉप पर बनी यह स्पेनिश क्राइम थ्रिलर दिल दहला देती है। एक ऐतिहासिक गाउदी बिल्डिंग पर लटके और जले हुए शव की बरामदगी के बाद शहर सनसनी में है। पुलिस इंस्पेक्टर मिलो मलार्ट, जो पहले ही सस्पेंड है, को मजबूरी में वापस बुलाया जाता है। केस की परतें खुलती हैं तो कहानी और गहरी होती जाती है। ये फिल्म 12 दिसबंर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

## अपनी साहसिक फैसलों से महिलाओं की ऑनस्क्रीन छवि को दी एक नई दिशा

# कभी मासूम बन पर्दे पर छाईं तो कभी बिकिनी पहन दिखाई बोल्डनेस

### पढ़े-लिखे और संस्कारी परिवार में हुआ जन्म

शर्मिला टैगोर का जन्म एक सांस्कृतिक, शिक्षित और सम्पन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बचपन से ही साहित्य, संगीत और नृत्य से गहरा रिश्ता रहा। किशोरी उम्र में ही सत्यजीत रे ने उन्हें नोटिस किया और फिल्में उनके जीवन में ऐसे उतरीं कि फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### फिल्मी पर्दे पर धमाकेदार डेब्यू

वर्ष 1964 में रिलीज हुई रोमांटिक फिल्म 'कश्मीर की कली' ने शर्मिला टैगोर को रातों-रात स्टार बना दिया। उनकी सुंदरता, बड़ी आंखें, मासूम मुस्कान और सहज अभिनय ने दर्शकों को तुरंत दीवाना बना दिया। यह फिल्म पहले किसी और अभिनेत्री के पास जाने वाली थी, लेकिन किस्मत ने यहां से उन्हें अपार सफलता दी। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### शशि कपूर पर था क्रश

70 के दशक में शशि कपूर और शर्मिला टैगोर की जोड़ी को दर्शक हाथों-हाथ लेते थे। दोनों ने करीब 9 फिल्में साथ कीं और कैमिस्ट्री इतनी सहज थी कि शर्मिला खुद भी शशि कपूर पर क्रश होने की बात स्वीकार कर चुकी हैं। हालांकि, यह पसंद सिर्फ दोस्ती की दहलीज तक ही रही और दोनों अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए।



*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में अगर गरिमा, ग्लैमर, नजाकत और दमदार अभिनय को एक ही नाम से जोड़ा जाए, तो वह नाम है- शर्मिला टैगोर। 1946 में हैदराबाद में जन्मीं शर्मिला 81 वर्ष की हो चुकी हैं। सात दशकों से अधिक के फिल्मी सफर में उन्होंने अपनी सादगी, खूबसूरती और साहसिक फैसलों से न सिर्फ बॉलीवुड को बदला, बल्कि महिलाओं की ऑनस्क्रीन छवि को भी एक नई दिशा दी।*

**बॉलीवुड की सबसे सुपरहिट जोड़ी :** अगर हिंदी सिनेमा में किसी जोड़ी ने लगातार हिट पर हिट दीं- तो वह राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर की जोड़ी थी। फिल्म आराधना, अमर प्रेम, सफर जैसी फिल्मों ने दोनों को स्टारडम की चरम सीमा पर पहुंचा दिया। एक दौर ऐसा भी आया जब शर्मिला टैगोर इंडस्ट्री की सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्री बन गईं। 1950-60 के दशक में यह उपलब्धि किसी भी महिला कलाकार के लिए असाधारण थी।

**पहली भारतीय अभिनेत्री जिसने बड़े पर्दे पर पहनी बिकिनी :** साल 1967 की फिल्म 'एन इवनिंग इन पेरिस' में शर्मिला टैगोर का बिकिनी पहनना आज भी भारतीय सिनेमा के सबसे साहसिक पलों में शुमार है। उस दौर में जब परंपरागत भूमिकाओं से आगे बढ़ना लगभग नामुमकिन था, उन्होंने अपनी छवि बदलने का जोखिम उठाया। इस कदम ने महिलाओं के लिए ग्लैमर, आत्मविश्वास और आधुनिकता के नए रास्ते खोले। 1968 में उन्होंने फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पर भी बिकिनी पहनकर इतिहास रच दिया।

**पटौदी पर दिल हारा और बनीं आयशा बेगम :** फैन्स की भीड़ के बीच, शर्मिला टैगोर का दिल उस क्रिकेट स्टार पर आया जो कम बोलता था, लेकिन हर काम शाही अंदाज में करता था- मंसूर अली खान पटौदी। दोनों की प्रेम कहानी बेहद सादा और दिल से जुड़ी हुई थी। शादी के लिए शर्मिला ने धर्म परिवर्तन कर 'आयशा बेगम'का नाम अपनाया। यही रिश्ता आगे चलकर बॉलीवुड के सबसे रॉयल परिवारों में गिना जाने लगा। उनके तीन बच्चे- सैफ अली खान, सोहा अली खान और सबा अली खान आज अपने-अपने क्षेत्र में स्थापित नाम हैं।



### अभिनेत्री ने दीं लगातार हिट फिल्में

शर्मिला टैगोर ने देवानंद, धर्मेंद्र, शम्मी कपूर, राजेश खन्ना और शशि कपूर जैसे सभी टॉप अभिनेताओं के साथ काम किया। उन्होंने कई पुरस्कार जीते जिनमें राष्ट्रीय पुरस्कार, फिल्मफेयर अवॉर्ड, पॉपुलर एक्ट्रेस अवॉर्ड, लाइफटाइम अचीवमेंट जैसे पुरस्कार शामिल हैं। वो सेंसर बोर्ड की चेयरपर्सन भी रहीं और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं।

# टी20 ट्रॉफी में डेब्यू पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बने अमित पासी

एजेंसी ▶▶| बड़ौदा

बड़ौदा से डेब्यू करने वाले विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज अमित पासी ने 55 गेंद में 10 चौके और नौ छक्कों की मदद से 114 रन की धमाकेदार पारी खेली। इसके साथ वह सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में डेब्यू पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए और वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ने से वह सिर्फ 1 रन दूर रह गए।

सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में बड़ौदा अपनी लीग स्टेज का अंतिम और सातवां मैच खेलने उतरी। कप्तान विष्णु सोलंकी ने 25 रन बनाए, जबकि अंत में भानु पानिया ने 28 रन की पारी खेली। इन पारियों के दम पर बड़ौदा ने 5 विकेट पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। 26 साल के अमित पासी बड़ौदा के लिए अपना पहला मैच खेल रहे थे। नियमित विकेटकीपर जितेश शर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम से जुड़ चुके हैं, जिसके चलते उन्हें बड़ौदा का कैंप छोड़ना पड़ा। इस कारण अमित पासी को डेब्यू करने का मौका मिला और उन्होंने इसे दोनों हाथों से लपका। अमित पासी अब टी20 क्रिकेट में डेब्यू पर सबसे बड़ी पारी खेलने वाले संयुक्त रूप से दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले 2015 में बिलाल आसिफ ने फ़ैसलाबाद में स्टैलियंस की ओर से खेलते हुए अपने टी20 डेब्यू में 114 रन बनाए थे। अब अमित पासी ने भी उसी आंकड़े को छू लिया है अगर वो एक रन और बना लेते तो डेब्यू में ही वर्ल्ड रिकॉर्ड पारी उनके नाम दर्ज हो जाती।

### पासी ने 55 गेंद में 10 चौके और 9 छक्कों से 114 रन ठोके




## राजस्थान से जीता झारखंड

ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच में झारखंड ने राजस्थान को 36 रन से हरा दिया तो वहीं बंगाल की टीम को हरियाणा के खिलाफ हार मिली। बंगाल ने हरियाणा को 24 रन से हरा दिया। झारखंड की टीम ने 7 में से 7 मैच जीते और अंकतालिका में ग्रुप डी में 28 अंक के साथ पहले स्थान पर रहा तो वहीं हरियाणा की ये 7 में से 5वीं जीत रही और ये टीम 20 अंक के साथ ग्रुप सी में पहले स्थान पर रहा। झारखंड और राजस्थान के बीच खेले गए मैच में झारखंड ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 215 रन बनाए और इसके जवाब में राजस्थान की टीम 19.2 ओवर में 179 के स्कोर पर सिमट गई। झारखंड के लिए ओपनर विराट सिंह ने 36 गेंदों पर 5 छक्के और 4 चौकों के साथ 36 गेंदों पर 69 रन की पारी खेली तो वहीं कुमार कुशाग्र ने 37 गेंदों पर 55 रन बनाए जबकि रॉबिन मिंज ने 27 गेंदों पर 58 रन बनाए। राजस्थान के लिए करन लांबा ने 52 रन की पारी खेली तो वहीं राजस्थान के खिलाफ झारखंड के लिए सुशांत मिश्रा और अनुकूल रॉय ने 3-3 विकेट झटके।



## यूपी को हराकर बिहार ने जीता मुकाबला

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट में आखिरकार बिहार की टीम को 6 मैचों के बाद आखिरी लीग मैच में जीत मिल ही गई। इस मैच में बिहार के स्टार ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी नहीं खेले थे जिनका प्रदर्शन अगर एक शतक को छोड़ दें तो साधारण ही रहा था। बिहार ने अपना आखिरी लीग में इस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला और इस मुकाबले में यूपी ने पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 6 विकेट पर 124 रन ही बना पाई। बिहार को जीत के लिए 125 रन का ज्यादा मुश्किल टारगेट नहीं मिला था और इस टीम ने 19.2 ओवर में 4 विकेट पर 145 रन बनाकर मैच जीत लिया। बेशक बिहार को इस मैच में जीत मिली, लेकिन ये टीम अगले दौर से पहले ही बाहर हो चुकी है।



## विदर्भ ने आंध्र को हराया, यश ठाकुर ने झटके चार विकेट

**लखनऊ।** विदर्भ ने तेज गेंदबाज यश ठाकुर के चार विकेट की मदद से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अंतिम दौर के मैच में आंध्र को 19 रन से पराजित किया। आंध्र की टीम ग्रुप ए से मुंबई के साथ पहले ही अगले दौर में अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी है लेकिन अंतिम मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 154 रन बनाए। इसके जवाब में आंध्र की टीम नौ विकेट पर 135 रन नहीं बना सकी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ठाकुर ने 22 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने पहले मैच में पांच विकेट लिए थे और इस तरह से कुल 18 विकेट लेकर प्रतियोगिता में अपने अभियान का समापन किया। विदर्भ की पारी अमन मोखड़े (50) और विकेटकीपर बल्लेबाज अक्षय वाडकर (41) के इर्द-गिर्द घूमती रहीं।

### खबर संक्षेप



### बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए लियोन को बाहर किया: स्मिथ

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे एशेज टेस्ट में नाथन लियोन को अंतिम एकादश से बाहर रखने पर उठे विवाद को शांत करने की कोशिश करते हुए कहा कि यह फैसला बल्लेबाजी क्रम को मजबूत करने के लिए लिया गया था और स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज के खिलाफ कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं थी। यह पिछले 13 साल में पहला अवसर था जबकि लियोन को घरेलू टेस्ट मैच से बाहर किया गया। इस स्पिनर ने इसके बाद कहा था कि उनका मूड बेहद खराब है। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा था कि लियोन को केवल इस मैच के लिए बाहर किया गया। उन्होंने एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए इस 38 वर्षीय स्पिनर को अंतिम एकादश में जगह देने की गारंटी दी थी।

### आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में भारत को मिले छह पदक

**दोहा।** निशानेबाज जोरावर सिंह संधू पुरुषों के ट्रैप फाइनल में शुरुआती 10 शॉट में सात हिट के साथ सातवें स्थान पर रहे जबकि भारत ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में दो स्वर्ण सहित छह पदक के साथ अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ अभियान का अंत किया। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जोरावर लुसैल निशानेबाजी परिसर में शॉटगन प्रतियोगिताओं के आखिरी दिन अकेले भारतीय प्रतिस्पर्धी थे। जोरावर ने क्वालीफाइंग में 125 में से 119 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें अब नए आईएसएसएफ नियमों के अनुसार पहले के छह के बजाय आठ निशानेबाजों ने जगह बनाई।

### अभी भी पदक जीतने का एक मौका : कोच श्रीजेश

**चेन्नई।** सात बार की चैंपियन जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में 1-5 से करारी हार के बाद नौ साल बाद जूनियर विश्व कप जीतने का सपना टूटने के बावजूद भारतीय टीम के मुख्य कोच पीआर श्रीजेश ने कहा कि अभी भी टीम के पास पदक जीतने का एक मौका है और इसे गंवाना नहीं है। भारतीय टीम अब दस दिसंबर को कांस्य पदक के मुकाबले में अर्जेंटीना से खेलेगी जबकि फाइनल में स्पेन की टक्कर जर्मनी से होगी। सेमीफाइनल हारने के बाद श्रीजेश ने कहा, 'यह दिन खराब नहीं था लेकिन टीम अच्छा नहीं खेल सकी। हमारी जो अपेक्षाएं थी, हम उस स्तर पर खेल नहीं पाए। जब आप जूनियर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट का सेमीफाइनल खेल रहे हैं तो आसान मौके नहीं दे सकते।' उन्होंने कहा, 'हमे काफी मौके मिले लेकिन हम भुना नहीं सके। पेनल्टी कॉर्नर भी एक ही मिला जिस पर गोल तो हुआ लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कई बार विरोधी टीम बहुत अच्छा खेलती है तो आप बेसिक चीजें करना भूल जाते हैं।



### अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेगी टीम इंडिया

# भारत-द.अफ्रीका के बीच पहला टी20 आज, शुभमन और हार्दिक की वापसी

एजेंसी ▶▶| कटक

शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की वापसी से मजबूती हासिल करने वाली मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम 9 दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के साथ अगले साल स्वदेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली यह श्रृंखला फरवरी में होने वाले विश्व कप के लिए भारत की औपचारिक तैयारी का आगाज है।

विश्व कप से पहले भारतीय टीम 10 टी20 मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका के बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ भी पांच मैच की श्रृंखला खेलेगी। भारतीय टीम इन दोनों श्रृंखला में स्पष्ट नजरिए के साथ उतरेगी, जिसमें इसका मुख्य लक्ष्य विश्व कप से पहले खिलाड़ियों की भूमिका तय करना और उपयुक्त संयोजन तैयार करना होगा। विश्व कप में भारत अपना पहला मैच 7 फरवरी को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ खेलेगा।

### भारत ने टी20 में किया दमदार प्रदर्शन

पिछले वर्ष विश्व कप जीतने के बाद से भारत ने टी20 में दमदार प्रदर्शन किया है। विश्व कप में उसने लगातार आठ मैच जीतकर खिताब जीता था। तब से भारत ने अपनी जीत का आंकड़ा 26 मैच तक पहुंचा दिया है, जिसमें एशिया कप में लगातार सात मैच जीतना भी शामिल है। इस बीच भारतीय टीम को केवल चार मैच में हार मिली। इस अवधि में भारतीय टीम ने कोई टी20 श्रृंखला नहीं हारी है और अब उसका लक्ष्य उस टीम के खिलाफ अपनी धार को और अधिक मजबूत करना होगा, जिसे उसने टी20 विश्व कप फाइनल में हराया था।

मैच शाम 7 बजे से शुरू



### गिल के कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर

गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण बाहर हो जाने के बाद वापसी कर रहे हैं। पिछले आईपीएल से लगातार क्रिकेट खेलने के कारण और भारत के आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए उनके कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर रखी जाएगी। लेकिन 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 29.89 की औसत से 837 रन बनाने वाले गिल के लिए यह श्रृंखला आईसीसी प्रतियोगिता से पहले अच्छी तैयारी करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गिल की वापसी से अभिषेक शर्मा के साथ उनकी मजबूत सलामी जोड़ी बनेगी।



### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), ओटनिल बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक, डोनोवन फेरेरिया, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, ट्रिस्टन स्टब्स।

### भारत-अफ्रीका टी20 मैचों के टॉप 5 बैटर्स

| | |
|---|---|
| डेविड मिलर | 524 रन |
| रोहित शर्मा | 429 रन |
| विराट कोहली | 394 रन |
| सूर्यकुमार यादव | 372 रन |
| क्विंटन डिकॉक | 351 रन |

### अभिषेक का शानदार प्रदर्शन



अभिषेक शर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अब तक कुल 4 टी20 मुकाबले खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने इस टीम के खिलाफ 56 गेंदों का सामना करते हुए 97 रन बनाए हैं। उनका औसत 24.25 का रहा है जबकि स्ट्राइक रेट 173.21 का है, जो काफी बेहतरीन है। इस टीम के खिलाफ अभिषेक ने एक अर्धशतकीय पारी खेली है और बेस्ट स्कोर 50 रन है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों में अभिषेक ने 7 चौके और 9 छक्के लगाए हैं।

### संकट में न्यूजीलैंड, टेस्ट सीरीज से 3 खिलाड़ी बाहर




**क्राइस्टचर्च।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच न्यूजीलैंड की टीम संकट में है। मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिचेल सेंटनर शेष सीरीज से बाहर हो गए हैं। राइट आर्म मीडियम बॉलर क्रिश्चियन क्लार्क को न्यूजीलैंड के खेमे में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज मैट हेनरी काफ इंजरी से जूझ रहे हैं, जबकि नाथन स्मिथ को साइड इंजरी है। ये दोनों ही खिलाड़ी क्राइस्टचर्च में सीरीज के पहले टेस्ट के दौरान घायल हो गए थे। वहीं, ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर अपनी ग्रोइन की समस्या से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, "नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के गेंदबाज क्रिश्चियन क्लार्क वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले वेलिंगटन में टेस्ट टीम में शामिल होंगे। क्रिश्चियन आपका स्वागत है। मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिचेल सेंटनर वेस्टइंडीज के विरुद्ध शेष टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। इन खिलाड़ियों को बहुत जल्द वापस देखने का इंतजार है।"

### पॉवेल की धमाकेदार पारी, दुबई कैपिटल्स ने अबूधाबी को हराया

**दुबई।** वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल की धमाकेदार पारी की मदद से दुबई कैपिटल्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को 83 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। पॉवेल ने 52 गेंदों पर नाबाद 96 रन बनाए जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल हैं। उन्होंने जॉर्डन कॉक्स (32 गेंदों पर 52 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी की, जिससे दुबई कैपिटल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए चार विकेट पर 186 रन बनाए। इसके जवाब में नाइट राइडर्स की टीम 15.3 ओवर में 103 रन पर ढेर हो गई और दुबई कैपिटल्स ने आसान जीत हासिल की।

स्पेनिश फुटबॉल

## 9 खिलाड़ियों के साथ खेला रियाल मैड्रिड, घरेलू मैदान पर मिली हार




एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियाल मैड्रिड को 9 खिलाड़ियों के साथ खेलने की भारी कीमत चुकानी पड़ी और वह स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में सेल्टा विगो के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 से हार गया।

रियाल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में यह पहली पराजय है। इससे वह बार्सिलोना से खिताब की दौड़ में भी पिछड़ गया है। रियाल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में जल्दी ही गोल खा लिया। इसके बाद उसके दो खिलाड़ियों फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास को रेड कार्ड दिखाए गए, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। मैड्रिड के बेंच पर बैठे खिलाड़ी एंड्रिक को भी शिकायत करने पर रेड कार्ड दिखाया गया। विलियट स्वेडबर्ग ने 54वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट के पास से एक बेहतरीन फ्लिक से सेल्टा विगो के लिए पहला गोल किया। रियाल मैड्रिड ने 64वें मिनट में गार्सिया को और स्टॉपेज टाइम में कैरेरास को खो दिया। मैड्रिड के नौ खिलाड़ियों पर सिमट जाने के कुछ ही देर बाद स्वेडबर्ग ने गोल करके सेल्टा विगो की जीत पक्की कर दी।

### रियाल मैड्रिड की टीम बार्सिलोना से चार अंक पीछे

इस हार से रियाल मैड्रिड की टीम बार्सिलोना से चार अंक पीछे हो गई है। बार्सिलोना ने रियाल बेटिस पर 5-3 से जीत हासिल की थी। रियाल मैड्रिड तीसरे स्थान पर काबिज विलारियल से केवल एक अंक आगे है, जिसके पास एक अतिरिक्त मैच बचा हुआ है। अन्य मैचों में गिरोना को घरेलू मैदान पर एल्चे के हाथों 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। एस्पेनयोल ने रेयो वैलेकानो को 1-0 से हराकर लीग में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। वेलेंसिया ने सेविला के साथ घरेलू मैदान पर 1-1 से ड्रॉ खेला।

## शाकिब का कबूलनामा, कहा जानबूझकर की थी चकिंग

**लंदन।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने स्वीकार किया कि शारीरिक थकान के कारण उन्हें सरे की तरफ से खेलते हुए इंग्लिश काउंटी मैच के दौरान जानबूझकर चकिंग (गलत एक्शन से गेंदबाजी करना) का सहारा लेना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन को इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से आयोजित की जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया था। पिछले दिसंबर 2024 में लॉफबोरो विश्वविद्यालय में एक स्वतंत्र जांच में शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को अवैध पाया गया था। अंपायरों ने टांटन में समरसेट के खिलाफ सरे के प्रथम श्रेणी मैच के दौरान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को लेकर शिकायत की थी। इस मैच की दो पारियों में शाकिब अल हसन ने लगभग 65 ओवर गेंदबाजी की थी।




## जीत के बाद टीम इंडिया को मिली सजा रायपुर वनडे में कर बैठी ब्लंडर

एजेंसी ▶▶| दुबई

साउथ अफ्रीका के विरुद्ध वनडे सीरीज 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम पर जुर्माना लगा है। रायपुर में 3 दिसंबर को खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में धीमे ओवर-रेट के लिए टीम इंडिया पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईसीसी की ओर से जारी बयान में कहा गया, खिलाड़ियों और प्लेयर सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनकी टीम की ओर से निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। केएल राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम ने टाइम अलाउंस को ध्यान में रखते हुए टारगेट से दो ओवर कम फेंके, जिसके बाद आईसीसी एलीट पैनल के मेंबर रिची रिचर्डसन ने यह सजा सुनाई। केएल राहुल ने गलती स्वीकार करते हुए प्रस्तावित सजा पर सहमति जताई, जिससे आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर रोड टकर और रोहन पंडित, तीसरे अंपायर सैम नोगास्की और चौथे अंपायर जयरमन मदनगोपाल ने आरोप लगाए थे।




- भारतीय टीम ने टारगेट से दो ओवर कम फेंके
- स्लो ओवर रेट की वजह से जुर्माना, भारतीय प्लेयर्स की 10% फीस कटी

### जूनियर महिला हॉकी वर्ल्ड कप में टॉप-10 की उम्मीद बरकरार

# भारत की दमदार वापसी: वेल्स को 3-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| सैंटियागो (चिली)

क्वार्टर फाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके भारत ने एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में वेल्स पर 3-1 की शानदार जीत के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चिली के सैंटियागो में खेले गए मैच में भारत की ओर से हिना बानो (14वें मिनट), सुनलिता टोप्पो (24वें) और इशिका (31वें) ने गोल किए। वेल्स के लिए एलोइस मोट (52वें) ने गोल किया।

### हिना, सुनलिता, इशिका ने दागे गोल



### भारत क्वार्टर फाइनल की रेस से पहले ही बाहर

भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम क्वार्टर फाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। वेल्स के खिलाफ मैच में भारत ने मैच पर शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। भारत को पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन शुरुआत में गोल नहीं कर पाईं। वेल्स को भी इस बीच पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए बढ़त बनाने का मौका मिला, लेकिन भारतीय गोलकीपर निधि ने उनके खिलाड़ियों के प्रयास विफल कर दिए और स्कोर बराबर बनाए रखा।

### दूसरे हाफ तक भारत ने दागे 3 गोल

भारत ने दूसरे हाफ के शुरू में ही अपनी बढ़त 3-0 कर ली, जब वेल्स की गोलकीपर से मिले रिबाउंड पर इशिका ने गोल कर दिया। भारत ने लगातार मौके बनाते हुए वेल्स को उसके ही हाफ में पीछे धकेलते हुए तीसरा क्वार्टर समाप्त किया। भारत चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी गोल करने के लिए प्रयास करता रहा।

### वेल्स ने 52वें मिनट में किया गोल

दूसरी तरफ वेल्स को एक मौका मिला और एलोइस मोट (52वें मिनट) ने इसका फ़ायदा उठाते हुए अपनी टीम के लिए एकमात्र गोल किया। भारत का अगला मुकाबला 9 दिसंबर को उरुग्वे से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम ओवरऑल सूची में नौवें स्थान के लिए, जबकि हारने वाली टीम 11वें स्थान के लिए मैच खेलेगी।




जल्द ही राज्य सरकार करेगी सम्मानित

# पर्वतारोही भावना डेहरिया को मिलेगा विक्रम अवॉर्ड, हाई कोर्ट ने स्टे हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माउंट एवरेस्ट फतह कर प्रदेश का नाम रोशन करने वाली पर्वतारोही भावना डेहरिया को अब विक्रम अवॉर्ड मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने सोमवार को उनके चयन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी और राज्य सरकार के निर्णय को सही ठहराया। न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा कि 2023 के एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगरी के लिए राज्य सरकार द्वारा लिया गया निर्णय नियमों के अनुरूप है और इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं है। यह महत्वपूर्ण जानकारी एडवोकेट अनुनय श्रीवास्तव, जो मामले में भावना डेहरिया की ओर से उपस्थित थे, ने साझा की। वहीं, राज्य सरकार की ओर से इस मामले में डिप्टी एडवोकेट जनरल श्रेय राज सक्सेना ने प्रभावी तरीके से पक्ष रखा, जिसे न्यायालय ने स्वीकार किया।



## पाटीदार नहीं वर्ष 2023 के पुरस्कार के पात्र, कोर्ट ने दावा किया अस्वीकार

यह याचिका मधुसूदन पाटीदार द्वारा दायर की गई थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि वे भावना डेहरिया से वरिष्ठ हैं और उन्हें ही पुरस्कार मिलना चाहिए। हालांकि न्यायालय ने पाया कि पाटीदार का एवरेस्ट आरोहण वर्ष 2017 का है, जो मध्य प्रदेश पुरस्कार नियम, 2021 के अनुसार निर्धारित पांच वर्ष की पात्रता अवधि से बाहर है। नियम 5 के अनुसार एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगरी में केवल पिछले पाँच वर्षों के उपलब्धियों को ही मान्य किया जा सकता है। इस आधार पर अदालत ने कहा कि पाटीदार वर्ष 2023 के पुरस्कार के लिए पात्र ही नहीं थे, इसलिए उनका दावा सही रूप से अस्वीकार किया गया। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार द्वारा आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया वर्ष 2021, 2022 और 2023 में नियमों के अनुरूप रही है, इसलिए अपर्याप्त जानकारी या नोटिस न देने का आरोप भी टिकाऊ नहीं है। याचिका 'निर्मूल' पाए जाने के बाद अब भावना डेहरिया को विक्रम अवॉर्ड प्रदान करने में कोई बाधा नहीं रही। राज्य सरकार जल्द ही उन्हें आधिकारिक समारोह में सम्मानित करेगी।

### पांच महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटियों पर फहरा चुकी हैं तिरंगा

छिंदवाड़ा जिले के तामिया गांव की निवासी भावना डेहरिया ने दुनिया की पाँच महाद्वीपीय सबसे ऊंची चोटियों पर भारत का तिरंगा फहराया है, जिनमें माउंट एवरेस्ट (एशिया), किलिमंजारो (अफ्रीका), कोज़िउस्को (ऑस्ट्रेलिया), एलब्रस (यूरोप), अकोंकागुआ (दक्षिण अमेरिका) शामिल हैं।

### मध्य प्रदेश से एवरेस्ट फतह करने वाली पहली महिलाओं में शामिल हैं भावना

भावना डेहरिया मध्य प्रदेश से एवरेस्ट फतह करने वाली पहली महिलाओं में शामिल हैं और अब एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगरी में विक्रम अवॉर्ड पाने वाली पहली महिला भी बनेंगी। वे और उनकी चार वर्षीय बेटी सिद्धि, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर भी हैं। भारतीय हिमालय को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने एक अनूठा गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी हासिल किया है। भावना ने कहा कि यह पुरस्कार उनके साहस, लगन और पर्वतारोहण में समर्पण का सम्मान है।

उमंग इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट में दिव्यांग खिलाड़ियों ने किया अपने जोश-जज्बे का प्रदर्शन

# व्हीलचेयर क्रिकेट भारत ने श्रीलंका को तो मप्र ने राजस्थान को हराया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईश्वर कुछ कमी देता है तो कुछ,छ ज्यादा भी देता है, यह देखने को मिल रहा है उमंग इंटरनेशनल पुरुष व्हीलचेयर क्रिकेट व राष्ट्रीय अस्थिबाधित महिला टूर्नामेंट में, हैरतअंगेज करतब करते हुए दिव्यांग खिलाड़ियों को अपने जोश,जज्बे और हुनर प्रदर्शन करते हुए। उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित उमंग इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट में दो देश (भारत, श्रीलंका) व अस्थिबाधित महिला चार राज्यों (मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र,झारखंड) टीम हिस्सा ले रही हैं। यह आयोजन भोपाल के ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेला जा रहा है। टूर्नामेंट 8 दिसंबर से शुरू हो चुका है जो 11 दिसंबर तक चलेगा। मुख्य अतिथि विधायक भगवान दास सबनानी के साथ कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त चेयरमैन मध्य प्रदेश वक़्फ़ बोर्ड सनव्वर पटेल, राघवेंद्र शर्मा, श्वेता चौकसे, करण खुराना की गरिमा में उपस्थिति में इस व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट व राष्ट्रीय अस्थिबाधित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ।

## भारत ने 10 विकेट से जीता उद्घाटन मैच

भारत व श्रीलंका के बीच हुए उद्घाटन मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का निर्णय लिया श्रीलंका मात्र 37 रन पर ऑल आउट हो गई। भारत ने यह लक्ष्य बिना विकेट खोये दस विकेट से जीत लिया। इस प्रथम मैच के मैन ऑफ द मैच परशुराम रहे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रमुख सचिव सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।

### महिला अंपायरों ने की अंपायरिंग

टूर्नामेंट की एक विशेषता यह भी थी कि भोपाल शहर में प्रथम बार महिलाओं के क्रिकेट में महिला अंपायर अंपायरिंग करती हुई दिखाई दी। पहली बार दर्शकों के लिए एक लकी ड्रा भी रखा गया जिसमें रोज डायमंड रिंग एमजी ज्वेलर्स के द्वारा दी जाएगी। आज की डायमंड रिंग बबीता विनोद सूर्यवंशी की लकी ड्रा में निकली लकी ड्रॉ एमजी ज्वेलर्स योगेश सोनी द्वारा निकाला गया।

### अस्थि बाधित महिला की टीम का मैच मप्र ने 8 विकेट से जीता

मध्यप्रदेश व राजस्थान के बीच दूसरा मैच हुआ, जिसमें राजस्थान ने टॉस जीतकर फील्डिंग का निर्णय लेकर मध्यप्रदेश की टीम को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। मध्यप्रदेश ने निर्धारित ओवरों में 76 रन पर दो विकेट खोकर बनाए। राजस्थान की टीम 68 रन ही बना पाई और मध्यप्रदेश ने यह मैच 8 रन से जीत लिया। मप्र की आशा ने 33 रन बनाने के साथ ही एक विकेट भी लिया, जिससे वे आज की मैन ऑफ द मैच रहीं। उमंग की संस्थापक दीप्ति पटवा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



आरजीपीवी राज्यस्तरीय वेटलिफ्टिंग (पुरुष) प्रतियोगिता

# तीन स्वर्ण और 2 रजत पदकों के साथ भोपाल नोडल बना ओवरऑल चैंपियन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर स्टेडियम में एलएनसीटी द्वारा आयोजित आरजीपीवी राज्यस्तरीय वेटलिफ्टिंग (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में जबलपुर, उज्जैन, इंदौर, सागर तथा भोपाल सहित विभिन्न नोडलों के 40 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया ।

60 किग्रा वेट कैटेगरी में भोपाल नोडल के सी. एच रोहित सिंघा ने स्वर्ण पदक, जबलपुर नोडल के सिद्धार्थ ने रजत पदक प्राप्त किया। 65 किग्रा वेट कैटेगरी में जबलपुर नोडल के वंश कुशवाहा ने स्वर्ण पदक, रूद्र शर्मा भोपाल नोडल ने रजत पदक प्राप्त किया। 71 किग्रा वेट कैटेगरी में भोपाल नोडल के कार्तिक राजपूत ने स्वर्ण पदक, इंदौर नोडल के धीरज सिंह के ने रजत पदक प्राप्त किया। 79 किग्रा वेट कैटेगरी (पुरुष वर्ग) मे इंदौर नोडल के रोशन साहू ने स्वर्ण पदक, उज्जैन नोडल के गौतम विश्वास ने रजत पदक प्राप्त किया। 88 किग्रा वेट कैटेगरी (पुरुष वर्ग) में भोपाल नोडल के विशाल कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 94 किग्रा वेट कैटेगरी (पुरुष वर्ग) में जबलपुर नोडल के विवेक सिंह ने स्वर्ण पदक, भोपाल नोडल के सुमित सोनी ने रजत पदक प्राप्त किया। 110 किग्रा वेट कैटेगरी (पुरुष वर्ग) में इंदौर नोडल के ओम पुरोहित ने स्वर्ण पदक, सागर नोडल के सूयेश जैन ने रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेस्ट का अवार्ड जबलपुर नोडल के वंश कुशवाहा को दिया गया। इस तरह 3 स्वर्ण पदक और 2 रजत पदक के साथ भोपाल नोडल बना ओवरऑल चैंपियन तथा 2 स्वर्ण पदक और 1 रजत पदक के साथ जबलपुर नोडल दूसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ के टी चतुर्वेदी डीएसडब्ल्यू आरजीपीवी भोपाल, पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, डॉ डी एस दारा, मुकेश त्रिपाठी ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ी सेज भोपाल मे आयोजित होने वाली साउथ वेस्ट जोन वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में आरजीपीवी भोपाल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

एमएम जगदाले ट्रॉफी में रीवा और भोपाल डिवीज़न तीन दिवसीय मैच

# भोपाल के ग्रंथ और पृथ्वी ने खेली शानदार नाबाद शतकीय पारी

दूसरे दिन का स्कोर
भोपाल डिवीजन ने कल के स्कोर 3/143 से आगे खेलते हुए 135 ओवरों में 3 विकेट पर 422 रन बनाकर पारी घोषित की।

रीवा डिवीजन ने दिन का खेल खत्म होने तक 17 ओवर में 2 विकेट पर 28 रन बनाए। मंगलवार को मैच का तीसरा व अंतिम दिन है।



राजगढ़ के योगेश यादव को मैन ऑफ द मैच से पुरस्कृत करते बीडीसीए के संदीप डोंगर सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर -15 बॉयज इंटर डिवीज़नल एम. एम.जगदाले ट्रॉफी, (तीन दिवसीय) मल्टी-डे, रीवा में आयोजित की जा रही है। सोमवार को भोपाल और रीवा के बीच खेले जा रहे मैच में दूसरे दिन भोपाल डिवीजन ने कल के स्कोर 3/143 से आगे खेलते हुए 135 ओवरों में 3 विकेट पर 422 रन बनाकर पारी घोषित की, जिसमें ग्रंथ प्रजापति 168 और पृथ्वीराज 167 रनों पर नाबाद रहे । इस तरह ग्रन्थ प्रजापति और पृथ्वीराज के बीच 342 रन की पार्टनरशिप हुई। रीवा के उत्कर्ष तिवारी ने 2 और अभिनव सोनी ने 1 विकेट लिया। रीवा डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 17 ओवरों मे 2 विकेट पर 28 रन बना लिए हैं, जिसमें आदित्य द्विवेदी 13 और आरिश हयात 8 रन पर खेल रहे हैं । भोपाल डिवीजन के रूद्र तेनगुरिया और देव कनौजिया ने 1-1 विकेट लिया। कल तीसरे व अंतिम दिन का खेल खेला जाएगा ।

## अंडर 18 बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट मैच में राजगढ़ ने रायसेन डिस्ट्रिक्ट को हराया

बीडीसीए द्वारा विदिशा में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर -18 बॉयज में रायसेन और राजगढ़ के बीच मैच खेला गया, रायसेन ने 38 ओवर में 103 रन बनाए। इनमें स्वरित सेन ने 19 और अंश बेलदार ने 17 रन बनाए । राजगढ़ से योगेश यादव ने 4, रामपाल, दक्ष और विनायक पाटीदार ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में राजगढ़ नें 13.3 ओवर में बिना किसी नुकसान के 104 रन बना लिए, जिसमें योगेश यादव 78 रन पर और मानवेन्द्र सिंह 12 रन पर नाबाद रहे। इस तरह राजगढ़ ने रायसेन डिस्ट्रिक्ट को 10 विकेट से हराया ।

**एस अकादमी ने अभय गोस्वामी अकादमी को हराया-** स्व. जी.एस.पठानिया 'सर' अंडर -18 बॉयज इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में बाबे अली मैदान पर एस अकादमी और अभय गोस्वामी अकादमी के मध्य मैच खेला गया। एस अकादमी नें 42.2 ओवर में 117 रन बनाए, जिसमें सुहान युसूफ ने 33, मूर्तजा नसीत ने 22 रन का योगदान दिया । जवाब में अभय गोस्वामी अकादमी 116 रन ही बना सकी। एस अकादमी से ज्यान अली ने 3 और प्रियांक धाकड़ और मनमोहन नें 2-2 विकेट लिए । इस तरह एस अकादमी ने अभय गोस्वामी अकादमी को 1 रन से हराया।


प्रियांक धाकड़

### मयंक चतुर्वेदी और संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी के बीच दो दिनी मुकाबला शुरू

पहले दिन का स्कोर
मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी- 64.5 ओवर में 360 रन
संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी-24 ओवर में 1 विकेट पर 42 रन

बीडीसीए अंडर - 18 बॉयज में कैप क्रिकेट मैदान पर (दो दिवसीय) मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी और संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच प्रारम्भ हुआ। मयंक चतुर्वेदी ने 64.5 ओवर में 360 रन बनाए, जिसमें ऋषभ पांडे ने 133 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। वहीं, अनय जैन ने 70 और अक्षत कुमार ने 53 रन बनाए । संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी से शिवांक त्रिपाठी, मृदुल, विश्वजीत और अर्णव सिंह नें 2-2 विकेट लिए । जवाब में संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 24 ओवर में 1 विकेट पर 42 रन बना लिए हैं, जिसमें शिवांक त्रिपाठी 22 रनों पर नाबाद खेल रहे हैं । मयंक चतुर्वेदी से गेंदबाजी में अर्णव पुंधीर ने 1 विकेट लिया। कल मैच का दूसरा वह अंतिम दिन का खेल खेला जाएगा ।


ऋषभ पाण्डेय 133 रन, मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी

## विश्वास सारंग अकादमी ने यंगस्टर को हराया,ऑलराउंड प्रदर्शन कर वंश बॉथम बने मैच के हीरो

**भोपाल।** विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में आयोजित सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी और यंगस्टर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने 10 विकेट के नुकसान पर 236 रन बनाए। इनमें दक्ष सक्सेना ने शानदार 77 , क्षितिज ने 38 औ वंश बॉथम ने 32 रन बनाए।



यंगस्टर के आयात और सुशांत ने 2-2 विकेट लिए। यंगस्टर क्रिकेट अकादमी मात्र 48 रन ही बना सकी, जिसमें वंश बॉथम ने 5 और कबीर अग्रवाल ने 3 विकेट लिए। सुखमनप्रीत ने 19 रन बनाए और विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने यह मैच जीत लिया। वंश बॉथम को ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930